ಶುಭ್ ಲಾಭ್
खबरें जो सोच बदल दे
# शुभ लाभ
DAILY
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र




कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन @ नम्मा बेंगलूरु

Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 | सोमवार, 29 अप्रैल, 2024 | हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित | epaper.shubhlabhdaily.com | संपादक : गोपाल अग्रवाल | पृष्ठ : 14 |*| मूल्य-6 रु.| वर्ष-6 | अंक-119

कर्नाटक में पीएम मोदी ने जनसभाओं को किया संबोधित

# कांग्रेस के शहजादे ने राजा महाराजाओं का किया अपमान

- वायनाड सीट जीतने के लिए कांग्रेस राष्ट्र विरोधी संगठन पीएफआई की मदद ले रही
- कांग्रेस ने पहले कोरोना वैक्सीन फिर ईवीएम की बहाने भारत को पूरी दुनिया में किया बदनाम
- कांग्रेस देशहित से इतना दूर हो चुकी है कि उसे देश की उपलब्धियां अच्छी नहीं लगती





**बेंगलुरु, 28 अप्रैल (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार से कर्नाटक दौरे पर हैं। पीएम मोदी समाचार लिखे जाने तक बेलगावी, उत्तर कन्नड़ और दावणगेरे में सभाएं कर चुके हैं। मोदी ने कहा- कांग्रेस को देश की उपलब्धियां अच्छी नहीं लगती। उन्होंने पहले कोरोना वैक्सीन पर सवाल उठाए फिर ईवीएम के बहाने पूरी दुनिया में भारत को बदनाम करने की कोशिश की। प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के शहजादे को हमारे राजा-महाराजाओं के योगदान याद नहीं आते। ये वोटबैंक की राजनीति के लिए राजा-महाराजाओं के खिलाफ बोलने की हिम्मत करते हैं और नवाबों, बादशाहों और सुल्तानों के खिलाफ एक शब्द बोलने की ताकत नहीं रखते है।

पीएम ने कहा- तुष्टिकरण ही कांग्रेस का लक्ष्य और मिशन है। पीएफआई एक राष्ट्र विरोधी संगठन जिसे हमारी सरकार ने प्रतिबंधित कर दिया था, कांग्रेस अपने राजनीतिक फायदे के लिए एक माध्यम के रूप में इसका इस्तेमाल कर रही है। वायनाड में सिर्फ एक सीट जीतने के लिए कांग्रेस ऐसे आतंकी संगठन का बचाव करने में जुटी है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत जब मजबूत होता है तो हर भारतीय खुश होता है लेकिन कांग्रेस देशहित से इतना दूर हो चुकी है कि उसे देश की उपलब्धियां अच्छी नहीं लगती। भारत की हर सफलता पर उन्हें शर्म आने लगी है। उन्होंने ईवीएम के बहाने पूरी दुनिया में भारत को बदनाम करने की कोशिश की। पीएम मोदी ने हुबली के एक कॉलेज में 18 अप्रैल को कांग्रेस पार्षद की बेटी नेहा की हत्या की भी चर्चा की। नेहा को सरेआम फयाज ने चाकू मारकर हत्या कर दी थी।

उन्होंने कहा- हुबली में कॉलेज कैंपस में जो हुआ उसने देश में भूचाल ला दिया है, उस बेटी का परिवार एक्शन की मांग करता रहा लेकिन कांग्रेस की सरकार तुष्टिकरण के दबाव को ही प्राथमिकता देती है। उन्हें अपने वोट बैंक की चिंता है। प्रधानमंत्री ने बेंगलुरु के कैफे में हुए बम धमाके का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा- बेंगलुरु के कैफे में धमाका हुआ तो भी कांग्रेस की सरकार में गंभीरता नहीं आई, उन्होंने यहां तक कह दिया कि गैस का सिलेंडर फटा होगा। कांग्रेस देश की जनता के आंखों में धूल क्यों झोंक रही है? पीएम मोदी बोले कांग्रेस के शहजादे का कहना है कि भारत के राजा, महाराजा अत्याचारी थे, वे गरीबों की जमीन छीन लेते थे। कांग्रेस के शहजादे ने छत्रपति शिवाजी महाराज, रानी चिनम्मा का अपमान किया है। कांग्रेस के शहजादे का बयान सोच-समझकर वोट बैंक की राजनीति करने के लिए, तुष्टीकरण के लिए दिया गया बयान है।

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस को औरंगजेब के अत्याचार याद नहीं आते, जिसने हमारे सैकड़ों मंदिरों को तोड़ा, अपवित्र किया। कांग्रेस औरंगजेब की गुणगान करने वाली पार्टियों के साथ खुशी से गठबंधन करती है। ये भूल गए, जिन्होंने हमारे तीर्थों को तहस-नहस किया, लूटपाट किया, गौ हत्याएं की।

अखिलेश के गढ़ मैनपुरी में गरजे अमित शाह

# यूपी में दो शहजादे मोदी के खिलाफ कर रहे अनर्गल प्रचार



### तीसरे चरण में भी नहीं खुलेगा विरोधियों का खाता
### पहले प्रदेश से जनता पलायन करती थी, अब गुंडे भाग रहे

**मैनपुरी 28 अप्रैल (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश के गृहमंत्री अमित शाह ने मैनपुरी में रविवार को चुनावी सभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि तीसरे चरण के चुनाव में विरोधियों का खाता भी नहीं खुल पायेगा। यहां किशनी के डीपीएस स्कूल के खेल मैदान में बीजेपी प्रत्याशी जयवीर सिंह ठाकुर के समर्थन में आयोजित एक चुनावी सभा में गृहमंत्री ने कहा कि भाजपा के उत्तर प्रदेश में 80 की 80 सीटें जीतने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मैनपुरी से जयवीर सिंह को भारी बहुमत से विजयी बनाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गारंटी दी है कि 2029 तक नि:शुल्क अनाज उपलब्ध कराने की योजना जारी रहेगी। मोदी सरकार में सड़कों,हवाई अड्डों, मेडीकल कालेजों के निर्माण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया गया है। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में कानून का राज स्थापित हुआ है,पहले प्रदेश से जनता पलायन करती थी, अब गुंडे प्रदेश छोड़कर भाग गए हैं।

श्री शाह ने कहा कि समाजवादी पार्टी के मुखिया ने अपने परिवार के पांच सदस्यों को लोकसभा चुनाव में उतार कर सिद्ध कर दिया है कि सपा पार्टी परिवारवादी पार्टी है। समाजवादी पार्टी खुद को यादवों का हमदर्द बताती है, लेकिन चुनाव के समय कोई और यादव नहीं मिलता, तब कुनबा नजर आता है। उन्होंने कहा कि समय आ गया है परिवार वादी पार्टी को खत्म कर कमल खिलाने का। अखिलेश यादव खुद कन्नौज से लड़ रहे हैं और मैनपुरी से उनकी पत्नी, फिरोजाबाद, आजमगढ़ व बदायूँ से उनके चाचा, ताऊ के लड़के चुनाव लड़ रहे हैं। मोदीजी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। पहले और दूसरे चरण में बीजेपी के पक्ष में लहर चली और 100 सीटों पर पार्टी के प्रत्याशी विजयी हो रहे हैं। विरोधियों का तीसरे चरण में भी खाता नहीं खुलेगा।

रक्षा मंत्री राजनाथ की दो टूक

## भारत न कभी कहीं झुका है और न ही झुकेगा



**अहमदाबाद, 28 अप्रैल (एजेंसियां)।** भारत सैन्य रूप से एक शक्तिशाली देश बन गया है। हम अपने पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहते हैं। यह कहना है कि देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का। अहमदाबाद में उन्होंने एक चुनावी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने राहुल गांधी द्वारा चीन को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए कहा कि भारत और चीन के बीच बातचीत सुचारू रूप से चल रही है। भारत कभी नहीं झुकेगा। मुझे लगता है कि हमें बातचीत के नतीजों का इंतजार करना चाहिए। मैं देश के लोगों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि भारत न कभी कहीं झुका है और न ही झुकेगा।

केंद्रीय मंत्री ने विश्वास जताया कि भारत का रक्षा निर्यात आने वाले समय में और बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि 2104 में हमने 600 करोड़ की रक्षा सामाग्री निर्यात की थी लेकिन आज 2023-24 में यह आंकड़ा 21 हजार करोड़ रुपए को पार कर गया है। मैं कह सकता हूं कि यह अभी और बढ़ेगा। मोदी सरकार इस बात के लिए प्रतिबद्ध है कि रक्षा वस्तुएं फिर चाहे वह मिसाइल हो, बम हो, टैंक हो या फिर कोई अन्य हथियार वह सिर्फ भारत में और भारतीयों द्वारा ही बनाई जानी चाहिए। मई 2020 में चीन की सैन्य घुसपैठ के चलते गलवान घाटी में विवाद बढ़ा, जो दशकों में भारत और चीन के बीच सबसे गंभीर सैन्य विवाद था। चीनी सेना के मुताबिक, दोनों पक्ष अब तक चार बिंदुओं गलवान घाटी, पैंगोंग झील, हॉट स्प्रिंग्स और जियानान दबन (गोगरा) पर पीछे हटने पर सहमत हुए हैं, जिससे सीमा पर तनाव कम करने में मदद मिलेगी। लेकिन देपसांग और डेमचोक में एक समान समझौते पर पहुंचने को लेकर बातचीत में गतिरोध आ गया, जहां भारतीय पक्ष ने दो लंबित मुद्दों के समाधान के लिए दबाव डाला।

कांग्रेस नेताओं के बीच मतभेद खुलकर सामने आ गए

## दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने दिया इस्तीफा



**नई दिल्ली, 28 अप्रैल (एजेंसियां)।** दिल्ली में लोकसभा चुनाव से ठीक 28 दिन पहले रविवार को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को चिट्ठी लिखी। चार पेज की चिट्ठी में उन्होंने लिखा- दिल्ली कांग्रेस इकाई उस पार्टी के साथ गठबंधन के खिलाफ है, जो कांग्रेस पार्टी के खिलाफ झूठे, मनगढ़ंत और दुर्भावनापूर्ण भ्रष्टाचार के आरोप लगाने के आधार पर बनी थी। इसके बावजूद पार्टी ने दिल्ली में आपा के साथ गठबंधन करने का फैसला किया।

सूत्रों के मुताबिक, लवली का इस्तीफा मंजूर कर लिया गया है। जल्द ही नए अध्यक्ष की घोषणा होगी। कांग्रेस ने 31 अगस्त 2023 को लवली को अध्यक्ष बनाया था। लवली के इस्तीफे के बाद अब पार्टी नेताओं के बीच मतभेद खुलकर सामने आ गए हैं। ओखला से कांग्रेस के दो बार के विधायक रह चुके आसिफ मोहम्मद खान ने कहा- पार्टी में मतभेद हो सकते हैं। अगर लवली निराश थे, इस्तीफा देना चाहते थे तो वे चुपचाप मल्लिकार्जुन खड़गे को अपना इस्तीफा सौंप देते।

जिस तरह के कारणों का जिक्र उन्होंने खड़गे को भेजी चिट्ठी में किया है, अगर उनकी मंशा खराब नहीं होती तो वे चुपचाप अपना इस्तीफा दे देते। एक तरह से उन्होंने जो पत्र खुले तौर पर मीडिया को जारी किया है, वह सीधे तौर पर बीजेपी को फायदा पहुंचा रहा है। मैं इतना कह सकता हूं कि भाजपा एक-दो दिन में हर्ष मल्होत्रा की जगह लवली को पूर्वी दिल्ली से अपना उम्मीदवार घोषित कर देगी। आसिफ मोहम्मद के इस बयान के बाद लवली समर्थकों ने मीडिया के सामने उनके साथ धक्का-मुक्की की। वहीं लवली ने कहा कि वे कांग्रेस में ही हैं, किसी और पार्टी में नहीं जा रहे।

चुनाव आयोग ने आपा को कैंपेन गीत में बदलाव का दिया निर्देश, कहा

## इससे खराब हो रही न्यायपालिका की छवि



**नई दिल्ली, 28 अप्रैल (एजेंसियां)।** चुनाव आयोग ने आम आदमी पार्टी (आपा) को अपने इलेक्शन कैंपेन सॉन्ग में बदलाव करने को कहा है। चुनाव आयोग ने केबल टेलीविजन नेटवर्क रूल्स, 1994 और ईसीआई गाइडलाइन्स का हवाला देते हुए आपा को सॉन्ग में बदलाव करके उसे दोबारा सब्मिट करने को कहा है। सॉन्ग को चेक करने के बाद ही उसे सर्टिफिकेट दिया जाएगा।

ईसीआई ने कहा कि सॉन्ग की लाइन जेल के जवाब में हम वोट देंगे के साथ आक्रोशित भीड़ नजर आ रही है। इस भीड़ के हाथ में जेल की सलाखों के पीछे अरविंद केजरीवाल की तस्वीर है। इस तरह के पिक्चराइजेशन से न्यायपालिका की छवि खराब होती है। इसके अलावा ईसीआई ने ये भी कहा कि जेल के जवाब में वोट वाली लाइन कई बार दोहराई गई है, जो कि केबल टेलीविजन नेटवर्क रूल्स, 1994 के तहत प्रोग्राम एंड एडवर्टाइजिंग कोड की ईसीआई गाइडलाइन और रूल (1(जी) का उल्लंघन करता है।

इसके जवाब में आतिशी ने कहा कि एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी ने अपनी तानाशाही का सबूत जनता के सामने रख दिया है। तानाशाही सरकारों का ये भी दूसरा लक्षण होता है कि दूसरी पार्टियों को प्रचार करने रोका जाता है। भारतीय जनता पार्टी के एक और राजनीतिक हथियार चुनाव आयोग ने एक पत्र के माध्यम से आम आदमी पार्टी के कैंपेन सॉन्ग पर रोक लगा दी है। ये भारत के इतिहास में पहली बार हुआ है, जब चुनाव आयोग ने किसी पार्टी के कैंपेन सॉन्ग पर रोक लगाई है। आतिशी ने कहा कि जब भाजपा रोजाना आचार संहिता का उल्लंघन करती है, तो यही इलेक्शन कमीशन इसे नजरअंदाज कर देता है। चुनाव आयोग का कहना है कि हमारा कैंपेन सॉन्ग सीबीआई और ईडी के डायरेक्टर्स को गलत तरीके से पेश कर रहा है।

## भारत ने फिर दिखाई दरियादिली, पाकिस्तान की 19 साल की बेटी को दी नई जिंदगी

**चेन्नई, 28 अप्रैल (एजेंसियां)।** पाकिस्तान और भारत के बीच के बिगड़े संबंध किसी से छिपे हुए नहीं है। पाकिस्तान हमेशा ही भारत के खिलाफ जगह उगलता रहता है, लेकिन फिर भी भारत दरियादिली दिखाने से पीछे नहीं हटता। ऐसा ही उदाहरण एक बार फिर देखने को मिला। कराची की 19 साल की बेटी का भारत में सफल हृदय प्रत्यारोपण हुआ है। पाकिस्तानी लड़की को नया जीवन मिलने की दिल को छू लेने वाली कहानी इस बात की ओर ध्यान दिलाती है कि पड़ोसी देश में लोगों के सामने आने वाली किसी भी चुनौती के लिए सीमाओं को कैसे आसान बनाया जा सकता है।

कराची की रहने वाली आयशा रशन का चेन्नई के एमजीएम हेल्थकेयर में हृदय प्रत्यारोपण सर्जरी हुई। इस साल 31 जनवरी को लड़की का हृदय प्रत्यारोपण हुआ। सभी प्रक्रियाओं के बाद उसे इस महीने छुट्टी दे दी गई। इंस्टीट्यूट ऑफ हार्ट एंड लंग ट्रांसप्लांट एंड मैकेनिकल सर्कुलेटरी सपोर्ट के कार्डियक साइंसेज डायरेक्टर के चेयरमैन डॉ. केआर बालाकृष्णन ने कहा कि आयशा पहली बार साल 2019 में उनके पास आई थी। तब उसकी उम्र 14 साल थी।

उसे दिल से जुड़ी एक गंभीर बीमारी थी। उसकी वजह से वह बहुत बीमार हो गई थी और उसे दिल का दौरा पड़ा था। डॉ. बालाकृष्णन ने कहा, दिल का दौरा पड़ने के बाद उसे सीपीआर देना पड़ा था। सांस आने पर उसे ईसीएमओ मशीन पर रखा था। हमने उस समय एक आर्टिफिशियल हृदय पंप लगाया था। अंततः वह ठीक हो गई और अपने देश वापस चली गई थी।

उन्होंने आगे बताया कि कुछ ही सालों में वह फिर से बीमार हो गई। इसका एक वाल्व लीक होने लगा। उसके दिल के दाहिने हिस्से ने काम करना बंद सा कर दिया था। हालत इतनी खराब हो गई थी कि पाकिस्तान में उसका इलाज करना बहुत मुश्किल हो गया। वहीं, उसके भारत आने के लिए वीजा हासिल करने में बहुत मुश्किल हुई।


आयशा रशन

बालाकृष्णन ने कहा कि लड़की की मां एक सिंगल मदद है। उनके पास कोई पैसा या संसाधन नहीं था। हमें बार-बार अस्पताल में भर्ती होने सहित पूरे खर्चों का ध्यान रखना पड़ा। उन्होंने बताया कि 19 साल की आयशा की मदद के लिए चेन्नई का एक एनजीओ एश्वर्या ट्रस्ट सामने आया। वहीं प्रत्यारोपण मरीजों ने धन जुटाकर मदद की। डॉक्टर बालाकृष्ण ने बताया कि दिल्ली के एक ब्रेन डेड बुजुर्ग से हृदय मिलने के बाद ट्रांसप्लांट किया गया। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी चुनौती यह थी कि कोई पैसा नहीं था। इलाज के लिए 30 से 40 लाख रुपये की जरूरत थी। उन्होंने आगे कहा कि अस्पताल प्राइवेट है। इसलिए हमें ट्रस्ट के माध्यम से, अपने स्वयं के संसाधनों और प्रत्यारोपण मरीजों के माध्यम से धन जुटाना पड़ा।इसलिए यह एक बड़ी चुनौती थी। उन्होंने कहा कि हृदय प्रत्यारोपण करने में खतरा था, लेकिन हमने बिना घबराए लड़की सफल हृदय प्रत्यारोपण किया। अगर हम ऐसा नहीं करते तो बच्ची जिंदा नहीं बचती।

फैशन डिजाइनर बनने की इच्छा रखने वाली आयशा ने इलाज के लिए देश का वीजा देने के लिए भारत सरकार का शुक्रिया अदा किया। वहीं उसकी मां ने कहा कि समस्या यह है कि पाकिस्तान में इस तरह की सुविधा नहीं है।

बता दें, आयशा भारत में हृदय प्रत्यारोपण कराने वाली पहली पाकिस्तानी नहीं हैं। इससे पहले मोहम्मद आमिर नामक शख्स का भी हृदय प्रत्यारोपण हो चुका है। साल 2014 में जब वह 37 साल के थे, तब कराची में हृदय रोग विशेषज्ञों ने उसे बताया कि उसे पतला कार्डियोमायोपैथी है। आयशा के भारत में सफल हृदय प्रत्यारोपण की रिपोर्ट के बाद 46 वर्षीय आमिर ने बताया कि डॉक्टरों ने उस समय प्रत्यारोपण एकमात्र इलाज बताया था। जब हृदय प्रत्यारोपण केंद्र की ऑनलाइन खोज की तो पता चला कि भारत के चेन्नई में है।

## पाकिस्तानी नाव से 86 किलो ड्रग्स जब्त, 14 लोग गिरफ्तार

बरामद ड्रग्स की कीमत 600 करोड़ रुपए से अधिक



**अहमदाबाद, 28 अप्रैल (एजेंसियां)।** भारतीय तटरक्षक बल ने पाकिस्तानी नाव से 86 किलोग्राम नशीला पदार्थ जब्त किया है। इसी के साथ जहाज पर सवार 14 लोगों को भी बल ने गिरफ्तार किया है। जब्त दवाओं की कीमत 600 करोड़ रुपए है। गुजरात आतंकवादी विरोधी दस्ते (एटीएस) और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के साथ मिलकर तटरक्षक बल ने अरब सागर में ऑपरेशन चलाया। हालांकि, तटरक्षक बल ने अभी तक यह खुलासा नहीं किया कि पाकिस्तानी नाव से किस तरह नशीला पदार्थ बरामद किया गया।

### बेलगावी शहर में एक विशाल विजय संकल्प रैली में हुए शामिल

# भाई–बहन अपने वोट बैंक के लिए संपत्ति और मंगलसूत्र छीनना चाहते हैं: मोदी





## इसकी इजाजत नहीं देंगे

**बेलगावी/शुभ लाभ ब्यूरो।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को संपत्ति पुनर्वितरण मुद्दे पर कांग्रेस पर अपना हमला तेज कर दिया और कहा कि भाई और बहन की जोड़ी लोगों की संपत्ति छीनना चाहती है, जिसमें मंगलसूत्र भी शामिल है। जिसे वे अपने वोट बैंक को देना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि जब तक वह जीवित हैं ऐसा नहीं होने देंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने बेलगावी शहर में एक विशाल विजय संकल्प रैली को संबोधित करते हुए कहा आपका ये सेवक गांवों में, महिलाओं, युवाओं और समाज के सभी वर्गों की संपत्ति बढ़ाने की दिशा में काम कर रहा है। ये भाई–बहन पूरे देश का एक्स–रे करना चाहते हैं। वे आपकी संपत्ति, बैंक लॉकर, जमीन, कार, बाइक और साइकिल का एक्स–रे (स्क्रीनिंग) करना चाहते हैं। इससे उन्हें पता चल जाएगा कि आपके पास कितना सोना और गहने हैं, और वे आपके मंगलसूत्र का एक्स–रे भी करेंगे। ये लोग हर घर का एक्स–रे करेंगे और आपकी संपत्ति छीन लेंगे। इसे जब्त करने के बाद, वे इसे उन लोगों में बाँट देंगे जिन्हें वे पसंद करते हैं। पीएम मोदी ने पूछा क्या आप लूट की इजाजत देंगे? आपके गहनों की लूट? आपके मंगल सूत्र की लूट?

क्या कोई हाथ उसे छीन लेगा? जब तक मोदी जिंदा हैं, आप (भाई–बहन) अपनी योजनाएं बंद कर दीजिए। मैं तुम्हें ऐसा नहीं करने दूँगा। मैं तुम्हारे खेल की अनुमति नहीं दूँगा। कांग्रेस नेता यह भी दावा कर रहे हैं कि, यदि उनकी पार्टी नई दिल्ली में सत्ता में आती है, तो वे विरासत कर लाएंगे और इस संबंध में एक कानून होगा। आप कड़ी मेहनत करेंगे और अपने बच्चों के लिए बचत करेंगे ताकि उम्र बढ़ने के बाद वे दूसरों की दया पर ना रहें। लेकिन कांग्रेस कह रही है कि आपने जो कुछ भी बचाया है, वह आपके बच्चों को नहीं मिलेगा, 55 प्रतिशत कर उनकी सरकार ले लेगी।

प्रधान मंत्री मोदी ने कहा पार्टी (कांग्रेस) का रुख बहुत स्पष्ट है। उनके प्रधान मंत्री मनमोहन सिंह ने इस संबंध में एक बयान दिया था। प्रधानमंत्री मोदी ने उपस्थित लोगों से पूछा कि क्या वे कर्नाटक में ऐसा होने देंगे। क्या आप कांग्रेस को ऐसा कानून लाने की अनुमति देंगे?

भाजपा और एनडीए को पूर्ववर्ती रानी चेन्नम्मा से प्रेरणा मिलती है और महिलाओं को सभी सशस्त्र बलों का हिस्सा बनने की अनुमति है। सेना में सेवा करने वाली महिलाओं की संख्या दो–गुनी हो गई है। आपका सपना मेरा विश्वास है। मैं अपना जीवन आपके और देश के लिए जीता हूं। मुझे कर्नाटक से समर्थन की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कोविड काल में कांग्रेस ने वैक्सीन को बीजेपी की वैक्सीन बताकर इसकी आलोचना और विरोध किया था।

उन्होंने ईवीएम के बारे में झूठ बोलकर लोगों को भ्रमित किया और भ्रम पैदा किया।

उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने कुछ दिन पहले ही ईवीएम के मामले में स्पष्ट आदेश दिया था। पिछले 10 वर्षों में भाजपा–एनडीए सरकार ने भारतीय दंड संहिता के माध्यम से लोगों को अंग्रेजों की पकड़ से बाहर निकाला है।

उन्होंने बताया कि भारतीयों को गुलामी से बाहर निकाला गया। यह लोगों को न्याय दिलाने वाला पूरक कानून है। कर्नाटक में कांग्रेस सरकार के शासन में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गई है। उन्होंने कहा कि चिक्कोडी में एक जैन साधु की हत्या, बेलगावी में महिलाओं के खिलाफ हिंसा और हुब्बल्ली में एक कॉलेज छात्रा की हत्या ने देश में चिंता पैदा कर दी है।

## कांग्रेस सरकार तुष्टिकरण पर ध्यान दे रही

कांग्रेस सरकार तुष्टिकरण पर ध्यान दे रही है। उन्होंने आलोचना करते हुए कहा कि कांग्रेसियों को नेहा की चिंता नहीं है। बेंगलूरु में बम धमाका हुआ है। उन्होंने मांग की कि अगर कांग्रेस पार्टी शासन करने में असमर्थ है तो इस्तीफा दे दें। उन्होंने इस बात पर आपत्ति जताई कि कांग्रेस पीएफआई के साथ गठबंधन करने वाली पार्टी है। भाजपा सरकार पीएफआई पर प्रतिबंध लगाने वाली पार्टी है। कांग्रेस वह पार्टी है जिसने आजादी के आंदोलन को वोट बैंक के लिए तुष्टीकरण का इतिहास बना दिया। उन्होंने इस बात पर आपत्ति जताई कि कांग्रेस पार्टी ने मंदिरों को अपवित्र करने वालों के साथ गठबंधन कर लिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी उन लोगों का समर्थन करेगी जिन्होंने भारत के विभाजन में बड़ी भूमिका निभाई। कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीति उनके घोषणापत्र में भी विस्तार से सामने आयी है। लोग समझ चुके हैं कि कांग्रेस की सत्ता का मतलब अविकसित स्थिति है। पहले कर्नाटक में विदेशी निवेश चरम पर था।

## सुनिश्चित करें कि हर बूथ पर बीजेपी की जीत हो

उन्होंने बताया कि कांग्रेस की सत्ता में अविकसितता की स्थिति है। लोग समझते हैं कि कांग्रेस दिवालिया स्थिति में है। भाजपा–एनडीए सरकार ने स्वयं सहायता समूहों और कृषि उत्पादक संघों का समर्थन किया है। 10 वर्षों में 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को एसएचजी से लाभ हुआ है। ईंधन में इथेनॉल जोड़ने से किसानों को लाभ हुआ है। लेकिन, कांग्रेस पार्टी किसानों से गद्दारी कर रही है। जब यहां भाजपा की सरकार थी तो किसानों को 10 हजार मिलते थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने 4 हजार की कटौती की है। हालाँकि, उन्होंने किसानों को आश्वासन दिया कि 6,000 जारी रहेंगे। जगदीश शेट्टर ने कहा, अन्नासाहेब जोले को अधिकतम वोटों से चुनें। कमल के निशान पर वोट मोदी को जाएगा। उन्होंने उनसे मोदी को सशक्त बनाने के लिए भाजपा को वोट देने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करें कि हर बूथ पर बीजेपी की जीत हो। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में एक बार फिर हर जगह मोदी की आवाज सुनाई दे रही है। आशा है कि आप सभी भारत को मजबूत बनाने के लिए तत्पर रहेंगे। भारत के 25 करोड़ लोग बीपीएल रेखा से ऊपर आ गये हैं। इससे हिंदुस्तानियों का आत्मविश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा कि गरीबों के कल्याण और भलाई के लिए फिर से मोदी सरकार आनी चाहिए। केंद्रीय संसदीय बोर्ड के सदस्य बीएस येदियुरप्पा ने आलोचना करते हुए कहा कि राज्य सरकार पूरी तरह दिवालिया हो गयी है। जगदीश शेट्टर और अन्नासाबेब जोले एक लाख से अधिक अंतर से जीतेंगे। उन्होंने पूरे विश्वास के साथ कहा कि वह राज्य की सभी 28 सीटें जीतेंगे।

## सेवा देने वाले सभी सेवा भावी कार्यकर्ताओं का सम्मान



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

श्री महावीर स्वामी वर्षीतप चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि) चामराजपेट के तत्वावधान में वर्षीतप के तपस्यार्थियों ने 365 दिवस सेवा देने वाले सभी सेवा भावी कार्यकर्ताओं का सम्मान किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष महावीर मेहता ने सभी सेवा देने वाले भाग्यशालियों का धन्यवाद सहित आभार प्रकट किया। ट्रस्ट के मंत्री संतोष चौहान ने बताया पिछले 8 वर्षों से प्रति पारणे के दिन सुबह आकर सम्पूर्ण पुरस्कारी व्यवस्था, संघ यात्रा आदि कार्यक्रमों में आप की सेवा की जितनी भी अनुमोदन करे कम है। ट्रस्ट के उपाध्यक्ष गौतम मुथा ने अपने भाव रखे। इस अवसर पर ट्रस्ट के महावीर मेहता, संतोष चौहान, महावीर श्रीश्रीमाल, गौतम मुथा, गजेंद्र चांदावत, प्रवीण पोरवाल, किशोर पोरवाल, प्रवेश बालर के साथ तपस्वियों में सुनील गादिया, प्रवीण सोफाड़िया, प्रकाश वोरा, प्रकाश गुलेच्छा, यशपाल नाहर, कैलाश मुथा, प्रवीण सोनिगरा, हसमुख सोनिगरा, शांतिलाल चोपड़ा, जवाहरलाल चौहान आदि के साथ 230 तपस्वी उपस्थित थे। यह जानकारी कैलाश संखलेचा ने दी।

## लू लगने से दो बच्चों की मौत





**रायचूर/शुभ लाभ ब्यूरो।**

तालुक के चिक्कासुगुरु गांव में भीषण गर्मी के कारण लू लगने से दो बच्चों की मौत हो गई। स्थिति ऐसी बन गई है कि चिलचिलाती गर्मी से त्रस्त लोग अपने घरों से बाहर नहीं निकल सकते। चिक्कासुगुरु गांव में हुसेनम्मा–मारुति दंपति के बच्चे आरती (9) और प्रियंका (7) की इलाज के अभाव में अस्पताल में मौत हो गई और दूसरे बेटे लक्कप्पा (5) का इलाज आईसीयू में किया जा रहा है। इस बीच कुछ को अस्पताल में भर्ती कराया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि भीषण गर्मी के कारण कृष्णा नदी का पानी पीने से परिवार बीमार पड़ गया। बहरहाल, गर्मी के कारण दो बच्चों की मौत ने काफी चिंता पैदा कर दी है।

## पीड़ित महिलाओं की शिकायत के आधार पर जांच के लिए एक विशेष दल का गठन किया गया : जी. परमेश्वर



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

राज्य के गृह मंत्री डॉ. जी. परमेश्वर ने कहा कि पीड़ित महिलाओं की शिकायत के आधार पर हासन सांसद के खिलाफ शिकायत की जांच के लिए एक विशेष दल का गठन किया गया है। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि पीड़ित महिलाओं ने महिला आयोग से शिकायत की है। उसी के आधार पर महिला आयोग ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि सरकार पत्र के आधार पर एक विशेष जांच दल का गठन करेगी। एसआईटी के गठन के संबंध में आधिकारिक आदेश जल्द ही घोषित किया जाएगा। एक बार जांच दल गठित हो जाने के बाद, इसका नेतृत्व करने वाले वरिष्ठ अधिकारी जांच की आवश्यकता पर निर्णय लेते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार कोई निर्देश जारी नहीं करेगी। जांच में किस तरह की रिपोर्ट आती है, सरकार इसकी जांच करेगी और कानून के मुताबिक आगे की कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि जो वीडियो सामने आया है, उसकी समीक्षा करायी जायेगी। इस बीच खबर आई है कि प्रज्वल रेवन्ना ने देश छोड़ दिया है। एसआईटी कानून के मुताबिक उचित कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि एसआईटी उन्हें विदेश से वापस लाने का काम भी करेगी। खुद मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री समेत सभी लोग चुनाव प्रचार में जुटे हैं, लेकिन अभी तक किसी भी पीड़ित महिला ने उनसे मुलाकात नहीं की है। सरकार ने इस मामले को काफी गंभीरता से लिया है। इसीलिए हमने एसआईटी का गठन किया है।

## श्री जिनदत्त कुशल सूरी जैन सेवा संगीत मंडल द्वारा मेडिकल शिविर आयोजित

### 116 सदस्यों ने उठाया लाभ





**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

श्री जिन कुशल सूरी जैन दादावाड़ी ट्रस्ट बसवनगुड़ी के तत्वावधान में श्री जिनदत्त कुशल सूरी जैन सेवा एवं संगीत मंडल तथा जैन रिलीफ फाउंडेशन द्वारा अपोलो हॉस्पिटल के डॉक्टर्स की टीम द्वारा निशुल्क मेडिकल हेल्थ चेकअप शिविर आयोजित किया गया।

मंडल के अध्यक्ष अरविन्द कोठारी ने डाक्टर्स की टीम का स्वागत करते हुए कहा कि आज पूरे देश भर में प्रसिद्ध अपोलो हॉस्पिटल द्वारा यहां लगाए गए स्वास्थ्य शिविर से काफी लोगों को फायदा पहुंचेगा जो अस्पताल जाने में हिचकिचाहट महसूस करते हैं।

मंडल के मंत्री ललित डाकलिया ने शिविर की जानकारी देते हुए कहा कि हार्ट चैकअप, ईसीजी, बॉडी चेकअप, जनरल फिजिशियन्स द्वारा कन्सल्टेंसी आदि सेवाओं का 116 व्यक्तियों ने लाभ उठाया और इसके साथ जे आर एफ हेल्थ कार्ड भी अनेक सदस्यों ने बनवाए। जिसमें रेणु रांका और माणकचन्द लुणावत का सहयोग रहा। शिविर का प्रारम्भ दादावाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष निर्भय लाल गुलेच्छा, पूर्व अध्यक्ष महैन्द्र कुमार रांका, उपाध्यक्ष तेजराज मालानी, महामंत्री कुशलराज गुलेच्छा, कोषाध्यक्ष रनजीत ललवानी, सेवा मंडल के अध्यक्ष अरविन्द कोठारी, उपाध्यक्ष अनिल भडकतिया, महामंत्री ललित डाकलिया, कोषाध्यक्ष रमेश गुलेच्छा, सहमंत्री धर्मेन्द्र संकलेचा, विकास खटोड़, पुष्पा चोपड़ा, रेखा चौपड़ा, रेणु रांका एवं मंडल के सदस्यों द्वारा परमात्मा एवं गुरुदेव के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ।

पूज्य मुनिराज मलयप्रभ सागर जी, मुकुलप्रभ सागर जी, साध्वी प्रियस्वर्णांजना श्रीजी ने अपनी निश्रा प्रदान की और कहा कि आज के समय में स्वास्थ्य सुविधाओं की बहुत जरूरत है। स्वास्थ्य शिविर में संयोजक रनजीत मेहता, नितेश बोहरा, कुनाल मरलेचा के साथ मंडल के अनेक सदस्यों पृथ्वीराज श्रीश्रीमाल, प्रकाश पोफलिया, राकेश डाकलिया, विनय खटोड़, विकास बच्छावत, गिरीश बोहरा, मनीष धारीवाल, तिलोक गोलिया, तेजस छाजेड़, जितेन्द्र नाहर, भरत कोठारी आदि अनेक सदस्यों ने अपनी सेवाएं प्रदान की। मंडल द्वारा अपोलो हॉस्पिटल की टीम का शाल माला और स्मृति चिन्ह से बहुमान अभिनंदन किया गया।

### अपराध के मामलों को नियंत्रित करने के लिए

## सीसी कैमरे लगाए जाएंगे और रात्रि गश्त बढ़ाई जाएगी: पुलिस आयुक्त



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

शहर के पुलिस आयुक्त बी दयानंद ने कहा कि शहर में अपराध के मामलों को नियंत्रित करने के लिए जहां आवश्यक होगा वहां सीसी कैमरे लगाए जाएंगे और रात्रि गश्त बढ़ाई जाएगी। वह शहर के पैलेस मैदान के गायत्री विहार सागर में आयोजित मासिक जनसंपर्क दिवस कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा चूंकि वसंतनगर में अधिक महिला पीजी हैं, इसलिए कुछ युवक देर रात काम के बाद पीजी में आने वाली युवतियों को छेड़ते हैं। इसलिए, जब जनता ने आयुक्त से इन क्षेत्रों में सीसी कैमरे लगाने और रात्रि गश्त बढ़ाने का अनुरोध किया, तो उन्होंने जवाब दिया और उपरोक्त वादा किया। पैलेस गुट्टहल्ली के विनायक सर्कल के दोनों ओर वाहनों की पार्किंग के कारण यहां अक्सर ट्रैफिक की समस्या देखी जाती है। इसलिए जनता ने कमिश्नर से यातायात सुचारू करने की अपील की। कमिश्नर ने कार्यक्रम में मौजूद यातायात विभाग के अधिकारियों को इस पर ध्यान देने का निर्देश दिया। जनता ने कमिश्नर से शिकायत की कि अधिकांश इलाकों में स्ट्रीट लाइटें नहीं हैं। इसलिए रात में चलना मुश्किल हो जाता है। आयुक्त ने कहा कि इस मुद्दे को बीबीएमपी अधिकारियों के ध्यान में लाया जाएगा। कार्यक्रम में सेंट्रल डिविजन के डीसीपी शेखर एच., ट्रैफिक डिविजन की डीसीपी अनिता हद्दन्नवर और सेंट्रल डिविजन के सभी वरिष्ठ और कनिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ कांग्रेस महिलाओं का आक्रोश, कड़ी सजा की मांग

## प्रदर्शन कर जलाया पुतला

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।**

कांग्रेस के नेताओं ने मांग की है कि जिस मामले में हासन सांसद शामिल बताए जा रहे हैं, उसकी जांच जल्द पूरी की जाए और दोषियों को कड़ी सजा दी जाए। केपीसीसी कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में बोलते हुए, केपीसीसी महासचिव मंजुला नायडू, कविता रेड्डी, भाव्या नरसिम्हामूर्ति और अन्य ने घटना की कड़ी निंदा की। प्रज्वल रेवन्ना एक बेहद प्रभावशाली परिवार से आते हैं, उनके दादा प्रधानमंत्री थे, उनके चाचा मुख्यमंत्री थे, उनके पिता मंत्री थे, प्रज्वल रेवन्ना



खुद एक सांसद हैं। इनसे लड़ना आम महिलाओं के लिए आसान काम नहीं है। इसलिए सरकार को प्रभावित महिलाओं और उनके परिवारों को सुरक्षा प्रदान करनी चाहिए। कविता रेड्डी ने कहा कि इस मामले में कोई राजनीतिक हस्तक्षेप नहीं है, रेवन्ना जर्मनी भाग गए हैं। जेडीएस–भाजपा नेता इस पर प्रतिक्रिया क्यों नहीं दे रहे हैं? मंजुला नायडू ने कहा कि प्रधानमंत्री महिलाओं के मंगलसूत्र हटाने की बात कर रहे हैं, वह ऐसे मुद्दे पर टिप्पणी क्यों नहीं करते? भव्य नरसिम्हामूर्ति ने कहा कि प्रज्वल रेवन्ना को ऐसी सजा होनी चाहिए जिससे कोई और ऐसे कृत्य के बारे में न सोचे और न ही ऐसे कदम उठाए। इस बीच, पार्टी कार्यकर्ताओं ने रेसकोर्स रोड पर कांग्रेस कार्यालय के पास प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और उनका पुतला जलाया।

### अधिक सूखा राहत की मांग को लेकर

# कांग्रेस नेताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन









**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** राज्य कांग्रेस पार्टी ने केंद्र सरकार से अधिक सूखा राहत की मांग करते हुए विधान सौधा और विकास सौधा के बीच स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने धरना दिया।

मुख्यमंत्री सिद्धरामैया, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला, केपीसीसी अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, मंत्री रामलिंगारेड्डी, डॉ एमसी सुधाकर, कृष्णा बायरे गौड़ा, दिनेश गुंडुराव, चेलुवरयास्वामी, केएच मुनियप्पा, डॉ जी परमेश्वर, विधायक रिजवान अरशद, एचसी बालकृष्ण और कई अन्य नेताओं ने विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया और केंद्र सरकार के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया।

प्रदर्शनकारियों ने सिर पर खाली लोटा लेकर 18,174 करोड़ रुपये के मुआवजे की मांग की। हाथों में तख्तियां लेकर धरना दिया गया। सूखा राहत नहीं देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वापस जाओ जैसे नारे लगाये। राज्य को न्याय दो का नारा लगाया गया। भाजपा सरकार पर मेकेदातु योजना को अनुमति दिए बिना महादाई योजना में गड़बड़ी करने का आरोप लगाने के साथ ही किसानों को न्याय देने और पूर्ण सूखा राहत देने की मांग की गई।

केपीसीसी अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि हमने राहत प्रदान करने के लिए पिछले सितंबर और नवंबर में केंद्र सरकार को अनुरोध प्रस्तुत किया था। तब 35 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था और तब से अब तक कुल नुकसान 50 हजार करोड़ रुपये आंका गया है।

एनडीआरएफ मानदंडों के अनुसार, मांगा गया मुआवजा न्यूनतम है। हम उनसे भीख नहीं मांग रहे हैं, हम अपने लिए पैसा नहीं मांग रहे हैं, हम सूखा प्रभावित इलाकों में किसानों को राहत देने के लिए पैसा मांग रहे हैं। उन्होंने मांग की कि हमें हमारा अधिकार दिया जाना चाहिए। बीजेपी-जेडीएस नेता राज्य को धोखा देने के लिए एक साथ आए हैं। गृह मंत्री डॉ. जी परमेश्वर ने कहा कि हमने केंद्र से 18 हजार करोड़ का राहत देने का अनुरोध किया था।

हमने केंद्रीय मंत्री से मुलाकात की और उन्हें मनाया। सूखा अध्ययन समिति ने राज्य में निरीक्षण कर केंद्र को रिपोर्ट सौंपी थी। एक माह के अंदर राहत देनी थी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ तो राज्य सरकार को केंद्र के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाना पड़ा। यह इतिहास में पहली बार हुआ है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार मुआवजा दिया है। लेकिन जितना माँगा उतना नहीं दिया। केंद्र सरकार सौतेली नीति अपना रही है। उन्होंने कहा कि वे केंद्र सरकार और राज्य के लोगों का ध्यान आकर्षित करने के इरादे से विरोध कर रहे हैं।

### प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े सेक्स स्कैंडल का मामला

## कर्नाटक सरकार ने जांच के लिए एसआईटी का किया गठन



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** कांग्रेस के नेतृत्व वाली कर्नाटक सरकार ने कथित तौर पर हासन के मौजूदा सांसद और जद-एस उम्मीदवार प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े एक सेक्स स्कैंडल की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। रेवन्ना जद-एस प्रमुख और पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी.देवेगौड़ा के पोते हैं। उनके पिता एच.डी. रेवन्ना हासन के होलेनरसीपुर निर्वाचन क्षेत्र से विधायक हैं। हासन संसदीय सीट के लिए मतदान 26 अप्रैल को हुआ था। शेष 14 सीटों पर 7 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण से पहले इस घटनाक्रम से राज्य में बड़ा विवाद पैदा होने की संभावना है। मुख्यमंत्री सिद्धरामैया ने कहा कि कथित अश्लील वीडियो क्लिपिंग हासन जिले में चल रही है। प्रथम दृष्टया यह पाया गया है कि महिलाओं पर अत्याचार हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि एसआईटी का गठन कर्नाटक महिला आयोग प्रमुख द्वारा राज्य सरकार को लिखे गए एक पत्र की पृष्ठभूमि में किया गया था। उन्होंने आगे कहा कि पुलिस ने उन्हें सूचित किया था कि प्रज्वल रेवन्ना विदेश चले गए हैं। आरोप है कि प्रज्वल रेवन्ना हजारों महिलाओं को परेशान करने और उनका यौन शोषण करने में शामिल हैं और उन्होंने इन कृत्यों को रिकॉर्ड भी किया है। मतदान से ठीक पहले ये कथित वीडियो सामने आए और इस पर बहस छिड़ गई। प्रज्वल रेवन्ना ने अपनी संलिप्तता को सिरे से खारिज कर दिया था और दावा किया था कि यह घटनाक्रम उनके खिलाफ एक साजिश है।

## सरकार ने किसानों के बारे में बात करने का नैतिक अधिकार खो दिया: बीवाई विजयेंद्र



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** मुख्यमंत्री सिद्धरामैया सहित राज्य के कांग्रेस नेताओं द्वारा कर्नाटक को पर्याप्त सूखा राहत नहीं देने को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ किए जा रहे विरोध के मद्देनजर भाजपा नेताओं ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा और धन जारी करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र ने कहा कि मोदी सरकार हमेशा अपने वादे पर खरी उतरी है और किसानों के लाभ के प्रति बड़ी जिम्मेदारी प्रदर्शित की है। भाजपा नेता ने कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू होने और संबंधित प्रतिबंधों के बावजूद, केंद्र ने अभूतपूर्व सूखे के मद्देनजर किसानों के संकट को देखते हुए, प्राथमिकता के आधार पर धन जारी करने के लिए भारत के चुनाव आयोग से विशेष अनुमति मांगी। सूखा राहत राशि जारी करने में देरी पर केंद्र की आलोचना करने के लिए राज्य सरकार पर हमला करते हुए, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, यह सिद्धरामैया सरकार के चेहरे पर एक करारा तमाचा है, जो संकट को कम करने के लिए तत्काल राहत उपाय करने के बजाय मुद्दे का राजनीतिकरण करने और हमारे अन्नदाताओं के दर्द पर लाभ कमाने की कोशिश कर रही थी। उन्होंने कहा कि जिस कांग्रेस सरकार ने राज्य की पिछली भाजपा सरकार द्वारा दिए जाने वाले 4,000 रुपये देना बंद कर दिया, उसने किसानों के बारे में बात करने और राज्य पर शासन करने का नैतिक अधिकार खो दिया है। विधानसभा में विपक्ष के नेता आर अशोक ने कहा कि केंद्र ने 3,454 करोड़ रुपये जारी किए हैं और अब राज्य सरकार को किसानों को मुआवजा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को धनराशि का दुरुपयोग नहीं करना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि यह सीधे किसानों तक पहुंचे। इस बीच, अशोक ने कहा कि शुक्रवार को जिन 14 सीटों पर मतदान हुआ, उनमें से भाजपा 12 से अधिक सीटें जीतने को लेकर आश्वस्त है और 7 मई को होने वाले मतदान में भी सभी 14 सीटें जीतेगी।

## यह शर्म की बात है कि सांसद देश छोड़कर भाग गया: शिवकुमार

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** राज्य के उपमुख्यमंत्री और केपीसीसी अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने कहा कि यह शर्म की बात है कि पूर्व प्रधानमंत्री का पोता और एक सांसद देश छोड़कर भाग गया है। यहां पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मामले से ध्यान भटकाना बहुत दुखदायी है। महिला आयोग ने घर में काम करने वाली एक महिला की शिकायत के आधार पर मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने व्यक्तिगत तौर पर निगरानी की है और गृह मंत्री प्रभारी हैं। मीडिया से मिली जानकारी के मुताबिक, प्रज्वल रेवन्ना देश छोड़कर भाग गए हैं। यह एक अक्षम्य अपराध है। पूरा देश शर्मसार है। उन्होंने कहा कि यह शर्म की बात है कि पूर्व प्रधानमंत्री का पोता, जो सांसद है, इस तरह काम किया है और अपना सिर छिपा रहा है। आइए इंतजार करें और देखें कि भाजपा नेता इस मुद्दे पर क्या प्रतिक्रिया देते हैं। यहां महिलाओं की गरिमा सबसे अहम मुद्दा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून अपना उचित कदम उठाएगा।

# विरासत कर का मुद्दा खुद निर्मला सीतारमण ने उठाया था: सीएम सिद्धरामैया

### प्रधानमंत्री सरासर झूठ बोल रहे

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** मुख्यमंत्री सिद्धरामैया ने पलटवार करते हुए कहा है कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2019 में कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा के सामने विरासत कर मुद्दे का प्रस्ताव रखा था। उन्होंने प्रेस को बयान देकर कहा कि प्रधानमंत्री सरासर झूठ बोल रहे हैं। उन्होंने इस बात पर अफसोस जताया कि देश में कार्रवाई करने की स्थिति नहीं है, जबकि उनके बयान दंडनीय अपराध हैं। क्या आपने सार्वजनिक भाषण में बेशर्मी से कहा था कि अगर कांग्रेस पार्टी सत्ता में आई तो वे देश की संपत्ति का सर्वेक्षण कराएंगे और हिंदुओं की संपत्ति उन मुसलमानों को बांट देंगे जिनके सात बच्चे हैं? इसके लिए आपका आधार क्या है?



कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए जो घोषणापत्र जारी किया है, उसके किस पन्ने पर ये वादा है। ये बात किस वरिष्ठ नेता ने कही? कृपया बताएं अन्यथा झूठे आरोप पर कम से कम पश्चाताप तो दिखाएं। कांग्रेस पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में कहीं भी विरासत कर लगाने का जिक्र नहीं किया है। पार्टी मंच पर इसकी चर्चा तक नहीं की गयी। यदि पार्टी ने वह चर्चा की है तो उसका आधार बताएं। यह सच है कि सैम पित्रोदा ने इसका जिक्र किया और कहा कि इस पर चर्चा होनी चाहिए, यह उनकी निजी राय है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, जो आपकी सहयोगी हैं, ने विरासत कर पर चर्चा शुरू की है। उस वक्त की अखबारों की खबरें इस बात का सबूत हैं कि 2019 के बजट में इसे शामिल करने पर चर्चा हुई थी। क्या आपने इस पर ध्यान नहीं दिया? क्या अब निर्मला सीतारमण को भी गद्दारों की सूची में शामिल किया जाएगा। धन का समान वितरण एक नेक विचार है। यही हमारे संविधान की भी इच्छा है। हमारे देश में 1953 में संपत्ति कर लगाया गया था। इसे दिवंगत प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने रद्द कर दिया था।


तत्कालीन प्रधान मंत्री एचडी देवेगौड़ा ने 1998 तक लागू उपहार कर को रद्द कर दिया। मोदी आपकी ही सरकार ने 2015 में वेल्थ टैक्स भी खत्म कर दिया। उन्होंने पूछा कि क्या यह बात आपके संज्ञान में नहीं आयी। हमारा यह आरोप निराधार नहीं है कि नरेंद्र मोदी की सरकार एक दलाल, अमीर समर्थक और गरीब विरोधी सरकार है। 2019 में आपकी ही सरकार ने कॉरपोरेट टैक्स 30 फीसदी से घटाकर 22 फीसदी कर दिया। इस बेवकूफी भरे फैसले से सरकार को दो साल में 1.81 लाख करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ। यह पैसा, जिसे देश के गरीब लोगों के कल्याण के लिए इस्तेमाल किया जाना था, कॉर्पोरेट प्रभुओं की जेब में चला गया है। उनका मुनाफा किसका हिस्सा है? प्रधानमंत्री मोदी, क्या यह समान संपत्ति वितरण का आपका विचार है? क्या आपको तब बुरा नहीं लगा जब आपके कारोबारी मित्र राष्ट्रीयकृत बैंकों का लाखों करोड़ रुपये चुकाए बिना विदेश भाग गए? देश के किसान पिछले दस साल से केंद्र सरकार से राष्ट्रीयकृत बैंकों से कर्ज माफ करने की मांग कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जो उस मांग को खारिज कर रहे हैं, ने एक झटके में व्यापारियों के 16 लाख करोड़ रुपये माफ कर दिए तो क्या उन्हें नहीं लगता कि देश की संपत्ति को समान रूप से वितरित किया जाना चाहिए। पिछले प्रधानमंत्रियों जैसे जवाहरलाल नेहरू 33, लाल बहादुर शास्त्री 5, इंदिरा गांधी 66, राजीव गांधी 16, वीपी सिंह 2, आईके गुजराल 3, वाजपेयी 17 और मनमोहन सिंह ने 23 सार्वजनिक उद्यम स्थापित किए थे। आपने एक भी सार्वजनिक स्वामित्व वाली कंपनी स्थापित नहीं की है। मोदी के दस साल के कार्यकाल में 23 सार्वजनिक स्वामित्व वाले उद्यमों को निजी पार्टियों को बेच दिया गया। दस साल में प्रधानमंत्री ने सिर्फ अडानी-अम्बानियों को संपत्ति दी। उन्होंने इस बात पर आक्रोश व्यक्त किया है कि रेलवे स्टेशन, बंदरगाह, कोयला खदानें, गैस और तेल भंडार, राजमार्ग टोल, बिजली निगमों को अडानी-अंबानी के दायरे में शामिल कर लिया गया है।

# हासन सांसद पर लगे आरोपों की एसआईटी करेगी जांच: कुमारस्वामी

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कहा कि सरकार ने हासन सांसद पर लगे यौन उत्पीड़न के आरोपों की एसआईटी जांच के आदेश दिये हैं। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा और मैंने उन लड़कियों की कठिनाइयों को सुना है जो कठिनाइयों की शिकायत कर रही थीं।

उन्होंने कहा कि हमने बेटियों को ज्यादा सम्मान दिया है। चुनाव के दौरान लगे आरोपों की एसआईटी जांच कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि इस देश में जो भी गलती करेगा उसे माफ करने का सवाल ही नहीं उठता। जब उनका इस बात की ओर ध्यान दिलाया कि सांसद प्रज्वल रेवन्ना विदेश चले गए हैं तो उन्होंने जवाब देते हुए कहा कि एसआईटी जांच कर रही है और वह जहां भी हों उन्हें वापस लाना उनकी जिम्मेदारी है। कुमारस्वामी ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार लोगों को सूखा राहत के मुद्दे से भटकाने के लिए केंद्र सरकार पर उल्लू बैठाने की कोशिश कर रही है। यूपीए काल के दौरान एनडीआरएफ को 8 प्रतिशत धनराशि प्राप्त हुई, जबकि एनडीए काल के दौरान एनडीआरएफ को 38 प्रतिशत धनराशि प्राप्त हुई। हालांकि, उन्होंने बदनामी फैलाने और विरोध प्रदर्शन के लिए कांग्रेस सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि वे बार-बार यह कहकर केंद्र सरकार पर धौंस जमाने की कोशिश कर रहे हैं कि उनके द्वारा मांगे गए राशि को जारी करना चाहिए था। इस मौके पर कुमारस्वामी ने कहा कि वह एनडीए उम्मीदवारों की ओर से होसपेट, शिवमोग्गा, कलबुर्गी, बीदर, रायचूर, कोप्पल में चुनाव प्रचार में हिस्सा लेंगे।





### प्रज्वल रेवन्ना मामला

## एसआईटी जांच का करता हूं स्वागत:जीटी देवेगौड़ा



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** जेडीएस कोर कमेटी के अध्यक्ष जीटी देवेगौड़ा ने कहा कि वह सांसद प्रज्वल रेवन्ना के यौन उत्पीड़न के आरोपों में राज्य सरकार द्वारा विशेष जांच दल की नियुक्ति का स्वागत करते हैं। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान विरोधियों को हराने के लिए हर तरह के प्रयास किये जाते हैं। यह इसका हिस्सा हो सकता है। हमने यौन उत्पीड़न का कोई आरोप नहीं देखा है। हम राज्य सरकार द्वारा एसआईटी की नियुक्ति का स्वागत करते हैं। हम पार्टी के दायरे में आरोप पर चर्चा करेंगे और निर्णय लेंगे। पेन ड्राइव या प्रज्वल रेवन्ना के विदेश जाने का मामला उनकी नजर में नहीं आया। उन्होंने कहा कि वह चुनाव प्रचार में व्यस्त हैं और इस बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है। देखा गया है कि कांग्रेस ने इस मुद्दे पर विरोध जताया है। सरकार भी उनकी है, एसआईटी समेत सभी जांच एजेंसियां उनकी सरकार के अधीन हैं। उन्होंने कहा कि वह किसी भी तरह की जांच का स्वागत करेंगे।

# मोदी बुजुर्गों के लिए लाए बड़ी योजना, करीब 40 लाख बुजुर्गों को मिलेगा लाभ: यादव

**भोपाल, 28 अप्रैल (एजेंसियां)।**
मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुजुर्गों के लिए बड़ी योजना लाए हैं। इस योजना से देश के करीब 40 लाख बुजुर्गों को लाभ मिलेगा। डॉ. यादव एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने भोपाल में आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठजनों का 5 लाख रूपए के निःशुल्क इलाज के लिए फार्म भरवाकर अभियान का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने भोपाल के शास्त्री नगर में 80 वर्षीय भंवरलाल पुरोहित, 74 वर्षीय भंवरीबाई पुरोहित, 82 वर्षीय पंकजा पी नायर और 82 वर्षीय मालती गुप्ता और श्री शर्मा ने भोपाल के 6 नंबर स्टॉप के पास अंकुर कॉम्प्लेक्स में 84 वर्षीय कमलचंद कोठारी और 78 वर्षीय सरोज कोठारी के निवास पहुंचकर योजना का फार्म भरवाकर अभियान का शुभारंभ किया। शास्त्री नगर में योजना के शुभारंभ अवसर पर लोकसभा चुनाव के प्रदेश सह प्रभारी सतीष उपाध्याय उपस्थित रहे।




डॉ. यादव ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी भारत के बुजुर्गों का ख्याल रखने के लिए इस योजना को लेकर आए हैं। पार्टी के संकल्प-पत्र में आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना को शामिल कर इसे पूरा करने की गारंटी प्रधानमंत्री श्री मोदी ने दी है, ताकि 70 साल से अधिक आयु के हर वर्ग और हर समाज के बुजुर्गों को इलाज में कोई परेशानी नहीं हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना की खास बात यह है इनकम टैक्स का दायरा इसमें शामिल नहीं किया गया है। इसलिए इस योजना का लाभ हर 70 साल से अधिक बुजुर्ग को मिलेगा। 70 साल का हर बुजुर्ग 5 लाख का इलाज प्रदेश के किसी भी निजी अस्प-ताल में मुफ्त में करा सकेंगे। अगर इलाज में उसके बाद भी कोई आवश्यकता पड़ती है तो प्रदेश सरकार ने एयर एंबुलेंस सुविधा को शुरू किया है। डॉक्टरों और कलेक्टर के आपस में संवाद के बाद उन्हें इस योजना का भी लाभ दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भोपाल के दक्षिण-पश्चिम विधानसभा से आयुष्मान लाभ विस्तार अभियान को भारतीय जनता पार्टी ने शुरू किया है। आने वाले दिनों में पूरे प्रदेश में इस योजना के तहत फॉर्म भराए जाएंगे और हम प्रधानमंत्री श्री मोदी की गारंटी को पूरा करने का हिस्सा बनेंगे, ताकि बुजुर्गों को इसका लाभ मिल सके। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने बुजुर्गों को आयुष्मान योजना में जोड़कर बड़ा काम किया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने प्रधानमंत्री आवास के तहत देश के गरीबों को चार करोड़ मकान दिए। उज्जवला योजना के तहत देशभर में महिलाओं को अब धुएं से राहत मिली है। साथ ही 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है।

डॉ. यादव ने कहा कि यह चुनावी समय है, परन्तु भाजपा का दृष्टिकोण हमेशा सेवा और समर्पण का रहा है। हम बुजुर्गों की इस योजना को प्रदेश में सफलता के साथ पूरा कर हर पात्र बुजुर्ग को इसका लाभ दिलाएंगे। डॉ यादव ने प्रदेश में 7 और 13 मई को होने वाले मतदान में बड़ी संख्या में लोगों से वोट करने की अपील की। उन्होंने कहा कि देश की जनता के आर्शीर्वाद से एक बार फिर मोदी सरकार और अबकी बार 400 पार होकर रहेगा। प्रदेश की सभी 29 सीटें भाजपा जीत कर श्री मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाकर उनके हाथ मजबूत करेगी।

प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने हर वर्ग व समाज के 70 वर्ष से अधिक के बुजुर्गों को आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख तक के निःशुल्क इलाज का अधिकार प्रदान किया है। यह प्रधानमंत्री श्री मोदी की गारंटी है। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता समाप्त होने के बाद श्री मोदी ऐतिहासिक बहुमत से तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते ही यह योजना लागू हो जाएगी। देश के लाखों बुजुर्गों को अब समय पर बेहतर इलाज मिल सकेगा, कोई भी बुजुर्ग आर्थिक परेशानी की वजह से इलाज से वंचित नहीं रह सकेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने इस योजना में आयकरदाताओं और गरीबी की रेखा के ऊपर जीवन यापन करने वाले 70 वर्ष से अधिक के बुजुर्गों को शामिल कर उनके इलाज की गारंटी दी है। इस योजना में किसी भी जाति, धर्म, समाज व क्षेत्र का प्रतिबंध नहीं है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा के संकल्प पत्र में 70 वर्ष से अधिक के बुजुर्गों को 5 लाख तक के निःशुल्क इलाज की गारंटी दी थी। उसी के तहत आज से मध्यप्रदेश में बुजुर्गों के फार्म भरवाने की प्रक्रिया शुरू की गई है। वे प्रदेशभर के बुजुर्गों को बधाई और शुभकामनाएं देते हैं कि देश को ऐसे प्रधानमंत्री मिले हैं, जो सभी के हितों के लिए कार्य कर रहे हैं।

# यूपीए की सरकार में भ्रष्टाचार का ओलंपिक खेल खेला गया : राजनाथ सिंह




**अहमदाबाद, 28 अप्रैल (एजेंसियां)।**
रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। यहां तक कि उन्होंने कांग्रेस को समाप्त करने की बात तक कह दी। सिंह ने कहा कि आजादी के समय महात्मा गांधी ने कहा था कि कांग्रेस को समाप्त कर दिया जाए।

अब जनता ने तय किया है कि महात्मा गांधी ने जो कहा था उसे पूरा किया जाए। वहीं, सबसे पुरानी पार्टी पर भ्रष्टाचार करने का भी आरोप लगाया।

राजनाथ सिंह ने कहा, मौलिक अधिकारों का निलंबन कांग्रेस पार्टी के शासन के दौरान हुआ। यहां तक की चुनी गई प्रदेशों की सरकारों को अगर सबसे ज्यादा किसी ने परेशान किया है तो कांग्रेस ने किया है।

अब तक अनुच्छेद 356 के तहत देश में 132 बार राष्ट्रपति शासन लगाया जा चुका है, जिसमें से 90 बार कांग्रेस ने लगाया है। अकेले इंदिरा गांधी ने सरकार गिराने में आधी सदी लगा दी थी और आरोप हम पर लगा रहे हैं कि हम लोकतंत्र का गला घोंट रहे हैं।

उन्होंने कहा, मैं कांग्रेस से पूछना चाहता हूं कि क्या हमारी सरकार ने एक भी चुनी प्रदेश की सरकार को गिराया है? एक भी ऐसी सरकार बताए। यह लोग लगातार कह रहे हैं कि हम लोग लोकतंत्र का गला घोंट कर रहे हैं। इस दौरान रक्षा मंत्री ने कहा कि यूपीए की 10 साल की सरकार में भ्रष्टाचार का ओलंपिक खेल खेला गया और जो सबसे बड़ी आयोजक निकली वो कांग्रेस पार्टी थी।

उन्होंने आगे कहा, आजादी के समय महात्मा गांधी ने कहा था कि कांग्रेस को समाप्त कर देना चाहिए, लेकिन कांग्रेस ने उनकी बात नहीं सुनी। इसलिए मुझे लगता है कि अब जनता ने सोचा और तय किया है कि महात्मा गांधी ने जो भी कहा था उसे पूरा किया जाए।

अब हमें इस कांग्रेस को समाप्त करना होगा, मुझे लगता है कि लोग भी कांग्रेस को समाप्त करने के लिए सहमत होंगे।

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से रामराज्य का सपना होगा साकार: तोमर

**मुरैना, 28 अप्रैल (एजेंसियां)।**
मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने आज कहा कि अयोध्या रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से राम राज्य का सपना साकार होगा।

श्री तोमर जिले के दिमनी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम दत्तहरा, खडीहाहार और सिहोनिया में आयोजित हिन्दू नववर्ष समरसता मिलन समारोहों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर निर्माण को बीते 500 सालों से संघर्ष चल रहा था। देश की जनता ने आशीर्वाद देकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों को मजबूती दी तो सदियों पुराना संघर्ष समाप्त हुआ और अयोध्या में प्रभु रामलला की प्राण प्रतिष्ठा और मंदिर का निर्माण हुआ। प्रभु श्रीराम के मंदिर का निर्माण भारत में राम राज्य की स्थापना के सपने को साकार करने वाला साबित होगा।



विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि दृढ़ निश्चय वाली मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर से धारा-370 को हटाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार सनातन धर्म को बढ़ावा देने और उसके विस्तार के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है। राम मंदिर का निर्माण होने के बाद अब जल्द ही मथुरा में कृष्ण जन्म भूमि के विवाद का भी निपटारा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार सबका साथ, सबका विकास की भावना के साथ सभी वर्गों के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। उज्जवला, लाड़ली बहना योजनाओं से महिलाओं को सशक्त बनाने का काम किया जा रहा है। सम्मान निधि योजना के माध्यम से देश के अन्नदाताओं को सम्मान देने का कार्य भाजपा सरकार ने किया है।

# उत्तराखंड में पांच ड्रग्स तस्कर गिरफ्तार दो करोड़ से अधिक की ड्रग्स बरामद

**देहरादून, 28 अप्रैल (एजेंसियां)।**
उत्तराखंड पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) की नशा उन्मूलन छापेमारी दल (एएनटीएफ) और देहरादून पुलिस ने रविवार को दो अलग-अलग स्थानों से कई करोड़ रुपए कीमत के एलएसडी ड्रग्स, हेरोइन और चरस बरामद की है। साथ ही, एक अंतरराष्ट्रीय तस्कर सहित कुल पांच नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है।

ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान के अंतर्गत, एसटीएफ और पुलिस की टीमों को रविवार बड़ी सफलता मिली। देहरादून के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अजय सिंह ने आज बताया कि थाना प्रेमनगर को शनिवार को कुख्यात कोबरा गैंग के सदस्यों द्वारा देहरादून में हाई प्रोफाइल ड्रग एलएसडी (लिजरजिक एसिड डाइथिलएमाइड) सप्लाई किये



जाने की सूचना मिली। जिस पर थानाध्यक्ष ने अपने स्तर पर तत्काल अलग-अलग टीमें गठित की। जिसने मुखबिर की सूचना पर, चैकिंग के दौरान, नंदा की चौकी, बिधोली रोड से तीन अभियुक्तों को एलएसडी के 2058 ब्लॉटस, 6 ग्राम अवैध हेरोइन तथा इलेक्ट्रॉनिक मिनी तराजू, के साथ गिरफ्तार किया गया। साथ ही, तस्करी में प्रयुक्त दो वाहनो को भी सीज किया गया।

श्री सिंह ने बताया कि गिरफ्तार इन नशा तस्करों की पहचान रजत भाटिया पुत्र अशोक भाटिया, निवासी मकान नंबर- 22 हकीकत नगर, थाना सदर, जिला सहारनपुर, उत्तर प्रदेश, उम्र 25 वर्ष, इसी मोहल्ले का शिवम अरोड़ा पुत्र अशोक अरोड़ा, उम्र 25 वर्ष और कृष गिरोटी पुत्र प्रवीण गिरोटी, निवासी मकान नंबर 11सी, ईदगाह, चकराता रोड, थाना कैंट, देहरादून के रूप में हुई है। जिनसे बरामद ड्रग्स की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगभग दो करोड, पांच लाख रुपये है। भारतीय बाजार में इसकी कीमत लगभग 63 लाख रुपए अनुमानित है। ये लोग एलएसडी मंगवाने के लिये डार्क वैब का प्रयोग करते थे। उल्लेखनीय है कि देहरादून पुलिस पूर्व में भी इस ड्रग्स के साथ एक विदेशी महिला और भारतीय पुरुषों को गिरफ्तार कर चुकी है। अभियुक्तो को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम को एसएसपी द्वारा 25000/- रुपए के पुरुस्कार से पुरस्कृत करने की घोषणा की गई है।

दूसरी ओर, इस बार एएनटीएफ ने एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्कर व एक अन्य तस्कर को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 3 किलो 400 ग्राम चरस बरामद की है। एसएसपी, एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि बरामद चरस की अंतरराष्ट्रीय बाजार में लाखों रुपए कीमत आंकी गई है। उन्होंने आज बताया कि सीओ एसटीएफ आरबी चमोला के पर्यवेक्षण में थाना रायपुर पुलिस के साथ, तपोवन रोड के पास से अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स तस्कर धर्मराज धामी पुत्र हरी लाल, निवासी नेपाल, उम्र 43 वर्ष तथा आयुष रावत पुत्र त्रिलोक सिंह रावत, निवासी ग्राम नेगर, थाना देवप्रयाग, जनपद टिहरी गढ़वाल, उम्र 20 को गिरफ्तार किया है। जबकि मौके से दो चरस् तस्कर नीरज कठैत व सौरभ चौहान भागने में सफल रहे। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त पिछले कई सालों से उत्तराखंड में चरस की सप्लाई कर रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि वह यह चरस नेपाल से लेकर आते हैं।

# जम्मू-कश्मीर में 2 जगह फायरिंग, विलेज गार्ड की मौत

## मीरान साहिब में आपा नेता की दुकान पर गोलीबारी

**जम्मू, 28 अप्रैल (एजेंसियां)।**
जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले के बसंतगढ़ में पनारा गांव में सुबह करीब 7:45 बजे गोलीबारी हुई। जिसमें ग्राम रक्षा गार्ड (वीडीजी) का एक सदस्य घायल हो गया था। दोपहर में उसकी मौत हो गई। वीडीजी के सदस्य जंगल में गश्त कर रहे थे। तभी कुछ संदिग्ध लोगों से मुठभेड़ हो गई थी। आधे घंटे तक चली गोलीबारी के बाद आतंकवादी जंगल में भाग गए। सुरक्षा बलों ने उनका पीछा किया। इस गोलीबारी में खानेद निवासी वीडीजी सदस्य मोहम्मद शरीफ गोलीबारी में गंभीर रूप से घायल हो गए और बाद में उनकी मौत हो गई।

दूसरी घटना, मीरान साहिब इलाके में शनिवार की रात हुई। जहां अनजान हमलावरों ने आम आदमी पार्टी के नेता की मिठाई



की दुकान पर फायरिंग की। हालांकि इस घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। पुलिस के मुताबिक रविवार सुबह एक टीम वीडीजी को साथ लेकर चोचरू गाला हाइट्स की तरफ गई। जहां छिपे हुए आतंकवादियों से उनकी मुठभेड़ हो गई। ये आतंकवादी 2 अलग-अलग गुट में कठुआ से बसंतगढ़ की ओर तरफ गए थे। वीडीजी की टीम का 5 आतंकियों से सामना हुआ। जबकि दूसरे गुट का पता नहीं चला। पुलिस के मुताबिक इसमें 4 आतंकवादी हो सकते हैं। इन आतंकियों की आखिरी लोकेशन कठुआ की सीमा से लगे माचेडी टॉप इलाके में मिली थी। ये आतंकी घने जंगल का फायदा उठाकर चेनाब घाटी के रास्ते कश्मीर की ओर जा रहे हैं। सेना ने जंगल में हेलिकॉप्टर से भेजा गया और आतंकवादियों की तलाश जारी है।

मीरान साहिब इलाके में गोलीबारी की खबर लगते ही पुलिस टीम पहुंची। पुलिस का कहना है कि घटना में एक राजनीतिक दल के स्थानीय नेता शामिल थे। पुलिस का कहना है कि यह फिरौती से जुड़ा मामला था, जिसके चलते दुकान के अंदर गोलीबारी की गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि दो लोग मोटरसाइकिल पर आए और मिठाई की दुकान पर गोलीबारी करके भाग गए। इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। पुलिस ने हमलावरों का हथियार बरामद कर लिया है। मीरान साहिब थाने में मामला दर्ज किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अब्बू जट नाम के एक सोशल मीडिया हैंडल ने मीरान साहिब में मिठाई की दुकान पर हमले की जिम्मेदारी ली है।

हैंडल पर हिंदी में एक पोस्ट में लिखा- हम मीरान साहिब खजूरिया (मिठाई की दुकान) के बाहर हुई फायरिंग की जिम्मेदारी लेते हैं। अगर हमारी बात अनस-नी की गई तो यह और भी बुरा हो सकता है। हम यहां हैं लेकिन हमारे भाई अभी भी बाहर हैं। इसलिए यह मत समझिए कि हमने एक नया अध्याय शुरू किया है और शांति का अभ्यास कर रहे हैं। अगर हमारी मांगें पूरी नहीं हुईं तो अगली गोली हवा में नहीं चलाई जाएगी।

# गोपालगंज में तीन पुलिसकर्मियों की मौत, 12 से अधिक घायल




**गोपालगंज, 28 अप्रैल (एजेंसियां)।**
बिहार में गोपालगंज जिले के सिधवलिया थाना क्षेत्र में रविवार को कंटेनर की चपेट में आने से तीन पुलिसकर्मियों की मौत हो गयी तथा 12 से अधिक लोग घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि पुलिस लाइन से तीन बस पर सवार जिला बल के जवान चुनाव कराने के लिए सुपौल जा रहें थें। रास्ते में बरहिमा मोड़ के पास राष्ट्रीय उच्चपथ संख्या 27 पर सभी लोग बस रोककर नाश्ता कर रहे थें,तभी तेज रफ्तार में आई कंटेनर ने पीछे से बस में टक्कर मार दी। सूत्रों ने बताया कि इस दुर्घटना में तीन पुलिसकर्मी की मौत हो गयी तथा 12 से अधिक घायल हो गये। मृतकों की पहचान अशोक उरांव,पवन महतो और दिग्विजय के रूप में की गयी है। घायलों को इलाज के लिये सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# छत्तीसगढ़: मतदाताओं को वोट देने पर मिलेगी आकर्षक छूट

**रायपुर, 28 अप्रैल (एजेंसियां)।**
छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स राज्य में चुनाव के दौरान वोट का प्रतिशत बढ़ाने तथा शत-प्रतिशत मतदान करने की दिशा में अपनी अग्रणी भूमिका निभाने जा रहा है। साथ ही शहरी मतदान का प्रतिशत अधिक से अधिक बढ़ाने का भी प्रयास किया जाएगा।

चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अमर परव-ानी के नेतृत्व में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ गौरव कुमार सिंह से मुलाकात कर अलग-अलग व्यापारिक समूह अपने उत्पादों में मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए छूट देने की घोषणा की गयी। इसके तहत जो मतदाता अंगुली की स्याही उनके दुकानों, प्रतिष्ठानों में आकर दिखाएगा उसे तत्काल विभिन्न उत्पाद, रेस्टोरेंट में अलग-अलग छूट दी जाएगी।

इसी प्रकार फर्नीचर एसोसिएशन द्वारा 10 प्रतिशत, कपड़ा व्यापारी एसोसिएशन द्वारा 10 प्रतिशत, रायपुर ऑप्टिकल एसोसिएशन द्वारा 15 प्रतिशत, प्लाईवुड एसोसिएशन द्वारा 5 प्रतिशत, शराफा एसोशिएशन द्वारा गोल्ड मेकिंग चार्ज पर 15 प्रतिशत का डिस्काउंट दिया जाएगा। रविभवन व्यापारी संघ अपने एसेसरीज उत्पादों में 10 प्रतिशत छूट देंगे एवं मोबाईल रिपेयरिंग के साथ मोबाईल गार्ड फ्री देंगे।

साथ ही एफएमसीजी होलसेल डिस्ट्रीब्यूटर्स संघ ने कहा कि वे 15 प्रतिशत ऑन एमआरपी पर छूट देंगे। कैफे एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन द्वारा 10 प्रतिशत, राडा द्वारा कार के एसेसरीज द्वारा 10 प्रतिशत, ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन द्वारा पांच टन से अधिक क्षमता वाले माल वाहकों के फ्रेट पर 10 प्रतिशत का डिस्काउंट देंगे। कम्प्यूटर एसोसिएशन की तरफ से हर लैपटॉप पर आकर्षक गिफ्ट दिया जाएगा। एल्यूमीनियम एसोसिएशन के ग्राहकों को आकर्षण गिफ्ट मिलेगा। एमजी रोड के टू व्हीलर एसोसिएशन द्वारा स्पेयर्स पार्ट्स पर 20 प्रतिशत की छूट, आईडीबीटी व्यापारी संघ द्वारा फूड आयटम पर 15 प्रतिशत की छूट, टॉय व्यापारी एसोसिएशन द्वारा एमआरपी पर 10 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। इसके साथ ही मार्बल टाईल्स एसोसिएशन, ड्राईफ्रूट एसोसिएशन, साईकिल एसोसिएशन, गोलबाजार व्यापारी संघ, बंजारी रोड व्यापारी संघ, कार एसेसरीज व्यापारी संघ द्वारा आकर्षक गिफ्ट मतदाताओं को दी जाएगी।

# सत्ता से वंचित कांग्रेस-सपा बिन पानी की मछली जैसे तड़पती है: योगी

## योगी ने आंवला लोकसभा के मतदाताओं से की अपील

**आंवला, 28 अप्रैल (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को सुभाष इंटर कॉलेज ग्राउंड में जनसभा कर आंवला लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं से संवाद किया। सीएम ने इस सीट से सांसद व भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप को पुनः दिल्ली में भेजने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आंवला के ऐतिहासिक महत्व से अपना संवाद शुरू किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दस वर्ष में बदले भारत की तस्वीर रखी तो विपक्षियों के इंडी गठबंधन पर भी करारा प्रहार किया। सीएम ने कहा कि सत्ता से वंचित होने के बाद सपा-कांग्रेस, बसपा के लोग ऐसे तड़प रहे हैं, जैसे बिन पानी मछली तड़पती है।



सीएम ने कहा कि कभी यक्ष ने धर्मराज युधिष्ठिर से 100 प्रश्न पूछे थे। हम सपा, बसपा व कांग्रेस से 10 प्रश्न पूछना चाहते हैं। सीएम ने कहा कि कांग्रेस को 60-65 वर्ष, सपा-बसपा ने प्रदेश में तीन से चार बार शासन किया, फिर भी इन्होंने समस्याएं पैदा कीं। हम पूछना चाहते हैं कि देश के सामने पहचान, सुरक्षा का संकट पैदा करने वाले कौन हैं।

देश को विकास से वंचित करने, भूखमरी से हुई मौतों का दोषी कौन, अन्नदाता किसानों की मौत का जिम्मेदार कौन, सपा-बसपा व कांग्रेस सरकार में तुष्टिकरण की घातक नीति के कारण हुए दंगे, निर्दोषों की मौत और व्यापारियों के नुकसान का दोषी कौन, भ्रष्टाचार के कारण भारत के बाधित विकास का दोषी कौन, बेरोजगारी के कारण 2014 के पहले पलायन करने वाले नौजवानों के जीवन से खिलवाड़ करने का दोषी कौन, बिजली-पानी से जनता को वंचित करने का दोषी कौन। इतने दशकों तक शासन करने के बाद भी कांग्रेस, सपा व बसपा ने आस्था से खिलवाड़ किया, इसका दोषी कौन है।

सीएम ने कहा कि मुलायम सिंह की मृत्यु पर हम लोग लखनऊ व सैफई गए थे, लेकिन उप्र के विकास व रामजन्म भूमि के लिए कल्याण सिंह का जीवन समर्पित रहा।

सपा के मुख से उनके लिए संवेदना के एक भी शब्द नहीं फूटे, लेकिन यह लोग माफिया के मरने पर फातिहा पढ़ने गए थे। ऐसे लोगों को सत्ता में आने का अधिकार नहीं है। सपा ने एक ही परिवार को टिकट बांट दिए। परिवार के बाहर उनकी सोच नहीं है। सहारा जाति का लेंगे, लेकिन घूम-फिर कर परिवार में ही आएंगे। सपा परिवार में महाभारत के सभी पात्र मिल जाएंगे।

सीएम ने कहा कि कांग्रेस व सपा देश-प्रदेश को दंगों की आग में झोकना चाहती है। यह लोग विकास में बैरियर हैं। देश के विकास में किसी को बैरियर नहीं बनने देना है। कांग्रेस चाहती तो आजादी के तत्काल बाद राम जन्मभूमि के निर्माण का कार्य प्रशस्त हो गया होता, लेकिन यह राम के अस्तित्व पर सवाल उठाते रहे। हमारे आराध्य को अपनी जन्मभूमि के लिए प्रमाण जुटाने पड़े, लेकिन सच कोई झूठला नहीं सकता।

आखिरकार मंदिर बना और राम जी अपने दिव्य मंदिर में विराजमान हुए।

सीएम ने विपक्षियों को घेरते हुए जनता से पूछा कि क्या यह लोग माफिया से निपटने का काम कर पाएंगे, जवाब मिला-नहीं। सीएम ने कहा कि यह लोग दंगाइयों व माफिया को गले का हार बनाकर घूमते थे। भाजपा सरकार है कि माफिया गले में तख्ती लगाकर घूम रहा है कि साहब, एक बार जान बख्श दो। माफिया को मेहनत करना सिखाओ, वरना कमजोरों को तबाह, नौजवानों को तमंचा देंगे, लेकिन हमें उसके हाथ में टैबलेट देना है। हमें व्यापारी से रंगदारी वसूली करने वाले नहीं, स्वनिधि देने वाली सरकार चाहिए। स्वामित्व योजना में मालिकाना हक देने वाली सरकार चाहिए।

सीएम ने कहा कि जाति के सौदागर जाति के नाम पर आपके बीच आएंगे। वे परिवार का पेट भरेंगे, उन्हें जनता से कोई मतलब नहीं। बाबा साहेब ने संविधान बनाते समय कहा था कि धर्म के आधार पर आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा, आरक्षण का लाभ अनुसूचित जाति, जनजाति व पिछड़ी जाति को मिलेगा, लेकिन कांग्रेस की इस पर बुरी दृष्टि है। आप इन्हें हिंदुओं के हक पर डकैती डालने की छूट न दीजिए। इनकी कुदृष्टि आपकी संपत्ति पर है। यह सर्वे कराकर विरासत टैक्स लगाएंगे यानी आपकी आधी संपत्ति पर कांग्रेस व सपा की नजर है। इनकी मंशा स्वीकार नहीं होने देना है।

सीएम ने आह्वान किया कि मोदी ने देश को सुरक्षा व विकास का विजन दिया है। सुरक्षा की गारंटी केवल भाजपा ही दे सकती है। किसी के बहकावे में न आएं, जो देश के साथ है-आप उसके साथ रहें। देश, सुरक्षा व वोट आपका है तो सरकार भी आपकी होनी चाहिए। देश से बढ़कर कोई भी नहीं है। देशहित में ही हमारा हित है, इसलिए पहला काम मतदान। देशहित के विकास, सुरक्षा, सनातन आस्था का सम्मान करने वाली सरकार चाहिए, जो केवल भाजपा ही देगी। उन्होंने अपील की कि हमें राष्ट्रवादी मिशन के साथ आगे बढ़ते हुए मोदी जी को तीसरा कार्यकाल देना है।

इस अवसर पर आंवला से विधायक और प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह, जिलाध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, विधायक श्याम बिहारी लाल, राघवेंद्र शर्मा, राजीव सिंह, पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य आदि मौजूद रहे।

# अखाड़ा सजने से पहले ही हार मान चुकी है सपा : योगी

## बदायूं की जनसभा में बोले सीएम योगी आदित्यनाथ



**बदायूं, 28 अप्रैल (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को निशाने पर लेते हुए कहा कि जो लोग ईश्वरी ताकत को चुनौती देते हैं उनका पतन तय है। उन्होंने कहा कि सपा ने लोकसभा चुनाव का मजाक बनाकर रख दिया है। सपा द्वारा बार बार अपने प्रत्याशियों को बदलना ये दिखाता है कि अखाड़ा सजने से पहले ही इन लोगों ने हार मान लिया है। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस को उसके मेनिफेस्टो के आधार पर आड़े हाथ लेते हुए कहा कि कांग्रेस देश के खिलाफ हिडेन एजेंडे पर काम कर रही है। सीएम योगी रविवार को बिल्सी में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी और क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय शाक्य के लिए विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

योगी ने कहा कि पहले के पीएम अयोध्या जाने से संकोच करते थे। मोदी जी पहले प्रधानमंत्री हैं जो अयोध्या में राम जन्मभूमि दर्शन को गए और रामलला को 500 साल बाद उनके भव्य मंदिर में विराजमान भी कर दिया। मुख्यमंत्री योगी ने अपने संबोधन की शुरुआत सप्तऋषि परंपरा के महान ऋषि कश्यप और महाराज भगिरथ की तपोभूमि व वेदों की पावन धरा बदायूं को नमन करते हुए किया। सीएम ने कहा कि लोकसभा चुनाव चल रहा है। मगर इसे भी सपा ने मजाक का विषय बना दिया है। सपा ने इतनी बार अपना प्रत्याशी बदल दिया है कि अखाड़ा सजने से पहले ही वह अपनी हार मान चुकी है। यहां से तो चाचा ने भी पलायन करना ठीक समझा और भतीजे के पांव भी पहले ही उखड़ चुके हैं। सपा ने यही काम शाहजहांपुर, रामपुर और मेरठ में भी किया है। मगर जनता कह रही है कि इससे कोई फायदा होने वाला नहीं, वह सपा के पुराने सभी कारनामों का हिसाब-किताब करेगी।

सीएम ने कहा कि गंगा एक्सप्रेस वे से जुड़ने के बाद यह क्षेत्र औद्योगिक विकास की प्रक्रिया का हिस्सा बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि बदायूं हमेशा सकारात्मक शक्तियों के साथ रहा है। कहा 2014 से पहले भारत में आतंकी विस्फोट हुआ करते थे तब पाकिस्तान में जश्न मनता था और भारत की सरकार मौन रहती थी। आज पाकिस्तान पटाखे छूटने पर भी सफाई देने लगता है, क्योंकि उसे पता है कि कब कहां सर्जिकल स्ट्राइक हो जाए। आज देश सुरक्षा, समृद्धि और सम्मान के साथ हाईवे-एक्सप्रेस वे तथा विकास के नये-नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। गरीब कल्याणकारी योजनाओं की लंबी शृंखला जनता के लिए उपलब्ध है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों में आस्था के साथ खिलवाड़ किया जाता था। कांग्रेस के लोग कहते थे कि राम और कृष्ण हुए ही नहीं। आज 500 साल का इंतजार खत्म हो चुका है और रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान हो गये हैं।

उन्होंने कहा कि बहकाने वाले बहुत आएंगे, हमें किसी के बहकावे में नहीं आना है। योगी ने कहा कि हम हर जनपद महापुरुषों और आस्था को सम्मान देंगे। हमने काशी और अयोध्या से शुरुआत कर दी है, बृज भूमि और उसके बाद बदायूं का नंबर भी आने वाला है। सीएम ने कहा कि कांग्रेस, सपा और बसपा से सावधान रहना है। इनका भारत के खिलाफ छिपा हुआ हिडेन एजेंडा है। ये अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ा वर्ग के आरक्षण में सेंधमारी करने जा रहे हैं। ये संपत्ति का सर्वे करके आपकी संपत्ति पर विरासत टैक्स लगाने की तैयारी में है। दुर्भाग्य से अगर कांग्रेस आ गई तो आपकी संपत्ति पर कांग्रेस और सपाई कब्जा कर लेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने माफिया और गुंडो को ठीक कर दिया है, हालत खराब कर दी गई है। उन्होंने सपा पर आरोप लगाया कि पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के निधन पर समाजवादी पार्टी की ओर से शोक संवेदना के लिए एक शब्द भी नहीं निकले थे, मगर एक माफिया की मौत पर सपा सुप्रीमो उसके घर फातिहा पढ़ने चले गये थे। योगी ने कहा कि हमें अपने वोट को आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के लिए देना है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री बीएन वर्मा, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष और बदायूं सीट से प्रत्याशी दुर्विजय शाक्य, प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा, सांसद संघमित्रा मौर्य, विधायक बिल्सी हरीश शाक्य, विधान परिषद सदस्य वागीश पाठक, विधायक महेश गुप्ता, राजीव कुमार सिंह, विमल कृष्ण अग्रवाल, अजीत यादव, कुशाग्र सागर, डीके भारद्वाज, जितेन्द्र यादव, राजेश यादव सहित अन्य गणमान्य शामिल रहे।

# लखनऊ एयरपोर्ट के नए टर्मिनल से प्रभावित हुए पूर्व क्रिकेटर

## उत्तर प्रदेश में हो रहा कमाल का काम: पीटरसन

**लखनऊ, 28 अप्रैल (एजेंसियां)।** दक्षिण अफ्रीकी मूल के विस्फोटक इंग्लिश क्रिकेटर रहे केविन पीटरसन भी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विकास कार्यों के प्रशंसक हो गए हैं। दुनिया के सबसे व्यस्त एयरपोर्ट से लेकर दुनिया के सबसे बड़े एयरपोर्ट तक जा चुके केविन पीटरसन लखनऊ एयरपोर्ट के नए टर्मिनल को देखकर अचंभित रह गए। आईपीएल 2024 के लिए लखनऊ पहुंचे केविन पीटरसन ने लखनऊ एयरपोर्ट के नए टर्मिनल को वर्ल्ड क्लास बताते हुए कहा है की उन्होंने इतना खूबसूरत एयरपोर्ट टर्मिनल आज तक नहीं देखा। उन्होंने इसके लिए सीएम योगी की प्रशंसा भी की। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लखनऊ एयरपोर्ट पर अपनी तस्वीर साझा करते हुए उन्होंने बाकायदा सीएम योगी आदित्यनाथ को टैग किया है और लखनऊ एयरपोर्ट की तारीफ की।



क्रिकेट के मैदान पर अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए मशहूर रहे केविन पीटरसन ने पूरी दुनिया घूमी है, लेकिन लखनऊ एयरपोर्ट की खूबसूरती ने उनका दिल जीत लिया। पीटरसन लखनऊ एयरपोर्ट के नए टर्मिनल की खूबसूरती और सुविधाओं से काफी प्रभावित नजर आए। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा, लखनऊ के नए एयरपोर्ट टर्मिनल में स्ट्रीट ऑफ फ्लावर्स वाकई में वर्ल्ड क्लास है। इस खूबसूरत राज्य उत्तर प्रदेश के लिए सभी ने मिलकर क्या कमाल का काम किया है। मुझे यकीन है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इस पर बहुत गर्व होगा। भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है।

लखनऊ एयरपोर्ट के पुराने दोनों टर्मिनल की क्षमता कम थी, जिसकी वजह से योगी सरकार ने लखनऊ एयरपोर्ट का विस्तार कराया है। एयरपोर्ट का नया टर्मिनल खूबसूरत तो है ही, ज्यादा क्षमता वाला भी है। लखनऊ एयरपोर्ट का तीसरा टर्मिनल मार्च महीने से ही शुरु हुआ है, जिसकी सालाना क्षमता 80 लाख यात्रियों की है। उत्तर प्रदेश में 4 इंटरनेशनल एयरपोर्ट मौजूदा समय में वर्किंग हैं और साथ ही 11 घरेलू एयरपोर्ट भी संचालित हो रहे हैं। वहीं 6 एयरपोर्ट का तेजी से निर्माण हो रहा है।

## कमल पर पड़ा आपका वोट रामलला के श्रीचरणों में जाएगा

# भारत की समृद्धि लाएगा: सीएम योगी

### आगरा की जनसभा में सीएम योगी ने कहा

**एटा, 28 अप्रैल (एजेंसियां)।** 500 वर्षों के बाद अयोध्या में रामलला का आगमन हुआ। यहां के हस्तशिल्पियों व कारीगरों ने 21 टन का घंटा ले जाकर अयोध्या में जलेसर की आवाज को पहुंचाने का कार्य किया। जलेसर का घंटा जब गूंजता है तो पूरे देश की आस्था फिर से जागृत होकर आपको धन्यवाद देती है। कांग्रेस ने 65 वर्ष और सपा-बसपा ने लंबे समय तक शासन किया, लेकिन उन्होंने न जलेसर की सुध ली और न ही उन्हें रामलला के मंदिर के बारे में अता-पता था। कांग्रेस ने कहा कि राम हुए ही नहीं। रामभक्त जब कहते थे कि रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे तो सपा कहती थी कि परिंदा भी पर नहीं मार सकता। परिंदा तो क्या, अब वहां प्रतिदिन लाखों रामभक्त आ रहे हैं। सीएम ने मतदाताओं से अपील की कि कमल निशान पर पड़ने वाला आपका वोट रामलला के श्रीचरणों में भारत की समृद्धि के लिए जाएगा।



उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। वे रविवार को एटा के जलेसर में आगरा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी, सांसद व केंद्रीय मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल के पक्ष में मतदाताओं से जनसभा के जरिए संवाद स्थापित कर रहे थे। सीएम ने कहा कि जनता की कृपा से एसपी सिंह बघेल की जीत पक्की है पर इस बार ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाना है। सीएम योगी ने कहा कि होली खेलने के साथ ही 500 वर्षों के बाद वहां रामलला का पावन जन्मोत्सव मनाया गया। भगवान सूर्य देव ने भी सूर्यवंश मणि भगवान राम का रामनवमी पर दोपहर 12 बजे तिलक किया। यह अवसर भाजपा सरकार के कारण आया है। सपा, बसपा व कांग्रेस के लोग आस्था व सुरक्षा के साथ खेलने वाले हैं। यह नहीं चाहते थे कि रामलला विराजमान हों। सीएम ने कहा कि कांग्रेस व इंडी गठबंधन का घोषणा पत्र कहता है कि भारत के अंदर व्यक्तिगत कानून यानी तालिबानी व्यवस्था को लागू करना चाहते हैं। क्या भारत में तालीबानी शासन होना चाहिए। कांग्रेस व सपा के लोगों को आखिर क्या हो गया है। यह लगातार आस्था, राष्ट्रीय संप्रभुता व सुरक्षा से खिलवाड़ कर रहे हैं। अराजकता पैदा करने वालों को प्रश्रय देते हैं। सीएम ने कहाकि कल्याण सिंह ने जीवन प्रदेश के विकास व रामजन्मभूमि के लिए समर्पित किया। जब वे दिवंगत हुए तो सपा की तरफ से उनके प्रति संवेदना के एक भी शब्द व्यक्त नहीं किए गए, मुलायम सिंह दिवंगत हुए तो मैं उनके गांव गया था। प्रधानमंत्री ने शोक संवेदना व्यक्त किया। एक तरफ रामभक्त कल्याण सिंह का अपमान होता है तो दूसरी तरफ सपा के लोग माफिया की मौत पर फातिहा पढ़ने गए थे। आपके पास अवसर है, चुनाव के समय सपा प्रत्याशियों से बोलिए कि देश मोदी चलाएंगे, तुम लोग पांच-दस साल फातिहा पढ़ लो।

सीएम योगी ने कहा कि बिना रुके, बिना थके, बिना झुके, बिना डिगे प्रधानमंत्री मोदी ने दस वर्ष तक लगातार 24 घंटे, 365 दिन लगातार परिश्रम किया, तब दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा। सीमाएं सुरक्षित हुईं। सीएम ने कहा कि सरकार में कार्य करने की इच्छाशक्ति होनी चाहिए। हम घर-घर तक आरओ का मीठा पानी पहुंचाएंगे और जलेसर के घंटे को पूरे देश में बजाएंगे। यहां का घंटा पूरे देश के धर्मस्थलों पर बजता है। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस शासन के समय रसोई गैस के लिए मारपीट होती थी। त्योहार के दिन सिलेंडर समाप्त हो गया तो घर के मुखिया की हालत बड़ी खराब होती थी। मेहमान आ गए तो अपमान, सिलेंडर लेने गए तो पुलिस की लाठी और खाली सिलेंडर लेकर आए तो घर में बेलन से मार पड़ती थी। अब 10 करोड़ गरीबों को देश में सिलेंडर मिल रहे हैं। यूपी में होली-दीपावली में उपहार स्वरूप फ्री में सिलेंडर दे रहे हैं।

सीएम ने कहा कि बसपा, सपा व कांग्रेस के समय रंगदारी वसूली होती थी, अब स्वनिधि का लाभ दिया जा रहा है।

## कासगंज में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की रैली

# राजवीर जीते तो पार्टी उन्हें बड़ा दायित्व देगी

**कासगंज, 28 अप्रैल (एजेंसियां)।** कासगंज में भाजपा की रैली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने न केवल पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की याद दिलाई बल्कि उन्होंने यह भी कहा कि कल्याण सिंह के सुपुत्र राजवीर सिंह राजू भईया उनके मित्र हैं। शाह ने कहा कि इस बार जब वे जीतेंगे तो उन्हें बड़ा बनाया जाएगा। उनका इशारा मंत्री पद को लेकर था। शाह के



इस इशारे से राजवीर सिंह के समर्थकों में उत्साह भर गया। सांसद प्रतिनिधि डीएस लोधी ने बताया कि भाजपा के समर्थकों में काफी खुशी है और उत्साहित भी हैं।

केंद्रीय गृहमंत्री की रैली में बड़ी संख्या में महिलाएं भी मौजूद थीं। यह महिलाएं पूरी तरह से मस्ती के मूड़ में नजर आईं। रैली स्थल के आस पास लगे चाट पकौड़ों के ठेले पर चटकारे लेते नजर आ रहीं थीं। तमाम महिलाएं गोलगप्पे का आनंद ले रहीं थीं। गोलगप्पे के ठेले पर महिलाओं की काफी भीड़ देखी गई। वहीं गन्ने के जूस व शिकंजी के ठेले पर भी काफी भीड़ देखी गई।

केंद्रीय गृहमंत्री की रैली में हिस्सा लेने के लिए पालिकाध्यक्ष मीना माहेश्वरी अपने पति राजेंद्र बौहरे व अन्य समर्थकों के साथ रैली स्थल पर पहुंची। समर्थक तो पंडाल में पहुंच गए, लेकिन पालिकाध्यक्ष को सुरक्षाकर्मियों ने रोक लिया। जबकि मंच से बार बार जिला प्रभारी पूनम बजाज व प्रवासी प्रभारी हर्षवर्धन आर्य मंच से सुरक्षा कर्मियों से बार बार पालिकाध्यक्ष को अंदर भेजने की कह रहे थे, लेकिन उन्हें सुरक्षाकर्मियों ने अंदर नहीं जाने दिया। इसके बाद वह मायूस होकर वापस लौट आईं। सभा स्थल पर भाजपा के द्वारा रैली में आने वाले कार्यकर्ताओं को भाजपा की टोपी, कटआउट बांटे गए। वहीं उनके मोबाइल फोन के बीच भाजपा प्रत्याशी के स्टीकर भी लगाए गए।

# बसपा ने अमेठी समेत तीन सीटों पर घोषित किए प्रत्याशी

### रायबरेली के बाद अमेठी में भी कांग्रेस को चुनौती

**लखनऊ, 28 अप्रैल (एजेंसियां)।** बहुजन समाज पार्टी ने अमेठी संग तीन लोकसभा सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी है। अमेठी सीट पर रवि प्रकाश मौर्या को प्रत्याशी बनाया गया है। वह अयोध्या से विधानसभा चुनाव भी लड़ चुके हैं। वहीं आजमगढ़ सीट पर



सबीहा अंसारी और संतकबीरनगर सीट पर सैयद दानिश को टिकट दिया गया है।

बसपा ने पिछला लोकसभा चुनाव सपा के साथ मिलकर लड़ा था, जिसके बाद रायबरेली और अमेठी सीट कांग्रेस के लिए छोड़ दी गयी थी। हालिया चुनाव में बसपा ने दोनों सीटों पर चुनाव लड़ने का फैसला लिया है। वहीं आजमगढ़ सीट पर बसपा ने अपने अपने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भीम राजभर को प्रत्याशी बनाया था। बाद में उन्हें सलेमपुर से लड़ाने का फैसला लिया गया था। अब इस सीट पर सबीहा अंसारी चुनाव लड़ेंगी।

कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की प्रदेश महासचिव रह चुकीं सबीहा को टिकट देकर बसपा ने बड़ा दांव खेला है।

सलाह

# सोने की सबसे अच्छी और बुरी पोजीशन



हम हर रोज जिस पोजीशन में सोते हैं उनका हमारी सेहत पर काफी असर होता है। इन पोजीशन के फायदे के साथ-साथ नुकसान भी होते हैं। जानें किस पोजीशन में सोने के क्या फायदे हैं और क्या नुकसान हैं।

### सोयें सही, रहें सही

जिस तरह पर्याप्त नींद हमारे सेहत के लिए बहुत जरूरी है उसी तरह सोने का तरीका भी हमारे सेहत को प्रभावित करता है। कई बार गलत तरीके से सोने से हमारे दिमाग के साथ-साथ मूड पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है। इसलिए जरूरी है कि अपने सोने के तरीके का खास खयाल रखें। अगर हम अच्छी तरह सोते हैं तो सुबह तरोताजा उठते हैं। अच्छी नींद हमें कई तकलीफों से दूर रखती हैं। इससे हमारी कमर, गर्दन और रीढ़ की हड्डी सही रहती है। इससे इन हिस्सों में दर्द नहीं होता।

### तकिये का सहारा

करवट लेकर सोना जिसमें आपके घुटने मुड़े हुए हों। आपके दोनों घुटनों के बीच में तकिया हो। इसके अलावा अगर आप सीधा लेटते हैं तो अपने दोनों घुटनों के नीचे तकिया रखकर सोयें। बॉडी पिलो आपकी रीढ़ की हड्डी का कुदरती कर्व बनाये रखने में मदद करते हैं। इससे हमारी पीठ में दर्द नहीं होता।

### सिर का तकिया भी है जरूरी

सिर के नीचे लगाया जाने वाला तकिया भी महत्वपूर्ण होता है। अगर आप करवट लेकर सोते हैं, तो तकिया सिर और गर्दन को सही सपोर्ट देने वाला होना चाहिये। इससे रीढ़ की हड्डी को भी सपोर्ट मिलता रहता है। यह तकिया कमर के बल सोने वालों के सिर के नीचे लगने वाले तकिये से थोड़ा मोटा होना चाहिये। कमर के बल सोने वालों का तकिया आपकी गर्दन और पलंग के बीच लगना चाहिये और सिर आगे की ओर नहीं झुका होना चाहिये।

### मैटर्स हों सही

आपका बिस्तर भी सही होना चाहिये। आपका मैटर्स आपके शरीर को पूरा सहारा देने वाला होना चाहिये। इस पर सोते समय आपके शरीर के अलग-अलग पार्टस पर ज्यादा जोर नहीं पड़ना चाहिये। अगर बिस्तर आरामदेह हो तो आपको नींद अच्छी आती है।

### 5 बुरी पोजीशन

कई बार आपने महसूस किया होगा कि सुबह उठकर आपके शरीर में दर्द होता है। आपकी गर्दन, सिर और बदन में दर्द होता है। इसकी बड़ी वजह आपकी सोने की पोजीशन भी हो सकती है। तो जितना जरूरी आपके लिए यह जानना है कि कैसे सोना सही है, उतना ही जरूरी यह जानना भी है कि आपको किस पोजीशन में सोने से बचना चाहिये।

### पेट के बल सोने से बचें

पेट के बल सोने से बचना चाहिये क्योंकि इससे आपकी लोअर बैक पर अतिरिक्त खिंचाव पड़ता है। और साथ ही गर्दन और कंधे की पॉश्चर भी ज्यादा जोर पड़ता है।

## ...ताकि बेडरूम में आए चैन की नींद



क्या आपका बेडरूम ऐसा है, जहां आप चैन की नींद ले सकें? यह तो हम सभी जानते हैं कि एक स्वस्थ जीवन के लिए अच्छी नींद का होना बहुत जरूरी है लेकिन क्या आप यह जानते हैं कि अच्छी नींद के लिए बेडरूम का सही होना भी बेहद जरूरी है।

बेड की बनावट, गद्दे, ओढ़ने की चादर, बेडशीट ये सभी चीजें अच्छी नींद के लिए बहुत जरूरी हैं सबसे जरूरी यह है कि आपके बेडरूम में कम से कम चीजें हो। इंटीरियर डिजायनर कुणाल का कहना है कि बेडरूम घर का सबसे जरूरी हिस्सा है।

अगर आप चाहते हैं कि आपका बेडरूम आपकी सारी थकान दूर कर दे तो सबसे जरूरी है कि वह कमरा शांत हो। बेडरूम का रंग नीला, हरा या फिर ग्रे हो तो बेहतर। इन रंगों से शांति मिलती है और पॉजिटिविटी भी। इसके साथ ही लाइट की व्यवस्था भी सही होनी चाहिए।

**कैसा हो बेडरूम ?** 1. गद्दे अच्छे होने चाहिए। 2. बेडरूम में गैजेट्स न हों तो बेहतर। 3. कम से कम आवाज आए। 4. हल्का संगीत चलता रहे। 5. कमरे में पौधे रख सकते हैं।



# गर्मियों में कर रहे हैं ट्रैवल तो जरूर साथ रखें ये चीजें

ज्यादातर लोगों को लगता है कि घूमने के लिए ठंड का मौसम ही सबसे अच्छा होता है लेकिन ऐसा नहीं है। अगर आप घूमने के शौकीन हैं तो आपके लिए क्या सर्दी और क्या गर्मी। जिस तरह ठंड के दिनों में ट्रैवल करने के दौरान कुछ विशेष बातों का ख्याल रखना होता है, उसी तरह गर्मी में कुछ चीजों का ध्यान रखना जरूरी हो जाता है।

अगर आप गर्मी में घूमने की प्लानिंग कर रहे हैं तो इन चीजों को जरूर अपने साथ रखें। सफर के दौरान इन चीजों के होने से आपकी परेशानी बहुत कम हो जाएगी।

### पानी की बोतल

अगर आप सफर पर निकले हैं तो अपने साथ पानी की बोतल जरूर साथ रखें। पानी की बोतल होने से शरीर में पानी की कमी नहीं होने पाएगी और आप अपने सफर को बिना किसी मुश्किल के पूरा कर सकेंगे।

### ग्लूकोज ड्रिंक

पानी की बोतल रखने के साथ ही यह भी जरूरी है कि आपके पास ग्लूकोज ड्रिंक हो। हो सकता है आपको सफर पर कुछ खाने को न मिले और गर्मी के चलते आपको लो बीपी की समस्या हो जाए। ऐसे में ग्लूकोज ड्रिंक होना आपके लिए राहत की बात होगी।

### एनर्जी बार

सफर के दौरान बहुत ज्यादा खाने या गरिष्ठ भोजन करने से परहेज करना चाहिए। बहुत अधिक मसालेदार खाना खाने से तबियत बिगड़ सकती है। ऐसे में अच्छा रहेगा कि आप अपने पास एनर्जी बार रखें। इससे आपको ताकत भी मिलेगी और तबियत भी नहीं बिगड़ेगी।

### वेट टिश्यू

जरूरी नहीं कि आपको चेहरा धोने के लिए हर समय पानी मिल ही जाए। ऐसे में चेहरा बुझा-बुझा नजर आने लगता है और थकान का एहसास ज्यादा होता है। अच्छा रहेगा कि आप अपने साथ वेट टिश्यू पैकेट रखें।

### सनग्लास

यूवी रेज से सुरक्षा के लिए आपके पास सनग्लासेज होना जरूरी है। सनग्लासेज होने से आपकी आंखें सुरक्षित रहेंगी।

### सनस्क्रीन और सैनेटाइजर

अपने साथ ये दो चीजें जरूर रखें ताकि आपका सफर यादगार रहे। गर्मियों में सुरक्षा के लिए सनस्क्रीन जरूर रखें और हाइजीन के लिए सैनेटाइजर।

# पेट और सांस के रोगों को दूर रखेगी मुलेठी

आयुर्वेद में मुलेठी को बहुत गुणकारी माना गया है। मुलेठी की जड़ को उखाड़ने के बाद दो वर्ष तक उसमें औषधीय गुण रहते हैं। इसका औषधि के रूप में प्रयोग बहुत पहले से होता आया है। मुलेठी पेट के रोग, सांस संबंधी रोग, स्तन रोग को दूर करती है।

ताजी मुलेठी में पचास प्रतिशत पानी होता है, जो सुखाने पर मात्र दस प्रतिशत ही शेष रह जाता है। ग्लिसराइजिक एसिड के होने के कारण इसका स्वाद साधारण शक्कर से पचास गुना अधिक मीठा होता है। आइए जानते हैं मुलेठी के गुणों के बारे में



### लिवर को फायदा

मुलेठी पीलिया, हेपेटाइटिस और फैटी लिवर जैसे लिवर रोगों के इलाज में मदद करती है। इसके प्राकृतिक एंटी-ऑक्सिडेंट गुण विषाक्त पदार्थों के कारण जिगर के नुकसान से रक्षा करते हैं। इसके अलावा, मुलेठी हेपेटाइटिस के कारण जिगर की सूजन को शांत करने में मदद करती है।

### खांसी में दिलाए आराम

मुलेठी गले में खराश, सर्दी, खांसी और दमा के रूप में सांस रोगों के संक्रमण का इलाज करती है। एंटीऑक्सिडेंट गुण के कारण ब्रोन्कियल नलियों की सूजन को कम करने और वायुमार्ग को शांत करने में मदद करती हैं। यह बलगम को निकालती है, जिससे खांसी में आराम मिलता है।

### दांत साफ रखें

मुलेठी जीवाणुरोधी और रोगाणुरोधी गुण के कारण कैविटी वाले बैक्टीरिया की वृद्धि को रोकती है, प्लाग को कम करती है। दांतों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए मुलेठी जड़ के पाउडर का प्रयोग करना चाहिए।

### इम्युन सिस्टम मजूबत करे

मुलेठी लिम्फोसाइटों और मैक्रोफेज जैसे रसायनों के उत्पादन में मदद करती है, इससे हमारी रक्षा प्रणाली(इम्युन सिस्टम) में सुधार लाते हैं। मुलेठी में मौजूद लीकोरिस जड़ कब्ज, अम्लता, सीने में जलन, पेट के अल्सर, जैसी पाचन समस्याओं के इलाज में सहायक है। यह जीवाणुरोधी गुण पेट में सूजन को कम करने में मदद करते हैं।

### अवसाद दूर करने में मददगार

मुलेठी अवसाद के इलाज में मदद करती है। मुलेठी अधिवृक्क ग्रंथि को सुधारती है, जो घबराहट और अवसाद से लड़ने में मदद करती है। इसमें मैग्नीशियम, कैल्शियम और बीटा कैरोटीन जैसे खनिज और फ्लेवोनॉइड्स हैं, जो अवसाद को दूर करने में मदद करते हैं।

उपचार

# गुस्सा सेहत पर डालता है बुरा प्रभाव



क्रोध यानी गुस्सा, यह व्यक्ति की एक ऐसी प्रकृति है जो परिस्थितियों के मुताबिक मस्तिष्क में उत्पन्न होती है। गुस्से का परिणाम दूसरों के लिए बुरा हो या न हो, लेकिन गुस्सा करने वाले के लिए बहुत ही खतरनाक हो सकता है। क्रोध को हमारे शरीर और सेहत के लिए सबसे बड़ा शत्रु बताया गया है। इसकी वजह से कई बार रिश्ते भी टूट जाते हैं। अगर आपको छोटी-छोटी बातों पर भी गुस्सा आ जाता है तो इस पर काबू करें। वर्ना यह आपकी जिंदगी में कई तरह से जहर घोल सकता है।

### क्रोध का आपके स्वास्थ्य पर असर

वैज्ञानिकों के मुताबिक, क्र ोध आने पर मस्तिष्क में ऐसे रासायनिक तत्व बनते हैं, जिनका शरीर और मन पर बुरा प्रभाव पड़ता है। आंखें लाल हो जाती हैं तथा हार्ट में जलन हो सकती है। ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है। आक्रमक भावनाएं उत्पन्न होती हैं। सोच-समझने की शक्ति कमजोर हो जाती है। तनाव बढ़ता है। लगातार क्र ोध करने से पाचन तंत्र कमजोर होता है, जिससे एसिडिटी, कब्ज, भूख नहीं लगना जैसे रोग हो सकते हैं। क्र ोध से नींद नहीं आती, जिससे पूरे स्वास्थ्य पर बुरा असर होता है।

### अपने क्रोध को पहचानें

क्रोध को काबू करने के लिए उसे पहचानने की जरूरत होती है। लोगों को टाइप ए और टाइप बी पर्सनालिटी के आधार पर पहचानें। टाइप ए पर्सनालिटी के लोग वे होते हैं जिनकी किसी वस्तु को प्राप्त करने की इच्छा ज्यादा तीव्र होती है। ऐसे लोगों को गुस्सा बहुत जल्दी आता है, वह जल्द ही धैर्य खो बैठते है। आप भी इस श्रेणी में आ सकते हैं, अगर आपमें धैर्य की कमी, खाना जल्दी खाना, बैचेनी, काम-काज के दौरान चिड़चिड़ापन, गुस्से के दौरान खुद को नुकसान पहुंचाना आदि।

### क्रोध पर काबू करने के 4 तरीके

1. गुस्से को काबू में करने का यह सबसे बेहतरीन तरीका माना जाता है जो काफी मुश्किल होता है। आप चुप रहे और कुछ भी ना बोले। इससे व्यक्ति गुस्सा आने की स्थिति से बच जाता है।
2. योग और ध्यान का सहारा लेना गुस्से पर काबू पाने के लिए लिहाज से काफी फायदेमंद होता है। इसलिए रोजाना ध्यान करने से गुस्से पर हमेशा के लिए काबू पाया जा सकता है। ध्यान से एक व्यक्ति का जीवन शांत और संतुलित हो जाता है और गुस्से पर काबू पा लेता है।
3. जहां भी लड़ाई या गुस्से की स्थिति बन रही हो आप उस जगह से तुरंत हट जाए। इससे व्यर्थ विवाद नहीं होगा और आप गुस्से से भी बच जाएंगे। विवाद या बहस की स्थिति में उस जगह पर रहना क्रोध का कारण बन जाता है।
4. जब आपको क्र ोध आए तो अपनी आंखों और कानों को बंद कर ले। इससे ये होगा कि लड़ाई जिन कारणों से भी हो रहा है उसे आप ना तो सुन पाएंगे और ना ही देख सकेंगे। इसलिए आपको गुस्सा बिल्कुल भी नहीं आएगा।

# बागवानी से बनाएं सेहत



बागवानी का शौक आपकी सेहत के लिए बहुत अच्छा है। बागवानी आपको प्रकृति के नजदीक तो रखती ही है साथ ही यह एक अच्छा व्यायाम भी है। जो लोग सुबह उठकर व्यायाम नहीं कर पाते वे बागवानी के जरिए भी अपनी सेहत बना सकते हैं। बागवानी सेहत के लिए व्यायाम की ही तरह है। हर रोज आधा घंटा अपने गार्डन को देने से आप लगभग 250 कैलोरी बर्न कर सकते हैं। इसके अलावा बागवानी से आपको मानसिक शांति तो मिलती ही है साथ ही आपके घर आंगन में खूबसूरती भी बढ़ती है। आइए जानें बागवानी सेहत के लिए कितनी फायदेमंद है।

### क्या कहते हैं शोध

एक रिसर्च में यह बात सामने आई है कि जो पुरुष बागवानी करते हैं वे सेहतमंद तो रहते ही हैं साथ ही उनकी सेक्स क्षमता भी बढ़ती है। बागवानी के दौरान गुडाई, बुवाई और अन्य काम पुरूषों की सेक्स ड्राइव को बढाता है। शोधकर्ताओं का कहना है कि केवल 30 मिनट बागवानी करने से नपुंसकता होने का खतरा 38 प्रतिशत कम हो जाता है। जो लोग सब्जियों के बाग में काम करते हैं उनमें भी नपुंसकता होने का खतरा कम होता है।

### बागवानी के फायदे

बागवानी आपक चुस्त-दुरुस्त रखने के साथ साथ कई बीमारियों से भी बचाती है। इस दौरान की गई एक्सरसाइज से आप आसानी से अपने शरीर पर जमा अतिरिक्त चर्बी से छुटकारा पा सकते हैं।

### मानसिक शांति

आमतौर पर लोग पार्क व हरियाली वाली जगह पर अच्छा महसूस करते हैं उन्हें मानसिक शांति मिलती है। इसी तरह बागवानी करते समय आपको प्रकृति के करीब रहने का मौका मिलता है जिससे आपको अच्छा लगता है।

### एक्सरसाइज

बागवानी करते हुए आपके पूरे शरीर की एक्सरसाइज हो जाती है। इस दौरान हमारी मांसपेशियां एक साथ काम करती हैं और साथ-ही-साथ हृदय की भी एक्सरसाइज भी हो जाती है।

### कैलोरी बर्न

गार्डन की सफाई करते समय आपकी उतनी कैलोरी बर्न होती हैं, जितनी साइकिल चलाते वक्त होती है। बागवानी में छोटी-छोटी घास उखाड़ने व पेड़ पौधों को सजाने संवारने में उतनी ही कैलोरी खर्च होती है जितनी की एरोबिक्स में।

### कोलोस्ट्रोल व रक्तचाप

बागवानी करने से आपका कोलोस्ट्रोल, रक्तचाप व दिल की बीमारियों से दूर रहते हैं। बागवानी के जरिए आप अपने बढ़ते वजन को भी कंट्रोल कर सकते हैं। सबसे अच्छी बात यह है कि बागवानी किसी भी उम्र के लोग कर सकते हैं। कुदरत का साथ हमेशा से ही इनसान के लिए काफी लाभकारी होता है। बागवानी न केवल आपके घर के माहोल को खूबसूरत बनाती है बल्कि साथ ही आपकी सेहत के लिए भी कई प्रकार से फायदेमंद साबित हो सकती हे।

# जली हुई प्रैस को यूं करें साफ

आमतौर पर जब हम लोग घर पर कपड़े प्रेस करते हैं तो कई बार प्रेस करते हुए प्रेस का लेवल हाई होने से कपड़े जल जाते हैं। लेकिन जले कपड़े के साथ प्रेस भी खराब सी हो जाती है। जिससे बाद में कपड़े प्रेस नहीं होते और प्रेस पर भी जला हुआ कपड़ा चिपका रहता है। आज हम आपको खराब प्रेस को साफ करने के टिप्स बताएंगे।

### 1. टूथपेस्ट

ठंडी आयरन पर थोड़ा कोलगेट लगाएं फिर इसे किसी कपड़े की मदद से रगड़ कर पोंछे। इसके बाद आयरन को 5 मिनट के लिए किसी कपड़े पर स्टीम करें।

### 2. बेकिंग सोडा

सबसे पहले एक कटोरी में एक चम्मच बेकिंग सोडा और एक चम्मच पानी डालें। अब इन दोनों को मिलाकर अच्छे से पेस्ट तैयार कर लें। अब इस पेस्ट को आयरन पर लगाएं और दूसरे कपड़े से इसे पोंछे। फिर 5 मिनट के लिए किसी कपड़े पर स्टीम करें।

### 3. सिरका और नमक

एक बर्तन में 2 चम्मच सिरका और 1 चम्मच नमक डाल कर धीमी आंच में रखें और नमक के घुल जाने का इंतजार करें। लेकिन इस बात का भी खास ध्यान रखें सिरके को उबलने न दें। फिर इस मिश्रण को लेकर किसी मोटे ब्रश की मदद से आयरन को साफ कर लें।

### 4. डिटर्जेंट

पानी में थोड़ा डिटर्जेंट डालें और झाग आने तक इसे मिलाएं। फिर किसी कपड़े की मदद से आयरन को साफ करें।

### 5. नमक

एक सूती कपड़े के ऊपर एक चम्मच नमक छिड़के। फिर आयरन को तेज कर लें लेकिन स्टीम को बंद कर दें। आयरन को इस कपड़े के ऊपर रखकर रगड़े।

रेसिपी

## बादामी पनीर



### केकू

पनीर 1 कप (क्यूब्स), बादाम 15 – 20, प्याज 2 (अदरक 1 इंच का टुकड़ा , लहुसन 3–4, लाल मिर्च पाउडर 1 चम्मच, धनिया पाउडर1 चम्मच

दालचीनी पाउडर चम्मच 1/4 चम्मच, हल्दी 1/4 चम्मच, गरम मसाला पाउडर 1/2 चम्मच, सूखी लाल मिर्च 2 , नमक, स्वादानुसार,तेल अवयस्कता अनुसार

### विधि

प्याज को बडे टुकड़ो में काट लीजिये. बादाम को हल्के गरम पानी में 10-12 मिनट तक भिगो कर रखे। टमाटर को भी बड़े टुकड़ो में काट कर मिक्सी से बारीक पीस लीजिये। अब प्याज, बादाम, सूखी लाल मिर्च, अदरक, लहुसन को मिलाकर मिक्सी से बारीक पीस लीजिये। अब एक बाउल में पनीर, 1/2 टी स्पून लाल मिर्च पाउडर, हल्दी, नामक डालकर अछि तरह मिला लीजिये। अब कढ़ाई में 1 चम्मच तेल डालकर गरम कीजिये. अब उसमे पनीर डालकर 1-2 मिनट तक भून कर निकाल लीजिये। अब उसी कढ़ाई 2 चम्मच और तेल डालकर गरम कीजिये. अब उसमे पिसा हुआ बादाम का पेस्ट डालकर 4 मिनट तक पकाये. उसके बाद पिसा हुआ टमाटर का प्यूरी डाल कर मिलाये. अब उसमे लाल मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर, गरम मसाला पाउडर, नमक, दालचीनी पाउडर मिलाकर पकाये. उसके बाद मसाला से तेल बहार निकलने बाद पनीर क्यूब्स और थोड़ा पानी डालकर 5 मिनट तक पकाये. गरमा गरम बादाम पनीर तैयार।

## राजमा मसाला करी



### केकू

राजमा - 1 कप, प्याज- 2, टमाटर - 3, हरी मिर्च - 2- 3, अदरक लहुसन पेस्ट - 2 चम्मच, क्र ीम - 1 चम्मच , हल्दी - 1/2 चम्मच , लाल मिर्च पाउडर - चम्मच , धनिया पाउडर - 1 चम्मच , जीरा पाउडर - 1 चम्मच , गरम मसाला - 1/2 चम्मच ,तेल -आवश्यकता अनुसार,नमक - स्वादानुसार

### विधि

राजमा को रात भर के लिए भिगो कर रखे। अब सुबह राजमा को उबाल लीजिये। प्याज, टमाटर, हरी मिर्च को बारीक काट लीजिये। अब कढ़ाई में तेल डाल कर गरम कीजिये. अब उसमे बारीक काट हुआ प्याज और हरी मिर्च डाल कर भून लीजिये. उसके बाद अदरक लहुसन का पेस्ट डाल कर मिलाये. अब बारीक कटा हुआ टमाटर डाल कर पकाये. अब टमाटर नरम होने के बाद नमक, हल्दी, लाल मिर्च पाउडर,धनिया पाउडर, जीरा पाउडर, गरम मसाला डाल कर अछि तरह मिला लीजिये. अब उबला हुआ राजमा को पानी के साथ डाल धीमी आंच पर 10 मिनट तक पकाये. अब थोड़ा राजमा को चम्मच से हल्का मेश कीजिये. अब क्रीम मिलाकर गैस बन्द कर लीजिये. गरमा गरम राजमा मसाला करी तैयार।

संपादकीय

# मुस्लिम आरक्षण का मुद्दा

जाति के आधार पर राजनीतिक रोटियां सेंकने की कोशिश कर रही कांग्रेस को अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चारों ओर से बेनकाब कर दिया है। कांग्रेस अकसर भाजपा पर आरक्षण विरोधी होने का आरोप लगाती है, जबकि यथार्थ कुछ और है। भाजपा ने कभी भी अनुसूचित जाति-जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को हाथ नहीं लगाया है। जबकि कांग्रेस ने अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण पर सदैव टेड़ी नजर रखी है। संविधान में कहीं भी धर्म के आधार पर आरक्षण दिए जाने की नीति नहीं है। लेकिन कांग्रेस की सरकारों ने मुसलमानों को पिछड़ा वर्ग में शामिल करके, पिछड़ा वर्ग के बंधुओं का हिस्सा मुसलमानों को दिया है। राहुल गांधी ने पिछले कुछ समय से पिछड़ा वर्ग का राग बहुत आलापा था। यहाँ तक कि केंद्र में ओबीसी सचिवों की संख्या का मामला उठाकर अपनी सरकारों की नाकामी को मोदी सरकार के माथे पर मढ़ने का प्रयास भी किया था। कांग्रेस के प्रमुख नेता राहुल गांधी को जवाब देना चाहिए कि उनकी पार्टी की सरकारों ने पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को मुस्लिम समुदाय को क्यों दिया? मुस्लिम समुदाय तो कथित तौर पर समानता एवं भाईचारे का संप्रदाय है, फिर वहाँ पिछड़ा वर्ग कहाँ से आया? राहुल गांधी को यह भी बताना चाहिए कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की व्यवस्था के विरुद्ध जाकर मुसलमानों को आरक्षण देने का विचार क्यों आया? क्या यह मुस्लिम तुष्टीकरण की उपज है? लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आगरा से कांग्रेस पर जबर्दस्त हमला बोला है। उन्होंने कहा कि "अब कांग्रेस ने ठान लिया है कि वह धर्म के आधार पर आरक्षण लाकर रहेगी। इसके लिए कांग्रेस ने तरीका निकाला है कि 27 प्रतिशत का ओबीसी का जो कोटा है, उसमें से कुछ चोरी कर लिया जाए। उसे छीन लिया जाए और धर्म के आधार पर आरक्षण दे दिया जाए"। वास्तव में देखा जाए तो कांग्रेस का कृत्य संविधान, आरक्षण एवं पिछड़े वर्ग के विरोधी होने के तौर पर दिखायी दे रहा है। क्योंकि भारत का संविधान धर्म के आरधर पर आरक्षण की अनुमति नहीं देता है। यदि संविधान की मूल भावना के विरुद्ध जाकर काम किया जाता है, तब यह न केवल संविधान का अपमान होगा अपितु बाबा साहब का भी अपमान होगा। प्रधानमंत्री मोदी के ये आरोप खोखले नहीं हैं। कांग्रेस विभिन्न राज्यों में धर्म के आधार पर आरक्षण की वकालत करती है और कई राज्यों में वह इसे लागू कर चुकी है। केंद्र स्तर पर भी मुसलमानों को पिछड़ा वर्ग में आरक्षण की सुविधा प्राप्त है। कर्नाटक, केरल और आंध्र प्रदेश में कांग्रेस ने विभिन्न समय में तमाम मुसलमानों को ओबीसी में डालकर उनको आरक्षण दिया है। जरा सोचिए, पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को बाँटने का यह काम किस नियत के साथ किया गया होगा? राजनीतिक गलियारों में कहा जा रहा है कि संविधान और आरक्षण को यदि किसी से खतरा है तो वह है कांग्रेस। कांग्रेस ने सैय्यद, शेख, पठान और मुगल जैसी जातियों को राज्यों में पिछड़ा वर्ग में शामिल करके संविधान की मूल भावना के विरुद्ध कार्य किया। अब कांग्रेस के कई नेता सभी मुसलमान जातियों को ओबीसी यानी सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़ा बता रहे हैं। यदि सभी मुसलमानों को पिछड़ा वर्ग में शामिल कर दिया गया, तब पिछड़ा वर्ग के बंधुओं की क्या स्थिति होगी, यह किसी से छिपी बात नहीं है। याद रखें कि केवल भाजपा ही यह दावा एवं वादा करती है कि उसकी सरकार बनी तो धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जाएगा। यदि कांग्रेस की नीयत में खोट नहीं है, तब उसके नेताओं को भी आगे आकर कहना चाहिए कि यदि कांग्रेस सत्ता में आती है तो धर्म के नाम पर दिया गया आरक्षण समाप्त किया जाएगा और भविष्य में ऐसी कोई नीति नहीं बनाई जाएगी, जिससे पिछड़ा वर्ग के बंधुओं का अधिकार मारा जाए।

भाजपा ने कभी भी अनुसूचित जाति-जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को हाथ नहीं लगाया है। जबकि कांग्रेस ने अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण पर सदैव टेड़ी नजर रखी है। संविधान में कहीं भी धर्म के आधार पर आरक्षण दिए जाने की नीति नहीं है। लेकिन कांग्रेस की सरकारों ने मुसलमानों को पिछड़ा वर्ग में शामिल करके, पिछड़ा वर्ग के बंधुओं का हिस्सा मुसलमानों को दिया है। राहुल गांधी ने पिछले कुछ समय से पिछड़ा वर्ग का राग बहुत आलापा था। यहाँ तक कि केंद्र में ओबीसी सचिवों की संख्या का मामला उठाकर अपनी सरकारों की नाकामी को मोदी सरकार के माथे पर मढ़ने का प्रयास भी किया था। कांग्रेस के प्रमुख नेता राहुल गांधी को जवाब देना चाहिए कि उनकी पार्टी की सरकारों ने पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को मुस्लिम समुदाय को क्यों दिया? मुस्लिम समुदाय तो कथित तौर पर समानता एवं भाईचारे का संप्रदाय है, फिर वहाँ पिछड़ा वर्ग कहाँ से आया? राहुल गांधी को यह भी बताना चाहिए कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की व्यवस्था के विरुद्ध जाकर मुसलमानों को आरक्षण देने का विचार क्यों आया? क्या यह मुस्लिम तुष्टीकरण की उपज है? लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आगरा से कांग्रेस पर जबर्दस्त हमला बोला है।

### कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में लोगों की संपत्ति के सर्वे का वादा किया

# विरासत टैक्स एवं निजी सम्पत्ति सर्वे पर संकट में घिरी कांग्रेस

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस जनता के बीच जिस तरह के मुद्दों को लेकर चर्चा में हैं, उनमें देश विकास से अधिक मुक्त की रेवड़ियां बांटने या अतिश्योक्तिपूर्ण सुविधा देने की बातें हैं तो 'विरासत टैक्स' के नाम पर जनता की गाड़ी कमाई को हड़पने के सुझाव है। ऐसी विरोधीभासी सोच एवं योजनाएं कांग्रेस की अपरिपक्व एवं स्वार्थप्रेरित राजनीति को ही उजागर करती है। इंडिया ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष एवं राहुल गांधी के विश्वस्त सलाहकार सैम पित्रोदा ने चुनावी समर में अपने ताजा बयान में विरासत टैक्स की वकालत की है। उन्होंने अमेरिका में लागू इस टैक्स की पैरवी करते हुए भारत के लिये उपयोगी बताया। सैम ने अपने बयान पर विवाद बढ़ता देख सफाई दी है, तो कांग्रेस ने इस बयान से खुद को अलग कर लिया है। लेकिन राजनीति की इन कुचालों एवं ऐसे बयानों में कांग्रेस का इरादा जनता की मेहनत की कमाई की संगठित लूट और वैध लूट ही नजर आता है। सैम पित्रोदा के बयान में कांग्रेस की सोच एवं संकल्प ही नहीं दिखा बल्कि कांग्रेस की भावी योजनाओं की परतें भी खुली है। भले ही इस बयान ने कांग्रेस के लिए मुश्किलें बढ़ा दी हो, लेकिन जनता को मूर्ख समझ हर बार हंगामा खड़ा करना कांग्रेस की नीति एवं नियत रही है। सैम ऐसे ही विवादास्पद बयानों से पूर्व में भी चर्चा में रहे हैं। अमेरिका में विरासत टैक्स जैसी अनेक स्थितियां एवं कानून हैं जो भारत में नहीं है क्योंकि हर देश की अपनी स्थितियां होती है। सैम के इस बयान ने इसलिए तूल पकड़ लिया, क्योंकि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में लोगों की संपत्ति के सर्वे का वादा किया है। इसकी व्याख्या भाजपा पहले से ही इस रूप में कर रही है कि कांग्रेस लोगों की संपत्ति का आकलन करके संपन्न-सक्षम लोगों की संपदा का एक हिस्सा लेने का इरादा रखती है। चूंकि सैम पित्रोदा का कथन कुछ इसी ओर संकेत करता दिख रहा था, इसलिए भाजपा ने नए सिरे से उनके बयान को मुद्दा बना दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तो कहा जब तक आप जीवित रहेंगे, तब तक कांग्रेस आपको ज्यादा टैक्स से मारेगी और जब जीवित नहीं रहेंगे, तब आप पर विरासत का बोझ लाद देगी।'

देश विकास से अधिक मुक्त की रेवड़ियां बांटने या अतिश्योक्तिपूर्ण सुविधा देने की बातें हैं तो 'विरासत टैक्स' के नाम पर जनता की गाड़ी कमाई को हड़पने के सुझाव है। ऐसी विरोधीभासी सोच एवं योजनाएं कांग्रेस की अपरिपक्व एवं स्वार्थप्रेरित राजनीति को ही उजागर करती है। इंडिया ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष एवं राहुल गांधी के विश्वस्त सलाहकार सैम पित्रोदा ने चुनावी समर में अपने ताजा बयान में विरासत टैक्स की वकालत की है। उन्होंने अमेरिका में लागू इस टैक्स की पैरवी करते हुए भारत के लिये उपयोगी बताया। सैम ने अपने बयान पर विवाद बढ़ता देख सफाई दी है, तो कांग्रेस ने इस बयान से खुद को अलग कर लिया है।



कांग्रेस की लूट जिन्दगी के साथ भी और जिन्दगी के बाद भी कह कर मोदी ने कांग्रेस को निशाने पर लिया है। गृह मंत्री अमित शाह ने भी यह कह दिया कि यदि कांग्रेस वैसा कुछ करने का नहीं सोच रही है, जैसा सैम पित्रोदा कह रहे हैं तो वह अपने घोषणा पत्र से संपत्ति के सर्वेक्षण वाली बात हटाए।' निश्चित ही कांग्रेस की संपत्ति के सर्वेक्षण की बात में गहरे अर्थ, संदेह एवं शंकाएं निहित हैं। राजननेताओं के बयानों पर राजनीति होना लोकतंत्र का एक हिस्सा है, लेकिन जनता के हितों पर आघात करना दुर्भाग्यपूर्ण है। लोकतन्त्र में सततरूप से अमीर-गरीब का विमर्श चलता रहता है, गरीबों के हित की बात करके अधिसंख्य मतदाताओं को लुभाना राजनीतिक चतुराई है, लेकिन जनता को बांटना एवं अलग-अलग खेमों में खड़ा करना, लोकतंत्र को कमजोर करता है। मगर भारत का मतदाता अब इतना सुविज्ञ एवं समझदार हैं कि वे राजनेताओं की मंशा को समझकर उस समय आगे बढ़कर नेतृत्व खुद संभाल लेते हैं जब नेतागण अपना पथ भूल जाते हैं। भारत के चुनावों का इतिहास इसका गवाह रहा है। इसलिए राजनैतिक विमर्श चाहे जितना गर्त में चला जाये मगर मतदाता की सूझबूझ, जागरूकता एवं विवेक कभी मंद नहीं पड़ती। भले ही सैम पित्रोदा अमेरिका का उदाहरण देकर उस पर भारत में बहस की जरूरत जता रहे थे, लेकिन उन्हें गलत समय ऐसा उदाहरण नहीं देना चाहिए था, जो तथ्यात्मक रूप से पूरी तरह भारत की परिस्थितियों के लिये सही न हो और जिसके विवाद का विषय बनने की भरी-पूरी संभावनाएं हो। यह तो कांग्रेस ही जाने कि वह संपत्ति के सर्वे के जरिये क्या हासिल करना चाहती है, लेकिन इससे इन्कार नहीं कि देश में आर्थिक असमानता कम करने की आवश्यकता है। इसके बाद भी इस आवश्यकता की पूर्ति न तो वामपंथी सोच वाले तौर-तरीकों से की जा सकती है और न ही उन उपायों से, जो समाज में विभाजन पैदा करें। जो भी निर्धन-वंचित हैं या सामाजिक-आर्थिक रूप से पिछडे.हैं, उनके उत्थान की अतिरिक्त चिंता की जानी चाहिए, लेकिन बिना उनका जाति, मजहब देखे, बिना विभाजन की राजनीति को किये। सैम पित्रोदा, राजनीति की दुनिया में यह नाम कोई नया नहीं है, कांग्रेस के शासन में तकनीकी एवं आधुनिक विकास के वे पुरोध रहे हैं। इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और मनमोहन सिंह के सलाहकार रह चुके पित्रोदा इस समय राहुल के खास लोगों में से एक हैं। पित्रोदा अपने काम से कम अपने बयानों के चलते ज्यादा चर्चे में रहते हैं। उनके बयान अक्सर कांग्रेस के लिए भी सरदर्द बनते रहे हैं। पित्रोदा के अनेक बयान पहले भी विवाद एवं कांग्रेस के सिरदर्द की वजह बन चुके हैं। साल 2019 में ही उन्होंने एक टीवी इंटरव्यू में कहा कि मिडिल क्लास को स्वार्थी नहीं होना चाहिए। उन्हें अधिक से अधिक टैक्स देने के लिए तैयार रहना चाहिए। मध्यमवर्गीय परिवार को रोजगार और अधिक अवसर मिलेंगे। इस बयान ने भी कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ाई थीं और पार्टी को डैमेज कंट्रोल करना पड़ा था। पित्रोदा यहीं नहीं रुके, उन्होंने 2019 के ही पुलवामा हमले पर कहा था कि ऐसे हमले तो होते रहते हैं, मुंबई में भी हमला हुआ था। निश्चित ही कांग्रेस के शासन में ऐसे हमले एवं साम्प्रदायिक दंगे होते ही रहते थे। उन्होंने बालाकोट एयरस्ट्राइक ऑपरेशन पर सबूत मांगे थे। सैम पित्रोदा के बयान एवं कांग्रेस के घोषणा पत्र के निजी सम्पत्ति सर्वे की बात में अवश्य ही रिश्ता है, जिसने पूरे देश के सामने कांग्रेस का मकसद स्पष्ट कर दिया है कि निजी संपत्ति का सर्वे कर निजी संपत्ति को सरकारी खजाने में डालकर वह इस धन को अपने वोट बैंक में बांटना चाहती है।

दृष्टि कोण

# कम मतदान होने का सच वही नहीं जो बताया जा रहा है

कम मतदान होने का सच वही नहीं जो बताया जा रहा है लोकसभा चुनाव के पहले चरण के 102 स्थानों का लोकसभा चुनाव संपन्न होने के कईं तरह के आकलन सामने आ रहे हैं। इस दौर में नौ राज्यों तमिलनाडु, उत्तराखंड, अरुणाचल, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम ,नगालैंड, सिक्किम तथा तीन वेंद्र शासित प्रदेशों अंडमान, लक्षद्वीप और पुडुचेरी का मतदान संपन्न हो चुका है। हिदी भाषी राज्यों के दृष्टि से देखे तो ऐसे 35 स्थान का चुनाव संपन्न हुआ है जिनमें बिहार के चार, मध्य प्रदेश के 6, राजस्थान के 12, उत्तर प्रदेश के आठ और उत्तराखंड के पांच स्थान शामिल हैं। दक्षिण के राज्य तमिलनाडु के सभी 39 स्थानों पर मतदान संपन्न हो चुका है। माना जा रहा था कि देश के एक बड़े क्षेत्र में मतदान के बाद इसकी प्रवृत्तियों का आकलन करना थोड़ा आसान हो जाएगा। लेकिन मतदान के बाद आम टिप्पणी यही है कि प्रवृत्तियों का आकलन कठिन हुआ है। बहरहाल, इसकी सबसे बड़ी विशेषता रही कि पामि बंगाल को छोड़कर कहीं भी किसी तरह की हिसा की घटना नहीं हुईं। यह बताता है कि देश का चुनाव तंत्र बिल्वुल सहज, सामान्य और सुव्यवस्थित अवस्था में काम कर रहा है। इसका अर्थ यह भी है कि हम कम अवधि और कम चरणों में भी लोकसभा चुनाव को समाप्त कर सकते हैं। सबसे ज्यादा चर्चा मतदान प्रतिशत कम होने को लेकर है और कईं तरह के आकलन किया जा रहे हैं। हालांकि तथ्य नहीं है कि सभी क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत ज्यादा गिरा है। पामि बंगाल और त्रिपुरा में ज्यादा मतदान हुए तो बिहार और उत्तराखंड में अत्यंत कम। इन दो राज्यों में भी अलग-अलग क्षेत्र को देखें तो कहीं ज्यादा तो कहीं कम मतदान हुआ है। एक बार राज्य, मतदान प्रतिशत को देखें। उत्तर प्रदेश में 2019 के 63.88 के मुकाबले 60.25}, उत्तराखंड में 61.88 प्रतिशत के मुकाबले 55.89}, मध्य प्रदेश में 67.08}, छत्तीसगढ़ में 65.80 की जगह 67.56 प्रतिशत, राजस्थान में 63.71 की जगह 57.26 प्रतिशत, बिहार में 53.47} की जगह 48.88}, पामि बंगाल में 83.7 9} की जगह 80.55}, महाराष्ट्र में 63.04} की जगह 61.87} तमिलनाडु के सभी 39 क्षेत्र में 69.46 प्रतिशत, असम में 78.23} की जगह, 75.95}, अरुणाचल में 67} की जगह 72.74}, मणिपुर में 78.20} की जगह 72.117}, मेघालय में 67.15} की जगह 74.5 0}, मिजोरम में 63.02} की जगह 56. 6 0}, नागालैंड में 83.12 प्रतिशत की जगह 56.91}, त्रिपुरा में 83.12} की जगह 81.62} सिक्किम में 78.119} की जगह 80.003}, पुडुचेरी में 81.19} की जगह 78.80}, अंडमान निकोबार में 64.85} की जगह 63.99}, लक्षद्वीप में 84.96} की जगह 83.88}, जम्मू कश्मीर में 57.35 प्रतिशत की जगह 68 प्रतिशत मतदान हुआ। तो एक- दो स्थान को छोड़कर ज्यादातर जगहों में मतदान गिरा है। उत्तर प्रदेश में 2019 के मुकाबले लगभग 5.30 प्रतिशत कम मतदान हुआ। सबसे अधिक 83.88 प्रतिशत मतदान लक्षद्वीप सीट पर तो बंगाल के जलपाईंगुड़ी में 82.15} मतदान हुआ। हिसा के शिकार मणिपुर में मतदान कम नहीं माना जा सकता है। वुल मिलाकर इन क्षेत्रों में 2019 में औसत मतदान 69.43} से ज्यादा हुआ था। चुनाव आयोग के अंतिम आंकड़ों के अनुसार यह करीब 68.29 प्रतिशत है। यानी करीब 1.14} कम मतदान हुआ है। तो राष्ट्रीय स्तर पर मतदान में ज्यादा गिरावट नहीं है । 2019 लोकसभा चुनाव में सबसे ज्यादा मतदान हुआ था। तो यह माना जा सकता है कि लोकसभा चुनाव में इससे ज्यादा मतदान की संभावना शायद अभी नहीं है। नागालैंड में इसलिए मतदान प्रतिशत ज्यादा गिरा क्योंकि छह जिलों में ईंस्टर्न नगालैंड पीपुल्स प्रंट (ईंएनपीओ) ने अलग राज्य की मांग को लेकर मतदान का बहिष्कार किया था। इन छह जिलों के 20 विधानसभा क्षेत्रों में चार लाख से अधिक मतदाता हैं। जब इतनी संख्या में मतदाता मत डालेंगे नहीं तो उसे गिरना ही है। इसे मतदान की प्रवृत्ति नहीं मान सकते। करीब डेढ़ दशक पहले मतदान घटने का अर्थ सत्तारूढ़ घटक की विजय तथा बढ़ने का अर्थ पराजय के रूप में लिया जाता था और प्रायः ऐसा देखा भी गया। किंतु 2010 के बाद प्रवृत्ति बदली है। मतदान बढ़ने के बावजूद सरकारें वापस आईं हैं और घटने के बावजूद गईं है। इसलिए इसके आधार पर कोईं एक निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता। दूसरे, हर जगह मतदान प्रतिशत ज्यादा गिर भी नहीं है। तीसरे, बंगाल में साफ दिखाईं दे रहा है कि दोनों पक्षों के मतदाताओं में एक दूसरे को हराने और जीताने की प्रतिस्पर्धा है। संदेशखाली से लेकर अन्य मामलों के कारण वहां हिदुओं के बड़े समूह के अंदर ममता बनजा को लेकर आव्रोश है। सबसे ज्यादा चर्चा उत्तर प्रदेश की है तो जरा क्षेत्र के हिसाब से देखें कि कहां कितना मतदान हुआ। सहारनपुर में पिछली बार 70.87} हुआ था जबकि इस बार 68.99}, पीलीभीत में 67.41 की जगह 63.70, मुरादाबाद में 65.46 की जगह 62.05, वैराना में 67.45 की जगह 61.5 , नगीना में 63.66 की जगह असर दशमलव 54, मुजफ्फरनगर में 80.42 की जगह 58.5, बिजनौर में 66.022 की जगह 58.21 और रामपुर में 63.01 की जगह 55.75} मतदान हुआ।

कुछ अलग

# एक देश, एक वैक्सीन.. तीन दाम

एक मईं से 18 वर्ष से ऊपर के सभी लोगों के लिए वैक्सीनेशन खुलने से पहले वेंद्र सरकार के निर्देश के मुताबिक सीरम इंस्टीट्यूट ने रेट जारी कर दिए। वंपनी राज्य सरकारों को 400 रुपए और निजी अस्पतालों को 600 रुपए प्राति डोज की दर से वैक्सीन देगी। वंपनी की इस घोषणा के बाद से ही वैक्सीन के दाम पर बवाल मच गया। दरअसल सीरम अब तक वेंद्र सरकार को 150 रुपए प्राति डोज की दर से वैक्सीन दे रही और समझौते के मुताबिक जुलाईं तक इसी रेट पर देती रहेगी। राज्य सरकारों के लिए ज्यादा दाम रखने पर विपक्षी दल वेंद्र सरकार पर हमलावर हो गए हैं। यही नहीं, निजी अस्पतालों के लिए नए रेट जारी होने से अब प्राइवेट में टीका लगवाने वाले 45 पार के लोग व प्रांटलाइन वर्वर्स को भी ज्यादा दाम चुकाने होंगे। अब तक इन सभी को प्राइवेट अस्पतालों में 250 रुपए प्राति डोज पर वैक्सीन लग रही थी। इसमें 150 रुपए वैक्सीन की कीमत और 100 रुपए लॉजिस्टिक चार्ज था। वंपनी के नए रेट हूबहू लागू हुए तो लॉजिस्टिक चार्ज के साथ एक डोज 700 रुपए की पड़ेगी। 45ऋ के जो लोग निजी अस्पताल में पहली डोज 250 रुपए में लगवा चुके हैं, उनकी दूसरी डोज भी अब बढ़ी हुईं कीमत पर लगेगी। हालांकि वेंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारी का कहना है कि वेंद्र सरकार की ओर से सरकारी अस्पतालों और सरकारी टीकाकरण वेंद्रों में 45ऋके लोगों और प्रांटलाइन वर्वर्स को मुफ्त में ही वैक्सीन लगाईं जाएगी। सीरम इंस्टीट्यूट की वैक्सीन कोविशील्ड के दाम को लेकर महाराष्ट्र के सत्तापक्ष एवं विपक्ष में रार छिड़ गईं है। वेंद्र सरकार के लिए कोविशील्ड के दाम कम एवं राज्यों के लिए ज्यादा रखे जाने पर राकांपा व कांग्रेस ने सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं। महाराष्ट्र के महाविकास अघाड़ी सरकार के मंत्री नवाब मलिक ने सवाल उठाया है कि सीरम इंस्टीट्यूट द्वारा उत्पादित कोविशील्ड वैक्सीन वेंद्र सरकार को 150 रुपए में, जबकि राज्य सरकारों को 400 रुपए में क्यों दी जा रही है? बता दें कि खुले बाजार में इसकी कीमत 600 रुपए प्राति खुराक निर्धारित की गईं है। मलिक ने पूछा है कि एक वैक्सीन, एक देश और तीन दाम क्यों हैं? अलग-अलग ग्राहकों के लिए अलग-अलग दाम क्यों हैं। इसका उत्तर सीरम को देना चाहिए। हालांकि सीरम के सीईंओ अदार पूनावला ने अपने बयान में तीन विदेशी वैक्सीन के दाम भी बताए हैं, जो भारत में खुले बाजार के लिए दी जाने वाली कोविशील्ड की तुलना में अधिक ही है। इनमें अमेरिकी वैक्सीन की कीमत 1500 रुपए एवं रूस की वैक्सीन की कीमत 350 रुपए बताईं गईं है। बता दें कि पूनावाला द्वारा जारी इस बयान पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भी तंज कसा है। उन्होंने ट्वीट में इस बयान को नत्थी करते हुए लिखा है कि आपदा देश की, अवसर मोदी मित्रों का, अन्याय वेंद्र का। राहुल के इस बयान का जवाब देते हुए महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष चंद्रकांत दादा पाटिल ने कहा है कि कोरोना ने शायद राहुल गांधी के दिमाग पर असर डाला है। इसीलिए वह अनर्गल प्रालाप कर रहे हैं।महाराष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्री राजेश टोपे के अनुसार सीरम इंस्टीट्यूट ने राज्य सरकार को बता दिया है कि वह 24 मईं से पहले वैक्सीन नहीं दे पाएंगे, क्योंकि वेंद्र के साथ उसने एक करार कर रखा है। इसीलिए महाराष्ट्र सरकार अपनी जरूरतें पूरी करने के लिए विदेशी वैक्सीन निर्माताओं से बात करने का विचार कर रही है।

देश दुनिया से

# देश को संदेश देने में नाकाम रही विपक्ष की रांची रैली

विपक्षी दलों की झारखंड की राजधानी रांची में हुई महारैली देश को कोई स्पष्ट संदेश नहीं दे सकी। हांलाकि इससे बड़ी उम्मीद थी। उम्मीद थीं कि राजनैतिक दल अपने चुनाव घोषणा पत्र अब तक प्रस्तुत कर चुके हैं। इस रैली में वे कॉमन मिनीमम कार्यक्रम जारी कर सकतें हैं किंतु ऐसा कुछ नही हुआ। हर बार की तरह सिर्फ भाषण तक ही सीमित रही रैली। झारखंड की राजधानी रांची में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ने 'उलगुलान न्याय महारैली' का नाम दिया गया है। इस दौरान मंच में बड़े-बड़े दिग्गज नेता मौजूद रहे। इसके साथ ही मंच पर दो खाली कुर्सियां रखी गईं। एक जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लिए और दूसरी झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लिए। उनकी जगह केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने मंच साझा किया। भारी संख्या में लोग रैली में पहुंचे रैली के दौरान भीड़ ने 'जेल का ताले टूटेंगे, हेमंत सोरेन छूटेंगे' और 'झारखंड झुकेगा नहीं' जैसे नारे लगाए। झारखंड की राजधानी का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास होने के बावजूद भारी संख्या में लोग रैली में शामिल हुए। चिलचिलाती गर्मी के बीच सभी रैली के समर्थन जुटे रहे। 'उलगुलान' शब्द, जिसका अर्थ क्रांति है। इसे आदिवासियों के अधिकारों के लिए अंग्रेजों के खिलाफ बिरसा मुंडा की लड़ाई के दौरान गढ़ा गया था। हेमंत सोरेन को कथित भूमि धोखाधड़ी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 31 जनवरी की रात को गिरफ्तार किया था। इसी केंद्रीय एजेंसी ने 21 मार्च को अरविंद केजरीवाल को शराब नीति घोटाले से जुड़े मामले में गिरफ्तार भी किया था। हालांकि, झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष और आप सुप्रीमो के लिए कुर्सियां खाली रखी गई थीं, लेकिन उनकी पत्नियां कल्पना सोरेन और सुनीता केजरीवाल मंच पर बैठी थीं। कल्पना सोरेन और सुनीता केजरीवाल का भाषण मुख्यतः अपने पतियों की गिरफ्तारी के विरोध में था। दोनों का दावा था कि उनके पतियों को केंद्र की मोदी सरकार ने गलत ढंग से गिरफ्तार कराया हुआ है। केंद्र की मोदी सरकार विपक्ष की आवाज दबा देना चाहती है। इसके लिए सबको एकजुट होना होगा। रैली में नेताओं का यह भी आरोप था कि केंद्र में भाजपा फिर लौटी तो देश से लोकतंत्र खत्म हो जाएगा। रैली में शामिल नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर लगातार झूठ बोलने, गारंटी के नाम पर लोगों को ठगने, लोकतंत्र को कमज़ोर करने और जुमलों के सहारे राजनीति करने के आरोप लगाए। नेताओं ने कहा कि देश में बेरोज़गारी चरम पर है और प्रधानमंत्री मोदी का हर साल दो करोड़ नौकरियों का वादा हवा में घूम रहा है। देश में पहले चरण के मतदान के ठीक अगले दिन आयोजित उलगुलान न्याय महारैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि पहले चरण के चुनाव में बीजेपी की हवा निकल गई है। उन्होंने कहा कि वे 400 पार की बात करते हैं लेकिन 180-190 सीटों से आगे नहीं जाने वाले। इसलिए, वोट देना ज़रूरी है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा, "पहले चरण में ही उत्तर प्रदेश में इनकी हालत ख़राब हो गई है और जब यूपी इन्हें हटा सकता है, तो आप क्यों नहीं। यह देश मोदी की नहीं, संविधान की गारंटी चाहता है।" जबकि झारखंड में मुख्य विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने इस रैली को पूरी तरह फ्लॉप करार दिया है। बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव ने कहा, "इनके मंच पर भ्रष्टाचार में शामिल नेताओं का जमावड़ा हुआ और ये भ्रष्टाचार उन्मूलन की बात करते हैं. यह हास्यास्पद है।" प्रतुल नाथ शाहदेव ने कहा, "इनका दावा था कि रैली में पांच लाख लोग शामिल होंगे लेकिन आए बमुश्किल 10-15 हज़ार लोग। उनमें आपस में मारपीट हुई। ये लोग सिर्फ़ सत्ता में आने के लिए एक मंच पर आए थे। रैली में सिर्फ़ परिवारवादियों और भ्रष्टाचारियों की भागीदारी थी, इसलिए इसे सुपर फ़्लॉप कहा जाना चाहिए।" हालांकि उलगुलान न्याय महारैली में लोगों की खासी भागीदारी देखी गई। झारखंड के सुदूर इलाक़ों से लोग बसों, गाड़ियों और ट्रेनों से रांची पहुंचे। ऐसे लोगों को लाने के विशेष इंतज़ाम किए गए थे। रैली स्थल पर लोगों की भीड़ देर शाम तक जमी रही। उलगुलान रैली में शामिल होने आई कार्यकर्ताओं की भीड़ में दो गुटों के बीच झड़प हो गयी। कुर्सियां भी तोड़ी गई। ये मारपीट, ये हुडदंग कोई अच्छा संदेश नही दे सकें।

झारखंड की राजधानी रांची में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ने 'उलगुलान न्याय महारैली' का नाम दिया गया है। इस दौरान मंच में बड़े-बड़े दिग्गज नेता मौजूद रहे। इसके साथ ही मंच पर दो खाली कुर्सियां रखी गईं। एक जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लिए और दूसरी झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लिए। उनकी जगह केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने मंच साझा किया। भारी संख्या में लोग रैली में पहुंचे रैली के दौरान भीड़ ने 'जेल का ताले टूटेंगे, हेमंत सोरेन छूटेंगे' और 'झारखंड झुकेगा नहीं' जैसे नारे लगाए। झारखंड की राजधानी का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास होने के बावजूद भारी संख्या में लोग रैली में शामिल हुए।




आप का नजरिया

# 'विरासत कर' ने बढ़ाई कांग्रेस की मुसीबत

'संपत्ति बंटवारे' की घोषणा पर घिरी कांग्रेस थोड़ा-बहुत संभल पाती कि उससे पहले ही 'विरासत कर' ने उसकी मुसीबत को और बढ़ा दिया है। कांग्रेस के प्रमुख नेता राहुल गांधी के नजदीकी एवं इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने चुनावी माहौल में 'विरासत कर' पर बयान देकर चुनावी गर्मी को और बढ़ा दिया है। सैम पित्रोदा अपने बयानों से पहले भी कांग्रेस को मुश्किल में डाल चुके हैं। 2019 के लोकसभा चुनावों के दौरान भी उन्होंने अपने विचारों से कांग्रेस का भारी नुकसान करा दिया था। फिलहाल, सैम पित्रोदा ने अमेरिका के 'विरासत कर' वाली व्यवस्था का उल्लेख करते हुए कहा है कि ''अमेरिका में विरासत कर लगता है। अगर किसी के पास 10 करोड़ डॉलर की संपत्ति है और जब उसकी मृत्यु हो जाती है तो इसमें से केवल 45 प्रतिशत उसके बच्चों को मिल सकती है। शेष 55 प्रतिशत संपत्ति सरकार के पास चली जाती है। भारत में ऐसा कानून नहीं है। अगर किसी की संपत्ति 10 अरब है और वह मर जाता है, तो उसके बच्चों को 10 अरब मिलते हैं और जनता को कुछ नहीं मिलता... लोगों को इस तरह के मुद्दों पर चर्चा करनी होगी। मुझे नहीं पता कि अंत में निष्कर्ष क्या होगा, लेकिन जब हम धन के पुनर्वितरण के बारे में बात करते हैं, तो हम नई नीतियों और नए कार्यक्रमों के बारे में बात कर रहे हैं जो लोगों के हित में हैं, न कि केवल अति-अमीरों के हित में हैं"। सैम पित्रोदा का यह बयान 'संपत्ति बंटवारे' की उसी मानसिकता की ओर संकेत कर रहा है, जिसका उल्लेख राहुल गांधी ने किया और जो कांग्रेस के घोषणा-पत्र का हिस्सा है। कांग्रेस के घोषण-पत्र और उसके नेताओं के बयानों की शृंखला का विश्लेषण करके कहा जा सकता है कि कांग्रेस में कहीं न कहीं संपत्ति के पुनर्वितरण पर विचार चल रहा है। यह अतार्किक सोच है। यह सोच समाज में अराजकता और उदासीनता का संचार कर सकती है। बहरहाल, संपत्ति बंटवारे के मसले पर घिरी कांग्रेस सैम पित्रोदा के बयान से पल्ला झाड़ रही है लेकिन यह इतना आसान भी नहीं है। क्योंकि अब देश की जनता को संपत्ति बंटवारे के विचार में एक शृंखला दिखायी देने लगी है। संपत्ति बंटवारे के विचार से केवल धनाड्य लोग ही नहीं डरते हैं, अपितु परिश्रमी एवं गरीब व्यक्ति भी डरता है। यही कारण है कि कम्युनिस्ट इस सोच को कहीं भी सफलता से क्रियान्वित करके नहीं दिखा सके हैं। उन्होंने केवल जनता का भरोसा एवं अपने पक्ष में समर्थन जुटाने के लिए इस प्रकार की कल्पनाएं दुनियाभर में बेची हैं। अब वे यही काम कांग्रेस की पीठ पर चढ़कर भारत में करने का प्रयास कर रहे हैं। इधर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी सैम पित्रोदा के बयान को लेकर कांग्रेस की सोच पर हमला बोल दिया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ में मतदाताओं को संबोधित करते हुए स्पष्ट शब्दों में कहा है कि "अब कांग्रेस माता-पिता से मिलने वाली विरासत पर भी टैक्स लगाने की सोच रही है।




# हुंडई, किआ ने कनेक्टेड कारों की टेक्नोलॉजी के लिए चीनी कंपनी बायदू से किया करार

**सोल, 28 अप्रैल ।**

**दक्षिण कोरिया की शीर्ष कार निर्माता कंपनी हुंडई मोटर और इसकी अनुषंगी कंपनी किआ ने रविवार को बताया कि उन्होंने कनेक्टेड कारों के लिए टेक्नोलॉजी विकसित करने के लिए चीन की दिग्गज टेक कंपनी बायदू के साथ करार किया है।**

दोनों दक्षिण कोरियाई कार निर्माता और बायदू ने पिछले सप्ताह बीजिंग में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये जिसके तहत वे कनेक्टिविटी और सेल्फ-ड्राइविंग प्रौद्योगिकियों सहित कई क्षेत्रों में हाथ मिलाएंगे।

रिपोर्ट के अनुसार, हुंडई और किआ बीजिंग के बढ़ते डेटा नियमों के अनुपालन के लिए बायदू की स्मार्ट क्लाउड कंप्यूटिंग प्रौद्योगिकी का भी उपयोग करेंगे।

उन्होंने कहा कि दक्षिण कोरियाई कंपनियां चीनी कंपनी के साथ कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके नए बिजनेस मॉडल भी तलाशेंगी। हुंडई और किआ ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, बायदू के साथ रणनीतिक सहयोग के माध्यम से, हम चीनी बाजार में कनेक्टेड कारों के लिए पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करने का प्रयास करेंगे।

यह समझौता चीन में कनेक्टेड कारों के बढ़ते बाजार की पृष्ठभूमि में हुआ है।

हुंडई ने चीनी डेटा का हवाला देते हुए कहा कि चीन में कनेक्टेड कारों की वार्षिक बिक्री इस साल 1.7 करोड़ इकाई तक पहुंचने का अनुमान है, जो 2019 में 72 लाख इकाई के मुकाबले में तेज वृद्धि है। हुंडई और किआ 2014 से बायदू के साथ मिलकर काम कर रहे हैं, जिसमें आवाज को पहचानने की प्रौद्योगिकी का विकास भी शामिल है।

## न्यूज ब्रीफ

### हेल्दीफाई ने 27 प्रतिशत कर्मचारियों को नौकरी से निकाला

**नई दिल्ली।** घरेलू हेल्थटेक स्टार्टअप हेल्दीफाई ने पुनर्गठन प्रक्रिया के तहत अपने 27 प्रतिशत कार्यबल या लगभग 150 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है. एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई. इंक42 ने सूत्रों के हवाले से बताया कि इस सप्ताह की शुरुआत में हुई नौकरी में कटौती से बिक्री और उत्पाद टीमों के कर्मचारी सबसे अधिक प्रभावित हुए। पहले भी हो चुकी है चटनी रिपोर्ट में हेल्दीफाई के सह -संस्थापक और सीईओ तुषार वशिष्ठ के हवाले से कहा गया है, अगले तीन-चार महीनों में, हमारा भारतीय व्यवसाय कर-पूर्व लाभ की स्थिति में होगा. यह पुनर्गठन इसे प्राप्त करने की दिशा में एक दुर्भाग्यपूर्ण, लेकिन महत्वपूर्ण कदम है. हमें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि हमारे पास वैश्विक विस्तार के लिए पर्याप्त संसाधन आवंटन हो. इसके अलावा, स्टार्टअप ने कहा कि वह प्रभावित कर्मचारियों को इस संक्रमण के दौरान मजबूत समर्थन प्रदान करेगा, जिसमें व्यापक विलगाव पैकेज, विस्तारित बीमा कवरेज और जॉब प्लेसमेंट सहायता शामिल है। रिपोर्ट के अनुसार, प्रभावित श्रमिकों को दो महीने का वेतन, विस्तारित बीमा कवरेज, और छुट्टियों के बदले नकद भुगतान की पेशकश की गई है. हेल्थटेक स्टार्टअप ने 2021 में एसएमई (विषय वस्तु विशेषज्ञ), गुणवत्ता विश्लेषण, उत्पाद और विपणन सहित विभिन्न टीमों से लगभग 150 कर्मचारियों को निकाला था. 2012 में स्थापित, हेल्दीफाई का स्वास्थ्य और फिटनेस ऐप आहार की आदतों, फिटनेस और वजन को ट्रैक करने के साथ-साथ कोचिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का उपयोग करता है।

### टाइटैनिक के सबसे अमीर यात्री की सोने की घड़ी हुई नीलाम, कीमत जानकर रह जाएंगे दंग

**लंदन ।** टाइटैनिक से जुड़ी जब भी कोई जानकारी सामने आती है तो हर कोई उसे जानने को उत्सुक हो जाता है। अब इस जहाज के सबसे अमीर यात्री की मिली एक सोने की घड़ी से जुड़ी खबर सामने आई है। दरअसल, घड़ी को नीलाम किया गया है, जिसकी कीमत जानकार आपको भरोसा नहीं होगा। इंग्लैड में घड़ी को 11.7 लाख पाउंड यानी 14.6 लाख डॉलर में नीलाम की गई। नीलामीकर्ता हेनरी एल्ड्रिज एंड सन ने कहा कि 1912 के जहाज आपदा से जुड़ी किसी वस्तु के लिए यह एक रिकॉर्ड राशि थी। अमेरिका के खरीदार ने खरीदा अंदाजा लगाया जा रहा था कि घड़ी करीब एक लाख से 150,000 पाउंड के बीच बिक जाएगी। हालांकि, इन अनुमानों को पीछे छोड़ते हुए अमेरिका के एक शख्स ने बोली जीती है। पत्नी की बचाई जान ड़ी पर जेजेए लिखा हुआ है। दरअसल, यह घड़ी अमेरिका के सबसे अमीर व्यक्ति जॉन जैकब एस्टोर की थी। बताया जाता है कि जब 15 अप्रैल 1912 में टाईटैनिक डूबी थी, तब जहाज के डूबने से पहले उन्होंने अपनी पत्नी मेडेलीन को एक लाइफबोट पर चढ़ा दिया था, जिससे उनकी जान बच गई थी।



### भारत और ताइवान ने डब्ल्यूटीओ की इकाई से आईसीटी आयात शुल्क विवाद पर फैसला टालने को कहा, यह है कारण

**नई दिल्ली ।** भारत और चीनी ताइपे (ताइवान) ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के विवाद निपटान निकाय से 26 जुलाई तक कुछ सूचना और प्रौद्योगिकी उत्पादों पर नयी दिल्ली के आयात शुल्क के खिलाफ कोई फैसला नहीं लेने को कहा है क्योंकि 'दोनों पक्ष मामले को सुलझाने में लगे हुए हैं।' एक अधिकारी ने यह बात कही। यह मुद्दा 26 अप्रैल को जिनेवा में विवाद निपटान निकाय (डीएसबी) की बैठक के दौरान उठा। जिनेवा स्थित अधिकारी ने कहा कि बैठक में दोनों देशों ने विवादों के समाधान को सुविधाजनक बनाने में मदद के लिए डीएसबी को 26 जुलाई, 2024 तक विवाद पैनल की रिपोर्टों पर विचार नहीं करने के लिए कहा है। उन्होंने बताया कि निकाय इस पर सहमत हो गया है। इससे पहले भी डीएसबी ने रिपोर्टों पर विचार करने में देरी के लिए भारत और चीनी ताइपे के तीन पिछले अनुरोधों पर सहमति व्यक्त की थी। डब्ल्यूटीओ के नियमों के अनुसार, आदेश जारी होने के 60 दिनों के भीतर पैनल के फैसले को डीएसबी द्वारा कार्यान्वयन के लिए अपनाना होगा। हालांकि, दोनों देश परस्पर निर्णय को अपनाने में देरी के लिए डीएसबी से अनुरोध कर सकते हैं। डब्ल्यूटीओ के एक विवाद पैनल ने 17 अप्रैल, 2023 को अपनी रिपोर्ट में कहा कि कुछ सूचना और प्रौद्योगिकी उत्पादों पर भारत द्वारा लगाया गया आयात शुल्क वैश्विक व्यापार मानदंडों का उल्लंघन है।

# अमेरिका का रिपब्लिक फर्स्ट बैंक डूबा, क्या फिर आने वाला है 2008 जैसा आर्थिक संकट




**वॉशिंगटन, 28 अप्रैल (एजेंसियां) ।**

अमेरिका के बैंकिंग सिस्टम में तनाव खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। अब अमेरिका का क्षेत्रीय बैंक-रिपब्लिक फर्स्ट बैंक डूब गया है। अमेरिका के बैंकिंग रेगुलेटर फेडरल डिपॉजिट इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ने रिपब्लिक फर्स्ट बैंक की संपत्तियां जब्त कर ली हैं। रिपब्लिक फर्स्ट बैंक 2024 में डूबने वाला पहला बैंक बन गया है। इससे पहले पिछले वर्ष नवंबर में सिटीजन्स बैंक डूब गया था।

### फुल्टन बैंक संभालेगा जिम्मेदारी

बताया कि 31 जनवरी 2024 को रिपब्लिक फर्स्ट बैंक की कुल परिसंपत्तियां करीब छह अरब डॉलर थी, जबकि बैंक में करीब चार अरब डॉलर की राशि जमा थी। रेगुलेटर ने बताया कि पेंसिलवेनिया का फुल्टन बैंक, रिपब्लिक फर्स्ट बैंक का संचालन शुरू करने और इसकी संपत्तियां व जमा खरीदने पर सहमत हो गया है। रिपब्लिक फर्स्ट बैंक की सभी 32 शाखाएं फुल्टन बैंक के तौर पर संचालित हुईं।

एफडीआईसी ने कहा कि रिपब्लिक फर्स्ट बैंक के जमाकर्ता चेक या एटीएम के जरिये लेनदेन कर सकते हैं। बैंक की इस विफलता से डिपॉजिट इंश्योरेंस फंड पर करीब 66.7 करोड़ डॉलर का बोझ पड़ेगा। रिपब्लिक फर्स्ट बैंक की अधिकांश शाखाएं न्यूजर्सी, पेंसिलवेनिया और न्यूयार्क में स्थित हैं।

### क्यों अमेरिका में बढ़ रहा जोखिम

बढ़ती ब्याज दरों और वाणिज्यिक संपत्ति के मूल्यों में गिरावट ने कई क्षेत्रीय और सामुदायिक बैंकों के लिए वित्तीय जोखिम बढ़ा दिया है। खासतौर पर मूल्य खो चुकी संपत्तियों पर बकाया कर्ज का पुनर्वित्त बैंकों के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है।

### फरवरी में नाकाम हुई थी बातचीत

वॉल स्ट्रीट जर्नल की एक रिपोर्ट के अनुसार, रिपब्लिक फर्स्ट बैंक ने पिछले वर्ष निवेशकों के एक समूह से निवेश को लेकर बातचीत शुरू की थी। लेकिन इस वर्ष फरवरी में यह बातचीत विफल हो गई थी। इसके बाद एफडीआईसी ने बैंक की संपत्तियां सीज करने और उन्हें बेचने की प्रक्रिया शुरू की थी। ज्यादा लागत के दबाव के चलते रिपब्लिक फर्स्ट बैंक ने 2023 की शुरुआत में नौकरियों में कटौती की थी। साथ ही बैंक संपत्ति गिरवी रखकर कर्ज देने वाले कारोबार से बाहर निकल गया था। लेकिन, यह सब बैंक के संकट को दूर नहीं कर पाया।

### 1 जून से बढ़ेगी ऑडी की कारों की कीमत...अभी खरीद लें

**मुंबई ।** लग्जरी कार बनाने वाली जर्मन कंपनी ऑडी ने भारत में अपनी कारों की कीमतें बढ़ाने की घोषणा की है। हालांकि, प्राइस हाइक तत्काल लागू नहीं हो रही है और ग्राहकों पर ऑडी कारों की बढ़ी कीमत का बोझ 1 जून 2024 से पड़ेगा। कंपनी का कहना है कि ऑडी कारों के इनपुट कॉस्ट लगातार बढ़ रहे हैं, इसके बाद एक जून से अलग-अलग मॉडलों की एक्स-शोरूम कीमत में 2 फीसदी तक की बढ़ोतरी हो जाएगी। बता दें कि ऑडी के प्रोडक्ट पोर्टफोलियो में एक से बढ़कर एक कारें हैं और इनमें सबसे सस्ती ऑडी क्यू3 है। इसके साथ ही ऑडी ए4, ऑडी ए6, ऑडी क्यू3 स्पोर्टबैक, ऑडी क्यू5, ऑडी क्यू7, ऑडी क्यू8, ऑडी ए8 एल, ऑडी एस5 स्पोर्टबैक, ऑडी आरएस5 स्पोर्टबैक, साथ ही ऑडी ई-ट्रॉन जीटी, ऑडी क्यू8 50 ई-ट्रॉन, ऑडी क्यू8 55 ई-ट्रॉन जैसी इलेक्ट्रिक कारें भी हैं। कीमतों की बढ़ोत्तरी पर ऑडी इंडिया के प्रमुख बलबीर सिंह ढिल्लन का कहना है कि इनपुट के बढ़ता खर्च की वजह से हम अपनी कारों की कीमतें 2 फीसदी तक बढ़ाने के लिए मजबूर हैं और यह बढ़ोतरी 1 जून, 2024 से प्रभावी होगी। पिछले वित्त वर्ष बेचीं 7 हजार से ज्यादा कारें यहां बताना जरूरी है कि ऑडी इंडिया ने वित्त-वर्ष 23-24 में कुल मिलाकर 33 फीसदी की बढ़ोतरी करते हुए 7027 यूनिट्स की बिक्री की थी। वहीं, बीते वित्त वर्ष में उसके प्री-ओन्ड कार बिजनेस 'ऑडी अप्रूव्ड: प्लस' में भी 50 फीसदी की बढ़ोतरी देखने को मिली है।

**इस सप्ताह फेड के फैसले से तय होगी बाजार की चाल**

# कच्चा तेल और रुपया-डॉलर विनिमय दर भी व्यापार को प्रभावित करेंगे




**मुंबई, 28 अप्रैल ।**

कंपनियों की तिमाही आय के परिणामों, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर फैसले और अन्य वैश्विक रुझानों से इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजार की चाल तय होगी। बाजार के विशेषज्ञों ने बताया कि इसके अलावा, विदेशी निवेशकों की व्यापारिक गतिविधियों, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड की दिशा और रुपया-डॉलर विनिमय दर जैसे कारक भी व्यापार को प्रभावित करेंगे। महाराष्ट्र दिवस के कारण बुधवार को घरेलू शेयर बाजार बंद रहेंगे। बाजार विशेषज्ञों ने कहा कि घरेलू स्तर पर चौथी तिमाही के नतीजे कुछ विशेष शेयरों को दिशा देंगे। उन्होंने कहा कि मासिक ऑटो बिक्री के आंकड़े मई की शुरुआत में घोषित किए जाएंगे और मतदान का अगला चरण महत्वपूर्ण होगा। वैश्विक मोर्चे पर एक मई को होने वाली अमेरिकी फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक का नतीजा महत्वपूर्ण होगा।

### भारत की यात्रा टालने के बाद एलन मस्क अचानक चीन के लिए हुए रवाना

**बीजिंग ।** टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने हाल ही में भारत की यात्रा को टाल दिया था। लेकिन अब वो अचानक से भारत के दुश्मन देश चीन की यात्रा के लिए रवाना हुए हैं। चीन को इलेक्ट्रिक वाहन दिग्गज का दूसरा सबसे बड़ा बाजार भी माना जाता है। एक सप्ताह पहले टाली थी यात्रा मस्क ने एक सप्ताह पहले ही भारत की यात्रा टाल दी थी। कहा जा रहा था कि वह भारत यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने वाले थे और भारतीय बाजार में प्रवेश करने की योजना का एलान करने वाले थे। इस पर करेंगे चर्चा अब बताया जा रहा है कि टेस्ला के सीईओ चीन के वरिष्ठ अधिकारियों से मिलने की कोशिश करेंगे, जिससे वह फुल-सेल्फ ड्राइविंग (एफएसडी) सॉफ्टवेयर पर चर्चा कर सकें। साथ ही वह कोशिश करेंगे की चीन फुल-सेल्फ ड्राइविंग से संबंधित जुटाए डाटा को अमेरिका ट्रांसफर करने के लिए तैयार हो जाए।

# बांग्लादेश और यूएई समेत छह देशों को 99150 मीट्रिक टन प्याज निर्यात होगा, सरकार ने दी मंजूरी




**नई दिल्ली, 28 अप्रैल (एजेंसियां) ।**

केंद्र सरकार ने छह देशों, बांग्लादेश, संयुक्त अरब अमीरात, भूटान, बहरीन, मॉरीशस और श्रीलंका को 99,150 मीट्रिक टन प्याज के निर्यात की अनुमति दे दी है। एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह निर्णय पिछले वर्ष की तुलना में 2023-24 में खरीफ और रबी फसलों के कम अनुमानों और अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ती मांग को देखते हुए लिया गया है। निर्यात की सुविधा के लिए, नेशनल कोऑपरेटिव एक्सपोर्ट्स लिमिटेड (एनसीईएल) को इन देशों को प्याज निर्यात करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सरकार की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार एनसीईएल प्रतिस्पर्धी कीमतों पर ई-प्लेटफॉर्म के माध्यम से घरेलू उत्पादकों से प्याज इकट्ठा करेगा। इस प्याज की आपूर्ति नामित एजेंसियों या गंतव्य देशों की एजेंसियों को बातचीत के आधार पर तय की दरों पर 100 प्रतिशत अग्रिम भुगतान के साथ की जाएगी। महाराष्ट्र, देश का सबसे बड़ा प्याज उत्पादक होने के नाते, निर्यात के लिए प्याज का प्रमुख आपूर्तिकर्ता होगा।

# डीमैट खोलने से पहले जान लें महत्वपूर्ण बातें

**मुंबई, 28 अप्रैल (एजेंसियां) ।**

भारतीय शेयर बाजार में निवेश के लिए डीमैट अकाउंट खोलना जरूरी है। अगर आप भी शेयर बाजार में निवेश करने जा रहे हैं तो कुछ बातों का जरूर ख्याल रखें। यहां पर आपको 9 महत्वपूर्ण बातें बताई जा रही है, जिनको अपनाकर आप सही डीमैट अकाउंट का चयन कर अच्छी बचत कर सकते हैं।





- – ब्रोकर की विश्वसनीयता: डीमैट खाता उस ब्रोकर के पास खोलें, जिसकी मार्केट में अच्छी विश्वसनीयता हो।
- – खाता खोलने का शुल्क: भारत में कई ब्रोकरेज कंपनियां डीमैट खातों पर वार्षिक रखरखाव शुल्क लगाती हैं, जो सीधे खाते की शेष राशि से काट लिया जाता है। डीमैट खोलने से पहले यह चेक करें कि कौन खाता खोलने के लिए कम पैसा ले रहा है।
- – ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म: आसान ट्रेडिंग के लिए मोबाइल ऐप और वेब इंटरफेस सहित सहज ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म की पेशकश करने वाले ब्रोकरों को चुनें।
- – रिसर्च और विश्लेषण: रिसर्च रिपोर्ट, बाजार विश्लेषण और शैक्षिक संसाधनों के प्रावधान के आधार पर ब्रोकरों का मूल्यांकन करें।
- – ब्रोकरेज शुल्क: ब्रोकरेज शुल्क की तुलना करें, जिसमें लेनदेन शुल्क, ब्रोकरेज दरें और अन्य शुल्क शामिल हैं।
- – कस्टमर सपोर्ट: ब्रोकर द्वारा दी जाने वाली कस्टमर सपोर्ट सेवाओं की गुणवत्ता और प्रतिक्रिया का मूल्यांकन करें, जिसमें हेल्पलाइन उपलब्धता, ईमेल सपोर्ट और ऑनलाइन चैट विकल्प शामिल हैं।
- – अकाउंट की विशेषताएं: मार्जिन ट्रेडिंग, आईपीओ निवेश, म्यूचुअल फंड निवेश और ब्रोकर द्वारा प्रदान की गई अन्य मूल्य वर्धित सेवाओं जैसी अतिरिक्त सुविधाओं के लिए डीमैट खाते का मूल्यांकन करें।
- – सेफ्टी फीचर्स: सुनिश्चित करें कि ब्रोकर दो-कारक ऑथेंटिकेशन और एन्क्रिप्शन प्रोटोकॉल सहित व्यक्तिगत और वित्तीय जानकारी की सुरक्षा के लिए मजबूत सेफ्टी फीचर्स लागू करता है।
- – अकाउंट मैनेजमेंट: वैसा शेयर ब्रोकर चुनें जो आसानी से अकाउंट मैनेजमेंट की सुविधा प्रदान करता हो।

# डाटा सेंटर बिज़नेस के लिए अदाणीकॉनेक्स ने जुटाए 1.44 बिलियन डॉलर

**नई दिल्ली, 28 अप्रैल (एजेंसियां) ।**

**भारत में डिजिटल बुनियादी ढांचे के विकास में तेजी लाने के लिए, अदाणी एंटरप्राइजेज और एजकॉनेक्स के बीच एक संयुक्त उद्यम अदाणीकॉनेक्स ने रविवार को कहा कि उसने 1.44 अरब डॉलर जुटाने के लिए देश की सबसे बड़ी सस्टेनेबिलिटी लिंक्ड फाइनेंसिंग स्थापित की है।**

इस ट्रांजैक्शन ने अदाणीकॉनेक्स के निर्माण वित्तपोषण पूल को 1.65 बिलियन डॉलर तक बढ़ा दिया है. इससे पहले पिछले साल जून में 213 मिलियन डॉलर की पहली निर्माण सुविधा बनाई गई थी.




अदाणीकॉनेक्स के सीईओ जयकुमार जनकराज ने कहा, यह सफल अभ्यास टिकाऊ और मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचे की स्थापना की चुनौतियों का सामना करने, मानदंडों को आगे बढ़ाने और नए उद्योग मानक स्थापित करने के लिए दोनों पक्षों के सामूहिक संकल्प का एक प्रमाण है तैयार होने वाली डेटा सेंटर सुविधाएं परिचालन दक्षता को अनुकूलित करते हुए इकोलॉजी फुटप्रिंट को कम करने के लिए अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और नवीकरणीय ऊर्जा समाधानों का इस्तेमाल करेंगी। नए वित्तपोषण की शुरुआती प्रतिबद्धता 875 मिलियन डॉलर है, जिसे 1.44 बिलियन डॉलर तक बढ़ाया जा रहा है. जनकराज ने कहा, निर्माण वित्तपोषण अदाणीकॉनेक्स पूंजी प्रबंधन योजना का एक प्रमुख तत्व है, जो हमें टिकाऊ और पर्यावरणीय प्रबंधन में मजबूती से डेटा सेंटर समाधान प्रदान करने में सक्षम बनाता है। कंपनी के अनुसार, डेटा सेंटर सुविधा की एक प्रमुख विशेषता परियोजनाओं की रणनीति के अनुरूप सिंडिकेटेड गारंटी-समर्थित आश्वासन कार्यक्रम है, जो अपनी तरह का अनोखा है. कंपनी ने बताया कि आठ अंतरराष्ट्रीय ऋणदाताओं- आईएनजी बैंक एन.वी., इंटेसा सैनपोलो, केएफडब्ल्यू आईपीईएक्स, एमयूएफजी बैंक लिमिटेड, नेटिक्सिस, स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक, सोसाइटी जेनरल और सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉर्पोरेशन के साथ समझौते किए गए हैं। अदाणीकॉनेक्स का लक्ष्य सबसे बड़े निजी डेटा सेंटर ऑपरेटरों में से एक, अदाणी ग्रुप और एज कॉनेक्स की क्षमता का लाभ उठाकर 1 गीगावाट डेटा सेंटर इंफ्रास्ट्रक्चर प्लेटफॉर्म का निर्माण करना है।



# जहीर ने टी20 विश्व कप के लिए अपनी पसंदीदा टीम में ऋषभ, यश दयाल को शामिल किया

**मुम्बई, 28 अप्रैल (एजेंसियां) ।**

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान ने आगामी टी20 विश्व कप के लिए अपनी पसंदीदी टीम बनायी है। जहीर ने अपनी इस टीम में आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को एकमात्र विकेटकीपर के रुप में शामिल किया है। वहीं उनकी इस टीम में युवा तेज गेंदबाज यश दयाल को भी शामिल किया गया है।

यश दयाल घरेलू क्रिकेट में उत्तर प्रदेश जबकि आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की ओर से खेलते हैं। जहीर ने कहा, 'यश दयाल का स्थान 'अस्थायी होगा क्योंकि मोहम्मद शमी टूर्नामेंट के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। उन्होंने कहा, 'यश एक ऐसा गेंदबाज है कि जिसे आप कभी भी किसी भी गेंदबाज के विकल्प के तौर पर जिम्मेदारी दे सकते है। जहीर ने अपनी इस टीम में संजू सैमसन, केएल राहुल और ईशान किशन जैसे खिलाड़ियों को जगह नहीं दी है जिससे सभी हैरान हैं।

जहीर ने कहा, 'ऋषभ मेरे एकमात्र विकेटकीपर हैं। मैंने चार तेज गेंदबाज लाने को प्राथमिकता दी है। आप दूसरे विकेटकीपर के लिए एक तेज गेंदबाज को कम नहीं कर सकते। आपके पास केएल राहुल, संजू सैमसन जैसे विकल्प हैं और कई लोग अनुभवी दिनेश कार्तिक को देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'कार्तिक की बात करें तो इस समय हम महेंद्र सिंह धोनी के स्ट्राइक रेट के कारण उन पर भी विचार कर सकते हैं। अगर आप एक महीने तक चलने वाले टूर्नामेंट के लिए एक टीम बना रहे हैं तो ही 'रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर आपका विकेटकीपर हो सकता है।

जहीर ने अपनी टीम में 16 खिलाड़ियों को जगह दी है। उन्होंने कहा कि शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल के बीच केवल एक खिलाड़ी को रोहित शर्मा के सलामी जोड़ीदार के तौर पर चुना जायेगा। उन्होंने कहा, 'चयनकर्ताओं के लिए ये काफी कठिन फैसला होगा। मुझे लगता है कि शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल में से केवल एक ही जगह बना पाएगा।

**टी20 विश्व कप के लिए जहीर खान की पसंदीदा भारतीय टीम इस प्रकार है:**

**बल्लेबाज :** रोहित शर्मा, शुभमन गिल या यशस्वी जयसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, रिंकू सिंह

**ऑलराउंडर :** शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या, रविंद्र जड़ेजा, विकेटकीपर : ऋषभ पंत, गेंदबाज : जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, यश दयाल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल।

## न्यूज ब्रीफ

### गेंद और बल्ले में संतुलन लाने की जरुरत : गांगुली

**मुम्बई ।** महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर के बाद अब भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने भी गेंदबाजों की कमजोर हालत पर चिन्ता जतायी है। गांगुली कहा है कि इस आईपीएल सत्र में जिस प्रकार का खेल देखने को मिला है। उससे साफ पता चलता है कि बल्लेबाज हावी हैं और उन्हें रोकना गेंदबाजों के लिए असंभव होता जा रहा है। गांगुली ने कहा कि इसका कारण सपाट पिच होने के साथ ही 'इम्पैक्ट खिलाड़ी के तौर पर एक अतिरिक्त बल्लेबाज का नियम भी है। इसलिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को कोई ऐसा कोई तरीका खोजना होगा जिससे गेंद और बल्ले में संतुलन बनाया जा सके। गांगुली ने कहा कहा कि जिस प्रकार सभी टीमें आसानी से 200 रन से अधिक बना रही हैं। उससे साफ है कि गेंदबाजों का अब कोई नियंत्रण नहीं रह गया है। गांगुली ने कहा कि गेंदबाजों के लिए इस प्रकार के हालात ठीक नहीं कहे जा सकते हैं। उनके खिलाफ हर जगह रन बनाए जा रहे हैं। इसलिए भविष्य में इस ओर ध्यान देने की जरूरत है क्योंकि खेल में रोमांच के लिए बल्ले और गेंद के बीच संतुलन रहना चाहिए। वहीं इस सत्र में बल्लेबाजी और गेंदबाजी के बीच बराबरी लाने के लिए गेंदबाजों को एक से बढ़ाकर दो बाउंसर डालने की भी अनुमति दी गयी थी पर इसका भी कोई लाभ होता नजर नहीं आ रहा। वहीं कई दिग्गजों का मानना है कि 'इम्पैक्ट खिलाड़ी नियम से ये असंतुलन आया है।



### पंड्या ने हार पर निराशा जताते हुए कहा, हम अवसरों का लाभ नहीं उठा पाये

**नई दिल्ली ।** मुम्बई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में मिली हार पर निराशा जतायी है। पंड्या ने माना कि इससे उनके लिए प्लेऑफ की राह कठिन हो गयी है। उन्होंने कहा कि हमें बीच के ओवरों में जोखिम लेने चाहिये थे पर ऐसा हो नहीं पाया। हमारे बल्लेबाज दिल्ली के स्पिनर अक्षर पटेल को निशाना बना सकते थे पर इसमें हमें सफलता नहीं मिली। पंड्या ने कहा कि हर मैच के साथ ही हमारी हार का अंतर कम हुआ है। शुरुआती मैचों में यह अंतर कुछ ओवरों का होता था जो अब कुछ गेंदों का होता जा रहा है। हमें बीच के ओवरों में आक्रामक बल्लेबाजी करनी थी पर बाएं हाथ के खिलाड़ी अक्षर पर दबाव नहीं बना पाये। वहीं दिल्ली के बल्लेबाज फ्रेजर मैकगर्क ने स्पिनरों के खिलाफ अवसर लेते हुए पूरा लाभ उठाया। जिसका लाभ दिल्ली को मिला। इस मैच की शुरुआत में ही मैकगर्क ने 27 गेंदों पर 84 रन बनाये थी। उनके अलावा अभिषेक पोरेल ने 3 चौके और 1 छक्के के साथ 27 गेंदों पर 36 रन बनाये व शाइ होप ने 17 गेंदों पर 5 छक्कों के साथ 41 रन वहीं मुम्बई की ओर से तिलक वर्मा के 63, हार्दिक पांड्या के 46, टिम डेविड के 37 रनों के बाद भी टीम लक्ष्य तक नहीं पहुंच पायी। इस मैच में हार से अब मुम्बई की टीम 9 में से 6 मुकाबले हार गयी है। ऐसे में अब उसे प्लेऑफ की संभावनाएं बनाने बचे हुए सभी पांच मैच जीतने होंगे।



### विश्व नंबर 1 स्वियातेक मैड्रिड ओपन के अंतिम-16 में, सोराना क्रिस्टी को 6-1, 6-1 से आसानी से हराया

**मैड्रिड ।** विश्व की नंबर एक महिला टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए मैड्रिड ओपन के अंतिम-16 में जगह बनाई। पोलैंड की स्वियातेक ने महिला एकल के मुकाबले में रोमानिया की सोराना क्रिस्टी को सीधे सेटों में 6-1, 6-1 से हराया। इसके साथ ही स्वियातेक का जीत-हार का रिकॉर्ड 26-4 हो गया है। वह पिछले साल यहां फाइनल में सबालेंका से हार गई थी। स्वियातेक अब अंतिम-16 के मुकाबले में स्पेन की सारा सोरिबेस टोरमो के खिलाफ खेलेंगी। वह अगले महीने होने वाले फ्रेंच ओपन की तैयारी कर रही हैं। वह फ्रेंच ओपन की तीन की विजेता हैं। क्वालिफायर खिलाड़ी थियागो ने सितसिपास को हराया पुरुष एकल के मुकाबले में ब्राजील के क्वालिफायर खिलाड़ी थियागो मोंटियरो ने दूसरे दौर में विश्व के सातवें नंबर के खिलाड़ी स्टेफानोस सितसिपास को 6-4, 6-4 से हराकर उन्हें चौंका दिया। सितसिपास ने इस महीने की शुरुआत में मोंटे कार्लो टूर्नामेंट जीता था जबकि पिछले सप्ताह बार्सिलोना ओपन के फाइनल में पहुंचे थे। मैच के बाद सितसिपास ने कहा कि मैंने अच्छे प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ मैच खेला। उसने अच्छे शॉट लगाए।



# विल जैक्स का तूफानी शतक, बेंगलुरु ने गुजरात टाइटंस को 9 विकेट से हराया



**अहमदाबाद, 28 अप्रैल (एजेंसियां)।**

विल जैक्स नाबाद (100) की तूफानी शतकीय और विराट कोहली की (74) रनों की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 45वें मैच में गुजरात टाइटंस को नौ विकेट से हरा दिया है।

201 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कप्तान फाफ डुप्लेसी और विराट कोहली की जोड़ी ने पहले विकेट के लिये 40 रन जोड़े। फाफ डुप्लेसी 12 गेंदों में 24 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद आये विल जैक्स ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 41 गेंदों में पांच चौके और 10 छक्के लगाते हुए नाबाद (100) रनों की पारी खेली। वहीं विराट कोहली 44 गेंदों में छह चौके और तीन छक्कों की मदद से 70 रन बनाकर नाबाद रहे। बेंगलुरु ने 16 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 206 रन बनाकर नौ विकेट से मुकाबला जीत लिया। गुजरात टाइटंस की ओर एक मात्र विकेट साई किशोर को मिला। बेंगलुरु की 10 मैचों में यह तीसरी जीत है।इससे पहले साई सुदर्शन नाबाद (84) और शाहरुख खान (58) रनों की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत गुजरात टाइटंस ने रॉयल चैलेंजर्स ने बेंगलुरु को जीत के लिए 201 रनों का लक्ष्य दिया है। आज यहां नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज ऋद्धिमान साहा (5) का विकेट गवां दिया।

उसके बाद कप्तान शुभमन गिल (16) बनाकर पवेलियन लौट गये। साई सुदर्शन और शाहरुख खान की जोड़ी ने पारी को संभाला और तीसरे विकेट लिये (86) रनों की साझेदारी की। शाहरुख खान ने 30 गेंदों में तीन चौके और पांच छक्के उड़ाते हुए (58) रन बनाये। साई सुदर्शन ने 49 गेंदों में आठ चौके और चार छक्के लगाते हुए नाबाद 84 रनों की पारी खेली। डेविड मिलर 19 गेंदों में 26 रन बनाकर नाबाद रहे। गुजरात टाइटंस ने निर्धारित 20 ओवर में तीन विकेट पर 200 रन का स्कोर खड़ा किया। रॉयल

# चेन्नई सुपर किंग्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को 78 रनों से हराया

**चेन्नई, 28 अप्रैल (एजेंसियां)।**



कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ (98) और डैरिल मिचेल (52) रनों की बेहतरीन पारियों और उसके बाद तुषार देशपांडे सहित गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर चेन्नई सुपर किंग्स ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 46वें मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को 78 रनों से हरा दिया है। 213 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हैदराबाद की शुरुआत खराब रही उसने दूसरे ही ओवर में सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड (13) को तुषार देशपांडे आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद तुषार ने अनमोलप्रीत सिंह (शून्य), अभिषेक शर्मा (15) को भी पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। हालांकि एडन मारक्रम और नीतिश कुमार रेड्डी ने पारी को संभालने का प्रयास किया। लेकिन नौवें ओवर में रवींद्र जडेजा ने रेड्डी (15) को आउट कर हैदराबाद की उम्मीदों झटका दिया। इसके बाद मथीशा पथिराना ने एडन मारक्रम (32) को भी पवेलियन भेज दिया। हाइनरिक क्लासन (20), अब्दुल समद (19), शाहबाज़ अहमद (7), पैट कमिंस(5) रन बनाकर आउट हुये। 19वें ओवर में मुस्तफिजुर रहमान ने जयदेव उनादकट (1) को आउट कर हैदराबाद की पारी को 134 रन पर समेट दिया।चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से तुषार देशपांडे ने चार विकेट लिये। मुस्तफ़िज़ुर रहमान और मथीशा पथिराना ने दो-दो बल्लेबाजों को आउट किया। रवींद्र जडेजा और शार्दुल ठाकुर को एक-एक विकेट मिला। इससे पहले चेन्नई सुपर किंग्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को जीत के लिए 213 रन बनाने का लक्ष्य दिया था। यहां एम ए चिदंबरम स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी के लिए उतरी चेन्नई सुपर किंग्स की शुरुआत खराब रही और उसने तीसरे ही ओवर में अजिंक्य रहाणे (9) का विकेट गवां दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये डैरिल मिचेल ने ऋतुराज गायकवाड़ के साथ दूसरे विकेट लिये 107 रनों की साझेदारी की। 14वें ओवर में जयदेव उनादकट ने डैरिल मिचले को नीतिश कुमार रेड्डी के हाथों कैच आउट कराकर हैदराबाद को दूसरी सफलता दिलाई। मिचले ने 32 गेंदों में सात चौके और एक छक्का लगाते हुए 52 रन बनाये। ऋतुराज गायकवाड़ ने 49 गेंदों में 10 चौके और तीन छक्के लगाते हुए 98 रनों की पारी खेली। शिवम दुबे 20 गेंदों में चार छक्के और एक चौका लगाते हुए नाबाद 39 रन और एमएस धोनी (5) रन बनाकर नाबाद रहे। चेन्नई ने निर्धारित 20 ओवरों में तीन विकेट पर 212 रनों का स्कोर खड़ा किया। सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से भुवनेश्वर कुमार और जयदेव उनादकट ने एक-एक विकेट लिया।

# इशांत और वॉर्नर फिट नहीं होने के कारण अभी बाहर ही रहेंगे : आमरे

**नई दिल्ली, 28 अप्रैल (एजेंसियां) ।**

**दिल्ली कैपिटल्स के सहायक कोच प्रवीण आमरे ने कहा है कि टीम के सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर और तेज गेंदबाज इशांत शर्मा अभी तक पूरी तरह से फिट नहीं हुए हैं। इसलिए इन दोनो को ही अंतिम ग्यारह में शामिल नहीं किया जाएगा। आमरे ने कहा कि इन दोनो को ही अपनी चोट से उबरने में अभी करीब एक सप्ताह का समया लगेगा।**



आमरे कहा, ' मेरा अंदाजा है कि वॉर्नर को पूरी तरह फिट होने में एक सप्ताह का समय और लगेगा। इशांत की पीठ में जकड़न अभी तक गयी नहीं है। इसके अलावा वॉर्नर भी अभी तक अपने हाथ में लगी चोट से नहीं उबर पाये हैं। इन दोनो का ही एमआरआई कराया गया है और रिपोर्ट में पता चला है कि इन दोनो को ही अभी दो से तीन सप्ताह तक आराम करना होगा। मुझे लगता है कि दिल्ली में सात मई को होने वाले अगले मुकाबले तक ये दोनो ही चयन के लिए उपलब्धि होंगे। वहीं पृथ्वी शॉ को लेकर उन्होंने कहा, 'जब हम मैदान में पहुंचे तो पृथ्वी कुछ असहज नजर आये। इसी कारण हमने तय किया कि यदि वह पूरी तरह फिट नहीं हैं तो हम अभिषेक पोरेल के साथ उतरेंगे। दिल्ली कैपिटल्स का अगला मुकाबला अब 29 अप्रैल को कोलकाता में कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा। इसके बाद ये दोनो ही सात मई को वापस आकर राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में खेलेंगे। वॉर्नर को लखनऊ सुपर जॉयंट्स (एलएसजी) के खिलाफ हुए मैच में उंगली में चोट लग गयी थी।

# टी20 विश्वकप में रोहित और यशस्वी पारी की शुरुआत करें : हरभजन, विराट तीसरे या चौथे नंबर पर उतरें

**नई दिल्ली, 28 अप्रैल (एजेंसियां) ।**



आईपीएल में इस बार अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने आरसीबी की ओर से खेलते हुए सबसे अधिक रन बनाये हैं और वह ऑरेंज कैप की दौड़ में सबसे आगे हैं। विराट ने इस दौरान एक शतक भी लगाया है।

इससे विराट की आगामी टी20 विश्वकप के लिए जगह पक्की मानी जा रही है। वहीं पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा है कि यशस्वी जायसवाल और रोहित शर्मा को भारत के लिए पारी की शुरुआत करनी चाहिए जबकि विराट कोहली को तीसरे नंबर पर आना चाहिए। हरभजन ने कहा कि शीर्ष स्तर पर बाएं-दाएं संयोजन ठीक रहेगा।

यदि 6 से 7 ओवर खेले जाते हैं और ऐसे में यदि हमारे पास शिवम दुबे जैसा खिलाड़ी है, तो वह नंबर 3 पर आ सकता है। ऐसे में विराट 4 नंबर पर उतरें। कोहली एक महान खिलाड़ी हैं , वह किसी भी नंबर पर खेल सकते हैं पर टीम हित पहले आता है। वह भी इस बात से ही सहमत होंगे।

वहीं एक अन्य पूर्व भारतीय बल्लेबाज नवजोत सिंह सिद्धू ने भारतीय क्रिकेट टीम के कोच राहुल द्रविड़ और बीसीसीआई चयनकर्ताओं को तीन स्पिनर और इतने ही तेज गेंदबाज चुनने को कहा। उन्होंने कहा, अगर आप इस टूर्नामेंट को जीतना चाहते हैं, तो पांच विकेट लेने वाले विशेषज्ञ गेंदबाज रखें, यह आसान है। एक टीम का पतन समझौता बिंदु से होता है।

आपके पास बिश्नोई, कुलदीप और जडेजा के रूप में तीन स्पिनर हैं। वहीं मयंक यादव अगर फिट हैं, तो इस टीम में आ सकते हैं। खलील अहमद, मुकेश कुमार, मोहसिन खान को भी होना चाहिए।

उन्होंने कहा, भारत के पास बहुत सारे विकल्प हैं और उन्हें समझौता नहीं करना चाहिए और ऐसे खिलाड़ियों को शामिल करना चाहिए जो बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों कर सकें। आप सभी विश्व कप विजेता कप्तानों के बारे में सोचें, वे गुणवत्तापूर्ण गेंदबाजी विकल्पों को ही चुनेंगे यही जीत की कुंजी है।

# भारतीय महिला बैडमिंटन टीम का शानदार प्रदर्शन, चालिहा ने किया उलटफेर

**नई दिल्ली, 28 अप्रैल (एजेंसियां) ।**

**भारतीय महिला बैडमिंटन खिलाड़ी अश्मिता चालिहा ने अपने से ऊंची रैंकिंग की खिलाड़ी मिशेल ली को हराकर उलटफेर किया जिससे भारतीय महिला बैडमिंटन टीम ने उबेर कप टूर्नामेंट जीत के साथ अभियान की शुरुआत की। भारतीय महिला टीम ने इस तरह कनाडा पर 4-1 की जीत से टूर्नामेंट में सकारात्मक शुरुआत की है।**



### चालिहा ने राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता को हराया

रैंकिंग में 53वें स्थान पर काबिज चालिहा ने मानसिक मजबूती और जज्बे का शानदार प्रदर्शन करते हुए दुनिया की 25वें रैंकिंग की खिलाड़ी ली को शुरुआती सिंगल्स मैच में 26-24, 24-22 से मात दी। ली 2014 और 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीत चुकी हैं।

फरवरी में पहली बार एशिया टीम चैंपियनशिप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहीं चालिहा ने पीवी सिंधू सहित शीर्ष खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में जिम्मेदारी अच्छी तरह निभाई।

### भारतीय टीम ने कनाडा को किया चित्त

पिछले साल सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप का खिताब जीतने वाली प्रिया कोंजेगबाम और श्रुति मिश्रा की युवा महिला डबल्स जोड़ी ने कैथरीन चोई और जेसलिन चाउ को 21-12, 21-10 से हराकर भारत को 2-0 से आगे कर दिया था। इशारानी बरुआ ने वेन यू झांग को 21-13, 21-12 से हराकर भारत को 3-0 की अजय बढ़त दिलाने में मदद की।

दूसरे महिला डबल्स में सिमरन सिंधी और रितिका ठाकुर को जैकी डेंट और क्रिस्टल से 19-21, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद राष्ट्रीय चैंपियन अनमोल खरब ने पांचवें और अंतिम मैच में एलियाना झांग को 21-15, 21-11 से हराकर आसान जीत हासिल की। अब युवा भारतीय महिला टीम का सामना इस टूर्नामेंट के अगले मुकाबले में सोमवार को सिंगापुर और मंगलवार को चीन से होगा। भारतीय टीम ग्रुप-ए में शामिल है। वहीं, थॉमस कप में भारतीय पुरुष टीम अपने खिताब का बचाव करने की शुरुआत थाईलैंड के खिलाफ करेगी।




# पाकिस्तानी सेना के साथ समझौता की फिराक में इमरान खान की पार्टी, पीएमएलएन और पीपीपी में बढ़ी बेचैनी

**इस्लामाबाद, 28 अप्रैल (एजेंसियां) ।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान अब अपनी आजादी के लिए पाकिस्तानी सेना के साथ बातचीत करने की योजना बना रहे हैं। इमरान खान की पार्टी के ही एक नेता ने बताया है कि उनकी पार्टी बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन वे सत्ताधारी पार्टियों पीएमएलएन और पीपीपी के साथ कोई बात नहीं करेंगे। पीटीआई नेता के इस बयान पर पाकिस्तान की सत्ताधारी पार्टियों में बेचैनी बढ़ गई है और उन्होंने पीटीआई को निशाने पर ले लिया है।

**सत्ताधारी पार्टियों ने पीटीआई पर बोला हमला** – पूर्व पीएम नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज के वरिष्ठ नेता ख्वाजा साद रफीक ने कहा है कि इमरान खान की पार्टी पीटीआई को नागरिक सर्वोच्चता का रोना नहीं रोना चाहिए, जबकि वे खुद सैन्य नेतृत्व के साथ बातचीत करना चाहते हैं। वह रोना रोते हैं कि वे आजादी के ध्वजवाहक हैं, लेकिन बंद दरवाजों के पीछे वे बातचीत की भीख मांगते हैं। साद रफीक ने कहा कि राजनीतिक पार्टियों को आपस में बातचीत करनी चाहिए। पीएमएलएन के ही एक अन्य नेता राणा सनाउल्लाह ने कहा कि पीटीआई की मानसिकता राजनीतिक नहीं है बल्कि वे सैन्य प्रतिष्ठान की मदद से सत्ता हथियाना चाहते हैं। वे (पीटीआई) कहते हैं कि वे सेना के साथ बात करेंगे, लेकिन जब आरोप लगाने की बारी आती है तो वे हर चीज के लिए सरकार पर कीचड़ उछालते हैं। पीपीपी के नेता फैसल करीम कुंडी ने भी इमरान खान की पार्टी पीटीआई पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि पीटीआई राजनीति में सेना के दखल को आमंत्रित कर रही है। पीपीपी हमेशा से राजनीति में सेना के दखल के खिलाफ है।

**पीटीआई नेताओं के बयान से शुरू हुई समझौते की चर्चा** – दरअसल पीटीआई के वरिष्ठ नेता शहरयार अफरीदी ने हाल ही में अपने एक बयान में कहा कि उनकी पार्टी बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन वे बिलावल भुट्टो जरदारी की पार्टी पीपीपी और सत्ताधारी पीएमएलएन के साथ कोई बात नहीं करेंगे। पीटीआई की ही एक अन्य नेता शिबली फराज ने कहा कि पार्टी असल हितधारकों से बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन पहले उसके लिए सही माहौल होना चाहिए।

## न्यूज़ ब्रीफ


### समलैंगिक रिश्तों पर प्रतिबंध लगाने वाला कानून पास, 15 साल की सजा का प्रावधान; अमेरिका ने की आलोचना




**वॉशिंगटन ।** इराक की संसद ने समलैंगिक विवाह पर प्रतिबंध लगाने वाला एक कानून पारित किया है। इस कानून के तहत समलैंगिकता को बढ़ावा देने वालों पर भारी जुर्माना और जेल की सजा देने की भी बात कही गई है।हालांकि इराक में वेश्यावृत्ति विरोधी और समलैंगिकता कानून के पारित होने की अमेरिका ने निंदा की। अमेरिका का कहना है कि यह कानून संवैधानिक रूप से संरक्षित मानवाधिकारों और मौलिक स्वतंत्रता के लिए खतरा है। 15 साल जेल की सजा इराक की संसद ने समलैंगिक संबंधों को अपराध की श्रेणी में रखने वाले एक कानून को पारित किया है। समलैंगिकता को बढ़ावा देने वालों को अधिकतम 15 साल जेल की सजा देने का फैसला लिया है। इराक का कहना है कि इस कानून का उद्देश्य धार्मिक मूल्यों को बनाए रखना है। कानून की प्रति में कहा गया है कि कानून का उद्देश्य इराकी समाज को नैतिक भ्रष्टता और समलैंगिकता के आह्वान से बचाना है, जिसने दुनिया को पीछे छोड़ दिया है। हालांकि, इराक के इस कदम की कई देशों ने निंदा की गई। मौजूदा कानून में किया संशोधन अमेरिकी विदेश विभाग ने एक विज्ञप्ति जारी कर कहा, अमेरिका इराकी संसद द्वारा मौजूदा कानून में संशोधन पारित होने से बहुत चिंतित है। यह बदलाव संवैधानिक रूप से संरक्षित मानवाधिकारों और मौलिक स्वतंत्रता के लिए खतरा है। जुर्माना और जेल की सजा का प्रावधान कानून कुछ व्यक्तियों के अधिकारों को सीमित करेगा, इसे लेकर विज्ञप्ति में कहा गया है कि कानून समलैंगिक विवाह पर प्रतिबंध लगाता है। साथ ही जुर्माना और जेल की सजा का प्रावधान किया गया है। वहीं समलैंगिकता को बढ़ावा देने वालों को भी सजा देने की बात कही गई है।

### ब्रिज से कूदकर जान देना चाहते थे जो वाइडन किया खुलासा

**वाशिंगटन ।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने खुद से जुड़े कई खुलासे किए हैं। बाइडन ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया। उन्होंने बताया कि अपनी पहली पत्नी नीलिया हंटर की मौत के बाद एक बार उन्होंने ब्रिज से कूदकर जान देने के बारे में सोचा था।



बाइडन ने आत्महत्या के विचारों के आने का खुलासा किया। उन्होंने कहा, डेलावेयर मेमोरियल ब्रिज पर जाकर बैठता था और सोचता रहता था। मुझे लगता था कि मैं एक स्कॉच की बोतल निकालू। मैंने वास्तव में सोचा था कि आपको आत्महत्या करने के लिए पागल होने की जरूरत नहीं है। यदि आप एक पहाड़ की चोटी पर हैं, तो आपको लगता है कि यह फिर कभी नहीं होगा। उन्होंने बताया, मैं बस स्कॉच पीने जाता था और नशे में रहता था। एक समय मेरे दिमाग में आया कि मैं डेलावेयर मेमोरियल ब्रिज से कूद जाऊं, लेकिन मेरे दो बच्चे थे। राष्ट्रपति ने कहा कि खुदकुशी के लिए पागल होने की जरूरत नहीं होती है। इसके अलावा बाइडन ने अपनी पहली पत्नी नीलिया हंटर के साथ अपने संबंधों के बारे में भी कुछ दिलचस्प खुलासा किया। उन्होंने कहा, मैंने नीलिया के साथ सोने से पहले ही कह दिया था कि मुझे लगता है कि मैं आपसे शादी करूंगा। हालांकि, 1972 में एक कार दुर्घटना में नीलिया की मौत हो गई थी। राष्ट्रपति बाइडन ने एक बार का किस्सा बताया। उन्होंने मजाक करते हुए बताया कि जब उनकी शादी नहीं हुई थी और वह सांसद थे तब प्यारी महिलाओं ने ईमेल पर उन्हें कुछ अश्लील तस्वीरें भेजी थीं। उन्होंने मजे लेते हुए कहा, बहुत सारी प्यारी महिलाएं थीं।

### मैंने एलियंस का कोई सबूत नहीं देखा, लापता एमएच 370 विमान के कथित वीएफएक्स वीडियो पर एलन मस्क ने दी प्रतिक्रिया

**वॉशिंगटन ।** स्पेस एक्स के संस्थापक एलन मस्क ने करीब दस साल पहले गायब हुए एमएच370 विमान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने एलियंस का आजतक कोई सबूत नहीं देखा। मस्क ने आगे कहा कि अगर उन्हें एलियंस का सबूत मिला तो वह इसके बारे में सोशल मीडिया पर पोस्ट जरूर करेंगे। लापता विमान पर मस्क ने दी प्रतिक्रिया एक यूजर ने विमान के मार्ग का एक कथित वीएफएक्स से तैयार किया गया वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर किया था। उसने अपने पोस्ट में कहा कि विमान के करीब कुछ घूम रहा है, ऐसा लग रहा है कि यह किसी अभियान का हिस्सा है। बता दें कि एमएच370 मलेशियाई एयरलाइंस का विमान है जो 2014 में रडार से अचानक गायब हो गया था। इस पर एलन मस्क ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, मैंने एलियंस का आजतक कोई सबूत नहीं देखा। अगर ऐसा होता है तो मैं तुरंत एक्स पर पोस्ट करूंगा। स्पेस एक्स के लगभग 6,000 उपग्रह पृथ्वी की कक्षा में हैं।

# व्हाइट हाउस के पत्रकारों के भोज तक पहुंचा इजराइल विरोधी प्रदर्शन, प्रदर्शनकारियों ने लहराए फलस्तीनी झंडे



**वाशिंगटन, 28 अप्रैल (एजेंसियां) ।** हमास और इजराइल बीते छह महीने से जंग लड़ रहे हैं। इजराइल द्वारा हमास को खत्म करने का संकल्प गाजा पट्टी के लोगों पर भारी पड़ रहा है। गाजा में पैदा हुई मानवीय परिस्थितियों को लेकर अमेरिका में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। देशभर में लोग इजराइल के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। यह विरोध उस जगह तक पहुंच गया, जहां व्हाइट हाउस के पत्रकारों का राष्ट्रपति के साथ रात्रिभोज होना था। इससे जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

**लोगों ने इजराइल के खिलाफ नारे लगाए** – वीडियो में इजराइल के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन कर रहे लोगों की भारी भीड़ और उनके हाथ में फलस्तीनी झंडा देखा जा सकता है। यहां तक की जिस हॉटल में भोज कार्यक्रम होना था, उसकी इमारत पर भी फलस्तीनी झंडा लगा दिया गया था। लोगों ने इजराइल के खिलाफ नारे लगाए।

**यह है मामला** – दरअसल, हिल्टन होटल में व्हाइट हाउस के पत्रकारों का भोज होना था। यहां जो बाइडन के रात्रिभोज को संबोधित करने की उम्मीद थी। कार्यक्रम से पहले यहां फलस्तीनियों का समर्थन कर रहे लोग पहुंच गए। इनमें से कुछ ने होटल की सबसे ऊपरी मंजिलों में से एक पर फलस्तीनी झंडा लगा दिया। घटनास्थल पर मौजूद प्रदर्शनकारियों ने इस पर तालियां बजाईं। व्हाइट हाउस कॉरेसपॉन्डेंट्स एसोसिएशन की स्थापना 1914 में हुई थी। 1921 से लगभग हर साल एक रात्रिभोज आयोजित किया जाता है। इसका मकसद राष्ट्रपति से जुड़ी खबरों को कवर करने वाले पत्रकारों की सराहना करना और छात्रवृत्ति के लिए धन जुटाने के लिए। प्रदर्शनकारियों ने फलस्तीनी केफिए और तरबूज के प्रतीक वाले कपड़े पहने थे। उन्होंने वाशिंगटन हिल्टन के बाहर फलस्तीनी मुक्त के नारे लगाए। साथ ही कहा कि हम कवरेज की मांग करते हैं। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि इजराइल और गाजा की खबरों को अधिक से अधिक दिखाने के मकसद से यह प्रदर्शन किया जा रहा है।

**छह माह से जंग जारी** – हमास ने सात अक्तूबर को इजराइली शहरों पर पांच हजार से ज्यादा रॉकेट दागकर हमले की शुरुआत की थी। इसके बाद हमास के आतंकियों ने इजराइल में घुसकर लोगों को मौत के घाट उतारा। इसके जवाब में इजराइल ने हमास आतंकियों के खिलाफ गाजा में ऑपरेशन शुरू किया था। इस ऑपरेशन में गाजा स्थित हमास के ठिकानों पर जबरदस्त बमबारी की गई है, जिससे अधिकतर गाजा खंडहर में तब्दील हो गया है। अब तक इजराइल और गाजा में कुल मिलाकर 30000 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। बता दें कि गाजा के अधिकारियों का कहना है कि सात अक्तूबर के बाद से गाजा में इजराइल के सैन्य अभियान में अब तक उनके 34,000 से ज्यादा लोग मारे गए हैं, जबकि हजारों शवों के अब भी मलबे में दबे होने की आशंका है।

### खैबर पख्तूनख्वा में हथियारबंद बदमाशों ने किया जज का अपहरण, ड्राइवर को कोई नुकसान नहीं; कार भी बरामद

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हथियारबंद बदमाशों ने एक जिला एवं सत्र न्यायाधीश का अपहरण कर लिया। पुलिस ने बताया कि अफगानिस्तान की सीमा से लगे डेरा इस्माइल खान जिले के पास न्यायाधीश शकीरुल्लाह मारवात का अपहरण किया गया। जिले के डीएसपी मोहम्मद अदनान का कहना है कि अपहरण की यह वारदात बग्वाल गांव के पास हुई। जज का अपहरण तब किया गया जब वह ड्यूटी से वापस लौट रहे थे। जज के ड्राइवर को कोई नुकसान नहीं पहुंचा और मौके से गाड़ी भी बरामद कर ली गई है। पुलिस ने बताया कि न्यायाधीश के अपहरण की अब तक किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी ने मुख्यमंत्री पर उठाए सवाल घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के केंद्रीय सूचना सचिव फैसल करीम कुंडी ने चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा है कि खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर की शांति व्यवस्था के प्रति लापरवाही के कारण यह वारदात हुई है। कुंडी ने सवाल पूछा कि मुख्यमंत्री द्वारा राज्य में शांति को लेकर गंभीरता क्यों नहीं बरती जा रही उन्होंने कहा कि जज के अपहरण की खबर से जनता में असुरक्षा की भावना पैदा हो गयी है। जज की सुरक्षित बरामदगी के लिए निर्देश जारी इस बीच खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री ने जज की सुरक्षित बरामदगी के लिए निर्देश जारी किये हैं।


# फलस्तीन समर्थक छात्रों के साथ प्रदर्शन में उतरे शिक्षक



**न्यूयार्क, 28 अप्रैल (एजेंसियां) ।** अमेरिका की शिक्षण संस्थाओं में फलस्तीनियों के समर्थन वाला आंदोलन फैलता जा रहा है। कई विश्वविद्यालयों और कालेजों में आंदोलन को बलपूर्वक कुचलने और सैकड़ों छात्र-छात्राओं की गिरफ्तारी के बाद अब संस्थाओं का प्रशासन छात्रों से बातचीत की राह पर है। गाजा में इजरायल के हमलों के विरोध में प्रदर्शन कर रहे विश्वविद्यालय छात्रों के साथ में अब उनके शिक्षक भी आ रहे हैं। कई विश्वविद्यालयों और कालेजों में शिक्षकों ने परिसर में पुलिस बुलाने के लिए संस्थान के प्रशासन की निंदा की है। कोलंबिया विश्वविद्यालय में धरना दे रहे छात्रों से वार्ता की शुरुआत हो चुकी है। अभी तक धरने को खत्म करने की चेतावनी दे रहे विश्वविद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों को ईमेल भेजकर कहा कि परिसर से पुलिस को वापस भेजने के कदम उठाए जा रहे हैं। इससे विश्वविद्यालय का वातावरण बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

प्रशासन ने कहा कि दो दिन पहले विश्वविद्यालय में यह आंदोलन बाहरी और पेशेवर लोगों ने शुरू करवाया। इस दौरान आंदोलन में यहूदी विरोधी नारेबाजी की गई और उन्हें मारने का आह्वान किया गया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने एक्स पर पोस्ट संदेश में कहा है कि परिसर में इस तरह की भावनाएं बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। आंदोलनकारी छात्रों, उन्हें समर्थन दे रहे शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों ने कैलिफोर्निया, जार्जिया और टेक्सास में संस्थाओं के प्रशासन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की चेतावनी दी है। आगे कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को बलपूर्वक दबाने के लिए प्रशासन ने पुलिस की सहायता ली, जो गलत है। इस बीच कैलिफोर्निया स्टेट पालीटेक्निक यूनिवर्सिटी में बेरिकेडिंग कर धरना दे रहे छात्रों को सोमवार तक पढ़ाई बाधित करने वाला अपना आंदोलन खत्म करने के चेतावनी दी गई है। इसके बाद पुलिस उन्हें हटाने के लिए कार्रवाई करेगी। कोलोराडो में भी पुलिस ने डेनवर आरेरिया कैंपस में घुसकर आंदोलनकारियों के खिलाफ कार्रवाई की है और 40 फलस्तीन समर्थकों को गिरफ्तार किया है। न्यूयार्क की कई संस्थाओं ने आंदोलन को शांत करने के लिए वार्ता प्रक्रिया अपनाने का निर्णय लिया गया है। गाजा में मृतकों की संख्या बढ़ने के साथ ही अमेरिका में इजरायल की मदद रोकने और उसके साथ सहयोग समझौता तोड़ने की मांगें तेज हो गई हैं। बोस्टन के नार्थ ईस्टर्न विश्वविद्यालय में पुलिस ने परिसर में चल रहे धरने और आंदोलन को खत्म करवाने के लिए कार्रवाई की।

# हमास ने जारी किया नया वीडियो, बंधक बनाकर रखे गए अमेरिकी-इजराइली नागरिकों के जिंदा होने का दिया सबूत



**यरूशलम, 28 अप्रैल (एजेंसियां) ।** इजराइल की ओर से गाजा में जारी हमलों के बीच हमास ने एक नया वीडियो जारी किया है। इस वीडियो के जरिए उसने बंधक बनाकर रखे गए दो इजराइली-अमेरिकियों के जिंदा होने का सबूत दिया है। दोनों बंधकों की पहचान 64 वर्षीय कीथ सीगल और 46 वर्षीय ओमरी मिरान के तौर पर की गई है। तीन मिनट के इस वीडियों में बंधक अपने परिजनों को संदेश देते देखे जा सकते हैं। बता दें कि वीडियो तब जारी किया गया, जब हमास ने कहा है कि वह संघर्षविराम के लिए इजराइल के ताजा प्रस्ताव पर विचार कर रहा है।

### हमास ने जारी किया नया वीडियो

वीडियो को कब रिकॉर्ड किया गया है, इसका खुलासा फिलहाल नहीं हुआ है। माना जा रहा है कि इसे हाल ही में रिकॉर्ड किया गया है, क्योंकि वीडियो में मिरान ने 202 दिनों से बंधक बनाकर रखने का जिक्र किया है। वहीं, सीगल ने एक यहूदी त्योहार-पासओवर का जिक्र किया। अमेरिकी नागरिक सीगल और उनकी पत्नी को हमास पिछले साल सात अक्तूबर को म्यूजिक फेस्टिवल पर हमले के बाद बंधक बनाकर गाजा लाया था। नवंबर में सीगल की पत्नी को मुक्त कर दिया गया था।

### बंधकों के वीडियो पर परिवार ने दी प्रतिक्रिया

मिरान के इस वीडियो पर उनके पिता ने प्रतिक्रया दी है। उन्होंने अपने बेटे की शक्ल-सूरत पर बात की। पिता ने बताया कि शेविंग के सामान की कमी के कारण मिरान की दाढ़ी बढ़ गई है। उन्होंने वादा किया कि जब उनका बेटा वापस आ जाएगा तब वह अपनी दाढ़ी हटा देंगे। वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए कीथ के परिवार ने कहा कि वे उनकी रिहाई तक अपनी लड़ाई जारी रखेंगे। दोनों बंधकों के परिवार ने इजराइल सरकार से रिहाई के लिए समझौता करने की अपील भी की है।

# रफाह पर हमले से पहले इजराइल ने हमास को दिया बंधक समझौते का आखिरी मौका, रिपोर्ट में दावा

**तेल अवीव , 28 अप्रैल (एजेंसियां) ।** इजराइल और हमास के बीच भीषण जंग बीते 200 दिनों से ज्यादा समय से जारी है। गाजा पट्टी के दक्षिणी रफाह शहर पर हमले की योजना से पहले तेल अवीव ने युद्धविराम और बंधक समझौते का आखिरी मौका दिया है। मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

एक वरिष्ठ इजराइली अधिकारी के मुताबिक, तेल अवीव में मिस्र और इजराइली प्रतिनिधियों के बीच बातचीत बहुत अच्छी रही। मिस्र के लोग साफ तौर पर एक समझौते पर पहुंचने के लिए आतंकवादी संगठन हमास पर दबाव डालने के लिए तैयार थे।

खबरों के हवाले से कहा कि दोनों देशों के बीच सभी क्षेत्रों में बातचीत आगे बढ़ी है। बातचीत में काफी प्रगति की सूचना दी थी। खबर में इजराइली अधिकारी के हवाले से कहा गया कि रफाह में हमले की योजना को रोकने के लिए इजराइल हमास, खासतौर पर इसके नेता याह्या अल-सिनवार को बंधक समझौते में देरी करने की अनुमति नहीं देगा।



इजराइल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कुछ दिन पहले दो और रिजर्व ब्रिगेड वहां तैनात की थईं। अल-सिनवार को पिछले साल 7 अक्तूबर को इजराइल पर हुए हमले का मास्टरमाइंड माना जाता है। इस हमहले में 1,200 इजराइली सैनिक और नागिरकी मारे गए थे। इसके अलावा, 200 से ज्यादा लोगों को अगवा कर लिया गया था। आईडीएफ का दावा है कि अल-सिनवार रफाह के नीचे बनी हुई सुरंगों में छिपा हुआ है। यह रफाह के भविष्य का समझौता है।

इजराइल मिस्र की सीमा से लगे रफाह में हमास की आखिरी बची बटालियन को खत्म करना चाहता है। मिस्र रफाह पर हमले को रोकने के लिए एक समझौते पर पहुंचना चाहता है। मिस्र इसको लेकर चिंतित है कि फलस्तीनी बड़ी संख्या में सीमा पार कर सकते हैं। गाजा पट्टी के बाकी हिस्सों में भीषण जंग के शुरू होने के बाद से दस लाख से ज्यादा नागरिकों ने रफाह में शरह ली थी।

### लेबनान में इजराइली सेना ने आतंकी नेता को मार गिराया

इजराइली सेना ने लेबनान में आतंकवादी संगठन इस्लामिक जमात के आतंकवादी नेता मतजब हलाफ को हवाई हमले में मार गिराया। इसकी पुष्टि आईडीएफ ने की। आईडीएफ ने कहा कि हलाफ ने इजराइल के खिलाफ कई आतंकवादी साजिशों को अंजाम दिया है। हलाफ लंबे समय से इस्लामिक जमात आतंकवादी संगठन के लिए काम कर रहा था। आईडीएफ ने कहा कि हलाफ ने हाल के दिनों में उत्तरी सीमा क्षेत्र में इस्राइइल के खिलाफ कई आतंकी योजना भी बनाई थी।

# सिंध में हिंदू लड़कियों के जबरन मतांतरण का विरोध शुरू

**कराची, 28 अप्रैल (एजेंसियां) ।**

**दो वर्ष पहले मोहर्रम जुलूस के दौरान प्रिया लापता हो गई और उसका अभी तक पता नहीं चला है।सोहैल ने सिंध हिंदू लड़कियों के जबरन मतांरण और मुस्लिम पुरुषों के साथ शादी कराने की खतरनाक परिपाटी को उजागर किया। अकसर देश में कट्टरपंथी लोगों के प्रभाव में यह काम किया जाता है। सोहैल ने ऐसे कृत्य के आरोपित लोगों का पक्ष लेने के लिए न्यायपालिका की आलोचना की और प्रिया कुमारी जैसी पीड़िता के लिए न्याय की मांग की।**

इस तरह की घटनाओं को लेकर पाकिस्तान के सिंध प्रांत में हिंदू लड़कियों के अपहरण और जबरन मतांतरण का पुरजोर विरोध हो रहा है। सिंध प्रांत को अलग देश बनाने की मांग करने वाले संगठन जय सिंध फ्रीडम मूवमेंट (जेएसएफएम) के चेयरमैन सोहैल अब्रो ने अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों से दो वर्ष से लापता हिंदू लड़की सात वर्षीया प्रिया कुमारी की सुरक्षित रिहाई के लिए हस्तक्षेप की मांग की है।



इंटरनेट मीडिया पर अपने संदेश में सोहैल ने कहा, सिंधी हिंदू लड़कियों का जबरन मतांतरण और मुस्लिम व्यक्तियों से शादी कराई जाती है। आरोपित स्वतंत्र घूम रहे हैं। यहां तक कि जब लड़की अपने परिवार में लौटने की इच्छा व्यक्त करती है तो अदालतें ऐसा करने से इन्कार कर देती हैं, क्योंकि अदालतें उन लोगों के पक्ष में खड़ी रहती हैं। विश्व सिंधी कांग्रेस ने हिंदुओं की दुर्दशा उजागर कीविश्व सिंधी कांग्रेस ने अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर संयुक्त राष्ट्र आयोग की ओर से 23 अप्रैल को आयोजित कान्फ्रेंस में पाकिस्तान में सिंधी हिंदुओं की दुर्दशा का मुद्दा उठाया। सिंधी कांग्रेस ने प्रभावशाली जमींदार द्वारा प्रिया जैसी लड़कियों के अपहरण समेत उनकी दुर्दशा का उल्लेख किया। पिछले दो वर्ष में सौ से ज्यादा सिंधी हिंदू लड़कियों का जबरन मतांतरण और विवाह कराया गया है।

### पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में जज का अपहरण

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हथियारबंद लोगों ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश का अपहरण कर लिया। पुलिस ने बताया कि शकीरुल्लाह मारवात का अफगानिस्तान की सीमा से लगे डेरा इस्माइल खान जिले के पास अपहरण किया गया। डेरा इस्माइल खान के पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) मोहम्मद अदनान ने कहा कि घटना बग्वाल नामक गांव में हुई। जज का अपहरण तब किया गया जब वह ड्यूटी से लौट रहे थे। जज के ड्राइवर को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। मौके से गाड़ी भी बरामद कर ली गई। जज के अपहरण की किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है।


### पाकिस्तान में जर्मन राजदूत के सामने फलस्तीन समर्थन में लगे नारे

पाकिस्तान में जर्मन राजदूत के सामने बड़ी असहज स्थिति पैदा हो गई। जब वह कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे तो एक शख्स फलस्तीन के समर्थन में नारे लगाने लगा। राजदूत अल्फ्रेड ग्रैनास दक्षिण एशिया में नागरिक अधिकारों की सुरक्षा विषय पर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। भाषण की लाइव स्ट्रीमिंग तब तक रोकनी पड़ी जब तक आयोजक युवक को हाल से बाहर निकालने में कामयाब नहीं हो गए।दरअसल, भाषण शुरू करने के कुछ समय बाद ही एक युवक अपनी सीट से उठा और चिल्लाने लगा। उसने कहा कि क्षमा करें, मैं इस दुस्साहस से स्तब्ध हूं कि आप यहां नागरिक अधिकारों के बारे में बात करने आए हैं, जबकि आपका देश फलस्तीनियों के अधिकारों के लिए बोलने वाले लोगों के साथ क्रूरतापूर्वक पेश आ रहा है। वहां मौजूद कुछ अन्य लोग भी फलस्तीन के समर्थन में नारे लगाने लगे। इस दौरान राजदूत भी अपना आपा खोते दिखे। उन्होंने कहा कि अगर आप चिल्लाना चाहते हैं, तो बाहर जाएं। चिल्लाना चर्चा नहीं है।

# 12 साल बाद वृषभ राशि में 1 मई को प्रवेश करेंगे देवगुरु बृहस्पति

वैदिक ज्योतिष शास्त्र के अनुसार समय-समय पर ग्रह राशि परिवर्तन करते हैं, जिसका प्रभाव सभी 12 राशियों के जातकों के जीवन पर पड़ता है। सभी ग्रह एक निश्चित अंतराल पर गोचर करते हैं। ज्योतिष में गुरु ग्रह के राशि परिवर्तन काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। जब भी गुरु ग्रह अपनी राशि बदलते हैं तो हर जातक के जीवन में इसका प्रभाव अवश्य ही पड़ता है। गुरु 13 महीनों तक किसी राशि में रहते हैं फिर इसके बाद राशि परिवर्तन करते हैं। देवताओं के गुरु बृहस्पति 1 मई को गोचर होगा। देवगुरु वृषभ राशि में प्रवेश करेंगे। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि देवगुरु बृहस्पति 01 मई 2024 को दोपहर 02:29 मिनट पर राशि बदलेंगे। गुरु ग्रह को विस्तार, प्रगति और ज्ञान का ग्रह माना जाता है। गुरु ग्रह जातक के जीवन को अधिकांश क्षेत्रों को प्रभावित करता है। गुरु अभी मंगल की राशि में मेष में विराजमान हैं और इसके बाद शुक्र की राशि वृषभ में प्रवेश करेंगे। गुरु के वृषभ राशि में गोचर करने से कई राशियों के जातकों को लाभ मिल सकता है। सभी नौ ग्रहों में, बृहस्पति को सबसे शुभ माना जाता है और बृहस्पति की कृपा के बिना जातकों को कोई भी शुभ फल प्राप्त नहीं होता है। गुरू ग्रह धनु व मीन राशि के स्वामी है। देवगुरू बृहस्पति को ज्ञान, शिक्षक, संतान, शिक्षा, धार्मिक कार्य, पवित्र स्थल, धन, दान, पुण्य और वृद्धि आदि का कारक ग्रह कहा जाता है। बृहस्पति 27 नक्षत्रों में पुनर्वसु, विशाखा, और पूर्वा भाद्रपद नक्षत्र के स्वामी होते हैं।

ज्योतिषाचार्य ने बताया कि सनातन धर्म में गुरुवार का दिन देवताओं के गुरु बृहस्पति देव को समर्पित होता है। इस दिन जगत के पालनहार भगवान विष्णु संग देवगुरु बृहस्पति की पूजा-उपासना की जाती है। कुंडली में गुरु मजबूत रहने से जातक को जीवन में सभी प्रकार के सुखों की प्राप्ति होती है। मान-सम्मान और पद-प्रतिष्ठा में वृद्धि होती है। अविवाहित जातकों की शीघ्र शादी हो जाती है। वहीं कुंडली में गुरु कमजोर होने पर जातक को जीवन में धन संबंधी परेशानी हमेशा बनी रहती है।



## गुरु गोचर

ज्योतिष गणना के अनुसार, देवताओं के गुरु बृहस्पति वर्तमान समय में मेष राशि में विराजमान हैं और 1 मई को वृषभ राशि में गोचर करेंगे। देवगुरु बृहस्पति दोपहर 2:29 मिनट पर मेष राशि से निकलकर वृषभ राशि में प्रवेश करेंगे। इस दौरान 12 जून को रोहिणी नक्षत्र में गोचर करेंगे। वहीं 9 अक्टूबर को देवगुरु बृहस्पति वक्री हो जाएंगे। इसके बाद गुरु 4 फरवरी, 2025 को मार्गी होंगे। वर्ष 2025 में 14 मई को देवगुरु वृषभ राशि से निकलकर मिथुन राशि में गोचर करेंगे।

## प्रभाव

बृहस्पति के राशि बदलने के कारण लंबे समय से प्रमोशन का इंतजार करने वाले लोगों को स्थान परिवर्तन के साथ सुखद संकेत भी मिल सकते हैं। राजनीति से जुड़े कुछ लोगों को जनता का सहयोग मिल सकता है। बुद्धि और ज्ञान बढ़ेगा। कुछ नया सीखने को मिलेगा। सेहत संबंधी परेशानियां भी कम हो सकती है। जॉब-बिजनेस और अन्य कई मामलों में निष्पक्ष फैसले भी होने के योग बन रहे हैं।

अंतरराष्ट्रीय व्यापार में वृद्धि के साथ शेयर बाजार फिर से बढ़ने की भी संभावना रहेगी। इससे अर्थव्यवस्था मजबूत होने के योग बनेंगे। राजनीतिक उथल-पुथल एवं प्राकृतिक आपदाओं की आशंका बढ़ेगी। लोगों को विशेष लाभ मिलेगा। शिक्षा प्रणाली में सुधार के भी योग बनेंगे। धरना जुलूस प्रदर्शन आंदोलन गिरफ्तारियां होगी। रेल दुर्घटना होने की संभावना। अचानक मौसमी बदलाव भी हो सकते हैं। बारिश और बर्फबारी होने की आशंका है। सेना की ताकत बढ़ेगी। देश की कानून व्यवस्था भी मजबूत होगी।

## गुरु के उपाय

जल में हल्दी डालकर स्नान करें। मस्तक पर हल्दी और केसर का टीका लगाएं। गुरुवार के दिन पीली वस्तुओं का दान करें। पीले वस्त्र, फल, चना, गुड़ चने की दाल आदि का दान करें। साथ ही ही अपने से ज्येष्ठ और गुरुजनों का सम्मान करें। गाय का पूजन कर उसे आटा की लोई खिलाएं। पीपल के पेड़ पर जल चढ़ाएं। हर गुरुवार शाम एक दीपक जलाकर पीपल के पास रखने से लाभ होगा।

**आईए जानते हैं गुरु के वृषभ राशि में गोचर का सभी 12 राशियों पर प्रभाव।**

**मेष राशि :-**
मेष राशि वालों के लिए शुभप्रद है, धन लाभ व उन्नति के अवसर, शुभ कार्यों पर खर्च, उच्च प्रतिष्ठित लोगों के साथ संपर्क बढ़ेगा जिससे नए लाभप्रद मार्ग एवं परियोजना सामने आएंगी।

**वृष राशि :-**
आय कम, खर्च अधिक होंगे। धर्म का पालन करने से लाभ के अवसर बनेंगे। शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतें। पारिवारिक दायित्व के निर्वाह में संघर्ष रहेगा।

**मिथुन राशि :-**
स्वास्थ्य के प्रति विशेष सावधानी बरतें। अनावश्यक वाद- विवाद में न उलझें। धन व्यय की अधिकता रहेगी। बनते कामों में विघ्न न पैदा हों इसके लिए सोच-समझकर ही निर्णय लें।

**कर्क राशि :-**
गुरू शुभ और सर्व सिद्धि कारक हैं। लाभ व उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे, धन, भूमि, सवारी आदि सुखों में वृद्धि होगी, कार्यों में सफलता प्राप्त होगी।

**सिंह राशि :-**
कठोर श्रम से ही कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। कार्य, व्यवसाय में कुछ उलझनों के बाद धन प्राप्ति होगी, अनावश्यक तनाव स्वास्थ्य कष्ट का कारण बन सकता है।

**कन्या राशि :-**
आपको श्रेष्ठ स्थिति की ओर आपकी योग्यता अनुसार ले जाने का प्रयास करेगा। नवम भाव का गुरु कार्यों में सफलता, लाभ व उन्नति के अवसर प्रदान करता है।

**तुला राशि :-**
मानसिक अशांति, मतिभ्रम, स्थान परिवर्तन, घरेलु उलझनें बनी रहेंगी। नए प्रोजेक्ट की शुरुआत हो सकती है जो एक वर्ष के बाद सार्थक परिणाम दिलाऐंगे। यात्रा में सावधानी बरतें।

**वृश्चिक राशि :-**
धन लाभ एवं सवारी आदि सुखों की प्राप्ति होगी। पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि एवं सम्मान आदि का सुख प्राप्त होगा। विचारों में परोपकार की भावना उदय होगी।

**धनु राशि :-**
अनावश्यक परेशानियां एवं खर्चे बढ़ सकते हैं, रोग एवं शत्रु आप पर हावी हो सकते हैं, अतः सावधानी पूर्वक कार्य व्यवहार करें। परिस्थिवश निकट बन्धुओं से व्यथा, तकरार पैदा होने की संभावनाएं हैं।

**मकर राशि :-**
उच्च शिक्षा में सफलता, अविवाहितों को विवाह आदि सुखों की प्राप्ति होगी, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, लाभ व उन्नति के अवसर मिलेंगे, परन्तु अनुकूल परिणाम पाने के लिए विशेष प्रयास भी करना पड़ेगा।

**कुम्भ राशि /-**
आपकी सूझ-बूझ एवं प्रयास और परिश्रम ही आपकी परेशानियों को कम करेगा जिससे वाद-विवाद से बचाव एवं सुख-साधनों में न्यूनता नहीं आएगी। आर्थिक लेन- देन के प्रति सचेत रहें।

**मीन राशि :-**
विशेष प्रयास के बाद ही सफलता प्राप्त होगी, नौकरी, व्यवसाय में परिवर्तन, मानसिक अशांति प्रस्तुत कर सकता है। सही निर्णय ही सफलता दिलाएगा।



**डॉ. अनीष व्यास**
भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक
पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान,जयपुर-जोधपुर
मो.9460872809

# श्री गुरु तेग बहादुर जी हिंद की चादर

मानवता की रक्षा एवं भलाई के लिए अपना सर्वस्व समर्पित करने वाले महापुरुषों के समक्ष संसार सदा से ही नतमस्तक हुआ है । संसार के इतिहास में धर्म तथा मानवता के आदर्श मूल्यों की रक्षा हेतु अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले श्री गुरु तेग बहादुर जी के प्रकाश पूरब, जन्मोत्सव को आज सारी दुनिया बड़ी ही श्रद्धा तथा सम्मान से मना रही है । ऐसे में गुरु जी के जीवन सिद्धांत एवं उनके द्वारा बताए गए उच्च आदर्शों का अपने जीवन में अंगीकार कर हम सफल जीवन व्यतीत कर सकते हैं।

सिख धर्म के नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर जी का जन्म 01 अप्रैल सन् 1621 में श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी तथा माता नानकी जी के घर गुरु के महल अमृतसर में हुआ। बचपन में आपका नाम त्यागमल था। मुगलों से किए गए युद्ध में आपने अपने शौर्य और पराक्रम से शत्रु पर विजय प्राप्त की ।अपने पुत्र की बहादुरी देख पिता श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी ने आपका नाम तेग बहादुर रखा। अपने माता-पिता एवं पूर्ववर्ती गुरुओं द्वारा श्री गुरु तेग बहादुर जी को दया, सेवा, परोपकार, धैर्य, ईश्वर पर अगाध श्रद्धा, भक्ति भाव आदि चारित्रिक गुण विरासत में मिले थे।

श्री गुरु तेग बहादुर जी शस्त्र तथा शास्त्र विद्या में पारंगत थे, परंतु वैराग्य मूर्ति गुरुजी का मन सांसारिक पदार्थों से विरक्त रहता था। सिखों के आठवें गुरु श्री गुरु हरकिशन साहिब जी ने अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण करने से पहले बाबा बकाला कहकर बकाला गांव में रहने वाले गुरु तेग बहादुर जी को गुरु गद्दी प्रदान करने का संकेत किया । वहीं मखन शाह लुबाना नाम के एक व्यापारी ने श्री गुरु तेग बहादुर जी की पहचान की और कहा ..गुरु लाधो रे.. अर्थात सच्चा गुरु मिल गया। श्री गुरु तेग बहादुर जी ने गुरु रूप अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा से पालन किया । अपने पूर्ववर्ती गुरुओं की शिक्षा का प्रत्यक्ष रूप में अंगीकार किया। विश्व के इतिहास में धर्म तथा मानवता के आदर्श मूल्यों के लिए तथा उसके रक्षणार्थ स्वयं के प्राणों का बलिदान देने वाले महापुरुषों में श्री गुरु तेग बहादुर जी का योगदान कभी भूलाया नहीं जा सकता। गुरुजी ने केवल मात्र धर्म पालन के लिए ही नहीं, अपितु संपूर्ण मानवता एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण, मानवीय उच्च मूल्यों की रक्षा के लिए अपना प्राणोत्सर्ग किया।



स्वयं के धर्म के लिए बलिदान करने वाले बहुत मिलेंगे, परंतु और धर्म की आस्था की रक्षा करने के लिए अपना सर्वस्व समर्पित करने वाले गुरु जी का जीवन ना भूतों ना भविष्यति है।

गुरु जी के विचार अत्यंत स्पष्ट थे। उनकी कथनी और करनी में एकसाम्यता थी । उन्होंने अपने जीवन को दूसरों के सुख-दुःख के लिए अर्पित कर दिया था। उनके लिए मानवता ही एकमात्र धर्म था। सबके लिए उनकी एक ही शिक्षा थी। प्रभु पर प्रेम और प्रगाढ़ श्रद्धा थी। मनुष्य जन्म दुर्लभ है, जन्म लेने पर मानवता की संभाल करना प्रत्येक मनुष्य का परमदायित्व है तथा व्यवहार में सत्यता आवश्यक है ऐसा उनका कहना था। कोई किसी को डराए नहीं, ना किसी से डरे, ऐसा उनका स्पष्ट कथन था। अपने एक श्लोक में वह कहते हैं ..भए काहू को देत नहीं, नहि भए मानत आन।। कहो नानक सुन रे मना ज्ञानी ताहे बखान।।.. गुरुजी का सारा जीवन इस बात का साक्षात प्रमाण है कि उन्होंने सदा डरना तथा डराना इन दोनों प्रवृत्तियों को अनैतिक माना। यही कारण था कि जब औरंगजेब ने सारे हिंदुस्तान पर अपना वर्चस्व प्रस्थापित करने के लिए हिंदुओं को धर्म परिवर्तन करने के लिए बाध्य किया, तब यह कार्य उसने कश्मीर के पंडितों से शुरू किया। औरंगजेब को लगा कि अगर कश्मीरी पंडित धर्म परिवर्तन के लिए तैयार हो जाएंगे तो सामान्य हिंदू वर्ग उसका विरोध नहीं कर पाएगा। ऐसे समय सूबेदार शेर अफगान खान के अत्याचारों से पीड़ित कश्मीरी ब्राह्मणों का एक समूह श्री गुरु तेग बहादुर जी से मिलने आनंदपुर साहिब, पंजाब आया। उनसे हिंदू समाज पर औरंगजेब द्वारा किए गए अत्याचार तथा अन्याय की बात सुनकर गुरुजी चिंतित हो गए। उन्हें लगा ऐसे समय किसी बड़े धर्मात्मा के बलिदान की आवश्यकता समय की मांग है। तब उनके पास खड़े उनके 9 वर्ष के पुत्र श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ने अपने पिता से कहा कि आपसे बढ़कर दूसरा धर्मात्मा पुरुष और कौन हो सकता है? स्थिति की गंभीरता को देख गुरुजी ने कश्मीरी पंडितों से कहा कि अगर औरंगजेब गुरुजी को धर्म परिवर्तन के लिए राजी कर लेगा, तब उन लोगों को भी धर्म परिवर्तन के लिए कोई आपत्ति नहीं होगी । इसके पश्चात गुरुजी श्री गुरु तेग बहादुर जी को दिल्ली लाया गया। गुरुजी के विचार स्पष्ट थे कि प्रत्येक मनुष्य को बिना किसी के दबाव के अपना जीवन जीने का पूर्ण अधिकार है। गुरुजी को इस्लाम धर्म स्वीकार करने के लिए विवश किया गया। उन्हें कई प्रकार के प्रलोभन एवं भय द्वारा धर्म परिवर्तन के लिए विवश किया गया। परंतु गुरुजी इस प्रकार के जबरदस्ती धर्म परिवर्तन के विरुद्ध थे। उनका मानना था कि धर्म प्रेम का रास्ता है, जबरदस्ती का नहीं। श्री गुरु तेग बहादुर जी के मन में भय पैदा करने के लिए उनके सामने उनके शिष्य भाई मति दास जी को आरे से चीर कर, भाई सती दास जी को रुई में लपेटकर तथा भाई दयाला जी को देग में उबालकर शहीद कर दिया गया। इस प्रकार मानवता को मर्दित करने वाला यह कुकृत्य संसार कभी भुला नहीं सकेगा। यह सब कर औरंगज़ेब को लगा कि वह गुरुजी को डरा धमका कर उन्हे धर्म परिवर्तन करने के लिए विवश कर देगा। परंतु गुरुजी अपने निर्णय पर अडिग रहे । शांति के पुंज श्री गुरु तेग बहादुर जी शांत चित्त रहकर प्रभु का नाम स्मरण करते रहे। अंततः 11 नवंबर सन 1675 में श्री गुरु तेग बहादुर जी को दिल्ली की चांदनी चौक में शहीद किया गया। दिल्ली के चांदनी चौक में जहां गुरुजी को शहीद करवाया गया वहां पर आज गुरुद्वारा शीशगंज साहिब सुशोभित है । यहां सभी जाति धर्म के लोग आकर श्री गुरु तेग बहादुर जी को नमन कर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं। श्री गुरु तेग बहादुर जी के इस प्रकार के असाधारण बलिदान के कारण सारा विश्व उन्हें हिंद की चादर कहकर आदर तथा सम्मान से नतमस्तक होता है । ऐसे शांति के पुंज, महान शहीद, मानवता तथा धर्म के रक्षक श्री गुरु तेग बहादुर जी को मेरा कोटि-कोटि नमन।

**डॉ .राजेंद्र कौर महाजन**
हैदराबाद

# अगर गिफ्ट में मिलें ये चांदी की चीजें तो चमक उठेगी आपकी किस्मत



**ज्योतिष शास्त्र के अनुसार चांदी बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। यह एक विशेष धातु है। इसका संबंध ग्रहों और राशियों से जुड़ी हुई है। चांदी चंद्रमा और शुक्र ग्रहों को प्रतिनिधित्व करता है। गौरतलब है कि चांदी को सौंदर्य, समृद्धि, सफलता, शांति, सकारात्मकता का प्रतीक माना जाता है।**

**इसे धारण करने से व्यक्ति को ग्रह दोष से भी छुटकारा मिल सकता है। साथ ही मानसिक शांति भी मिलती है। ज्योतिष शास्त्र के मुताबिक चांदी धारण करने से व्यक्ति को रोग मुक्त भी हो सकता है। वहीं व्यक्ति को उपहार में कई प्रकार की चांदी की चीजें मिलती है। अगर व्यक्ति को गिफ्ट में ये चीजें मिल जाए, तो किस्मत चमक सकती है। आइए इस लेख में आपको बताते हैं।**

## गिफ्ट में चांदी का सिक्का मिलना

अगर आपको किसी ने उपहार में चांदी का सिक्का मिलता है, तो इसका मतलब है कि आपके ऊपर माता लक्ष्मी की कृपा रहने वाली है। साथ ही आर्थिक स्थिति भी मजबूत हो सकती है। इसके अलावा चांदी का सिक्का समृद्धि का भी संकेत देता है। अगर आपको गिफ्ट में चांदी का सिक्का मिले, तो उसे पूजा स्थान पर रखकर पूजा करें।

गिफ्ट में चांदी का गणेश जी मिलना

भगवान गणेश को विघ्नहर्ता और बुद्धि का देवता कहा जाता है। अगर किसी जातक को उपहार में चांदी के भगवान गणेश की मूर्ति मिलती है, तो इसका मतलब है कि इससे व्यक्ति को सफलता मिलती है और समस्याओं से भी छुटकारा मिलने लगता है। गिफ्ट में मिले चांदी का कलम

अगर किसी व्यक्ति को गिफ्ट में चांदी का कलम मिलना, तो इसे आप अपने स्टडी टेबल पर रख सकते हैं। कलम ज्ञान और बुद्धि का प्रतीक माना जाता है। इससे व्यक्ति को कार्यक्षेत्र में जल्द ही सफलता मिलती है।

## चांदी का ब्रेसलेट मिलना

अगर आपको किसी ने चांदी का ब्रेसलेट गिफ्ट किया है। तो यह सौंदर्य और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। गिफ्ट में मिला चांदी का ब्रेसलेट पहनने से स्वास्थ्य ठीक रहता है और सौभाग्य के साथ-साथ आत्मविश्वास में भी वृद्धि होती है।

## गिफ्ट में चांदी का दीपक मिलना

अगर आपको किसी ने गिफ्ट में चांदी का दीपक दिया है तो इसे प्रकाश और ज्ञान का प्रतीक माना जाता है। अगर किसी व्यक्ति को उपहार में चांदी का दीपक मिले, तो इससे व्यक्ति को सकारात्मक और सुख-समृद्धि की प्राप्ति हो सकती है।

## चांदी का बछड़ा मिलना

चांदी का बछड़ा गिफ्ट में मिले, तो इसका मतलब है कि व्यक्ति के जीवन में खुशियों से भरने वाला है। इसके साथ ही परिवार के सभी सदस्यों में आपसी प्रेम बनी रहती है।

# कार में गजानन के अलावा लगाएं इन भगवानों की मूर्तियां

## कम होगी एक्सीडेंट की संभावना

आज के समय में कार खरीदने के दौरान हर कोई इसके फीचर पर अधिक ध्यान देता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि वास्तु शास्त्र के मुताबिक आप कार में क्या-क्या रख सकते हैं। बता दें कि वास्तु के मुताबिक कार में रखने के लिए कुछ चीजों के बारे में बताया गया है, जोकि शुभ होती है।

वास्तु के मुताबिक कारण में कुछ चीजों को रखने से आपको इसके सकारात्मक परिणाम प्राप्त होते हैं। बहुत सारे लोग गाड़ी खरीदने के बाद उसमें भगवान की मूर्ति या फिर कुछ शोपीस की चीज लगा देते हैं। लेकिन क्या ऐसा करना सही है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि गाड़ी में कौन से भगवान की और कैसी मूर्ति लगानी चाहिए।



## विघ्नहर्ता गणेश

वास्तु के मुताबिक कार में विघ्नहर्ता गणेश की मूर्ति लगानी चाहिए। क्योंकि गणपति सभी के दुखों को हरते हैं और सारी समस्याओं का अंत करते हैं। इसलिए आप अपनी कार में भगवान गणेश की छोटी सी मूर्ति लगा सकते हैं।

## पवनपुत्र हनुमान

इसके अलावा गाड़ी में पवनपुत्र हनुमान की मूर्ति लगाना शुभ होता है। बता दें कि गाड़ी में उड़ते हुए हनुमान जी की मूर्ति लगानी चाहिए। हनुमान जी को वायु का अवतार माना जाता है और गाड़ी भी हमें वायु के वेग से एक स्थान से दूसरे स्थान पर लेकर जाती है। इसलिए हमेशा कार आदि में उड़ते हुए या हवा में झूलते हुए हनुमान जी की मूर्ति लगानी चाहिए।

## काला कछुआ

आप अपनी गाड़ी में एक काले रंग का छोटा कछुआ भी रख सकते हैं। बता दें कि वास्तु के हिसाब से काला कछुआ शुभ माना जाता है। साथ ही यह नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने के साथ सकारात्मक ऊर्जा का संचार बढ़ाता है।

## डबल साइड वाले गणेश जी

वहीं आप गाड़ी के डैशबोर्ड पर डबल साइड वाले गणेश जी की मूर्ति भी स्थापित कर सकते हैं। क्योंकि गणेश जी की पीठ के दर्शन करना शुभ नहीं माना जाता है।

# निकिता दत्ता की बोल्ड साड़ी लुक ने फैंस को किया घायल, हुस्न का जलवा देख बढ़ी धड़कनें

बॉलीवुड एक्ट्रेस निकिता दत्ता अपनी एक्टिंग से ज्यादा फैशन स्टेटमेंट्स के कारण चर्चाओं में बनी रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके हर एक लुक पर अपना दिल हार जाते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की कुछ ग्लैमरस तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अंदाज देख कर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं। इन तस्–वीरों में उनका परफेक्ट साड़ी लुक फैंस के दिलों में खंजर चला रहा है।निकिता दत्ता आए दिन अपनी बोल्ड फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर आते ही तबाही मचाने लगता है।हाल ही में एक्ट्रेस निकिता दत्ता ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की कुछ ग्लैमरस फोटोज शेयर कर एक बार फिर से इंटरनेट पर सनसनी मचा दी है। इस बार एक्ट्रेस ने एथनिक का ओवरडोज तड़का लगाया है।इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस निकिता दत्ता ने पिंक कलर की सैटिन साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो बेहद गॉर्जियस नजर आ रही हैं। साथ ही फैंस उनके लुक्स की जमकर तारीफ कर रहे हैं।ओपन हेयर को कर्ली स्टाइल लुक देकर एक्ट्रेस निकिता दत्ता ने अपने इस आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है। उनका ये लुक देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं।फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक कातिलाना अंदाज में पोज देते हुए हॉट फोटोशूट करवा रही हैं। साथ ही अपने लुक से लोगों को दीवाना बना रही हैं।एक्ट्रेस के इस लुक को देखकर फैंस लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए अपना प्यार लूटा रहे हैं। एक यूजर ने उनकी इन तस्वीरों पर रिएक्शन देते हुए लिखा है– टू हॉट। वहीं दूसरे यूजर ने लिखा है– कयामत लग रही हो। फिर तीसरे यूजर ने कॉमेंट किया– ब्यूटिफुल।बता दें कि एक्ट्रेस ने कबीर सिंह में जिया शर्मा का किरदार निभाया था। इस फिल्म में लोगों ने उनकी एक्टिंग को काफी पसंद भी किया था।



# जैकलीन फर्नांडीज ने पालतू जानवरों को खरीदने के बजाय गोद लेने का किया आग्रह

एक्ट्रेस व एनिमल लवर जैकलीन फर्नांडीज ने पालतू जानवरों को खरीदने के बजाय इन्हें गोद लेने का आग्रह किया।जैकलीन ने इंस्टाग्राम पर अपने स्टोरी सेक्शन पर एक वीडियो शेयर किया।वीडियो में दो पोमेरेनियन, एक हस्की और एक पूडल सहित कई कुत्तों को बीमार अवस्था में देखा जा सकता है।एक्ट्रेस ने वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन दिया: खरीददारी न करने और गोद लेने का एक और कारण.. ब्रीडिंग इंडस्ट्री क्रूर और अक्सर अवैध है।वर्कफ्रंट की बात करें तो, जैकलीन पिछली बार रोहित शेट्टी की सर्कस में नजर आई थी। वह जल्द ही सोनू सूद स्टारर फतेह में दिखाई देंगी। फिल्म में विजय राज भी हैं।इनके अलावा, एक्ट्रेस वेलकम फ्रेंचाइज के तीसरी पार्ट वेलकम टू द जंगल में भी नजर आएंगी, जो कथित तौर पर क्रिसमस पर रिलीज होगी।



# फिल्म बैड न्यूज में कॉमेडी करती नजर आयेंगी तृप्ति डिमरी



बॉलीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी अपनी आने वाली फिल्म फिल्म बैड न्यूज में कॉमेडी करते नजर आयेंगी।

वर्ष 2019 में प्रदर्शित अक्षय कुमार, करीना कपूर, कियारा आडवाणी और दिलजीत दोसांझ अभिनीत फिल्म गुड न्यूज प्रदर्शित हुयी थी। निर्माता करण जौहर और निर्देशक राज मेहता ने इस फिल्म की सीक्वल बैड न्यूज की घोषणा की है। इस फिल्म में मूल फिल्म के कलाकारों की जगह अभिनेता विक्की कौशल, एमी विर्क और अभिनेत्री तृप्ति डिमरी मुख्य भूमिकाओं में हैं।

बैड न्यूज में तृप्ति डिमरी कॉमेडी करती नजर आयेंगी। इस फिल्म में तृप्ति ऐसी ही महिला की भूमिका में होंगी, जिसकी पेट में विक्की और एमी अभिनीत पात्रों के जुड़वा बच्चे पल रहे होते हैं। फिर कहानी में इसी के इर्द–गिर्द कुछ ऐसी परिस्थितियां बनती हैं, जिससे हास्य की स्थिति उत्पन्न होती है। यह फिल्म 19 जुलाई को प्रदर्शित होगी।

# 27 जून को रिलीज होगी कल्कि 2898 एडी

इस साल कई बड़ी फिल्में रिलीज होने वाली हैं। बात अगर पैन इंडिया फिल्मों की बात करें तो प्रभास की फिल्म कल्कि 2898 एडी को लेकर खूब शोर मचा हुआ है।इसके जरिए पहली बार प्रभास और दीपिका पादुकोण की जोड़ी सामने आएगी, वहीं अमिताभ बच्चन भी इसमें अहम भूमिका निभा रहे हैं।दर्शक इंतजार में हैं कि फिल्म कब पर्दे पर आएगी। उनकी इसी उत्साह को देखते हुए अब इसकी नई रिलीज तारीख का ऐलान कर दिया गया है।

नाग अश्विन के निर्देशन में बनी फिल्म कल्कि 2898 एडी प्रभास के करियर के लिए बहुत अहम मानी जा रही है। पिछले दिनों फिल्म से अमिताभ के किरदार का खुलासा हुआ था।अब फिल्म की रिलीज तारीख का ऐलान आखिरकार हो गया है, जिसे लेकर पिछले काफी समय से कयास लगाए जा रहे थे। इसकी पिछली रिलीज तारीख 9 मई तय की गई थी।नई घोषणा के मुताबिक, फिल्म इस साल 27 जून को सिनेमाघरों का रुख करेगी।यह साइंस फिक्शन फिल्म वीएफएक्स से भरपूर होगी, जिसमें शानदार एक्शन देखने को मिलेगा।फिल्म 600 करोड़ रुपये के भारी बजट से बनी है। इसे अब तक की सबसे महंगी भारतीय फिल्म बताया जा रहा है। फिल्म में दिशा पाटनी भी अहम भूमिका में हैं, वहीं दिग्गज अभिनेता कमल हासन इसमें मेहमान भूमिका में नजर आएंगे।बीते महीने मार्च में फिल्म से प्रभास का नया पोस्टर और उनके किरदार का खुलासा हुआ था। वह फिल्म में भैरवा की भूमिका निभाएंगे।निर्देशक नाग अश्विन के मुताबिक, फिल्म में उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई का इस्तेमाल नहीं किया। अगर ऐसा होता तो चीजें काफी आसान होतीं और वह एआई के आधार पर वीएफएक्स बनवा लेते। उन्हें इतना ताम–झाम नहीं करना पड़ता।वह कहते हैं, हमने वीएफएक्स में महीनो लिए। अब आप समझ लीजिए कि फिल्म में कुछ तो नया जरूर होगा, क्योंकि अगर चीजें आस–ानी से हो रही हैं तो इसका मतलब ये कि हमसे कुछ न कुछ तो छूट गया है।फिल्म की कहानी महाभारत से शुरू होगी। इसमें 6,000 सालों का वक्त दिखाया जाएगा।कल्कि 2898 एडी का पहला टीजर पिछले साल रिलीज किया गया था। इसमें दिखाया था कि कैसे दुनियाभर में चारों तरफ अंधेरे का राज कायम हो गया है। लोगों को कैद कर लिया गया है। बच्चे और बूढ़ों को भूखा रखा जा रहा है। लोगों के पास पीने को पानी तक नहीं है।ऐसे हालातों के बीच प्रभास जल्द ही मसीहा बन सबकी मदद करते दिखेंगे।




# 1 मई को धूम मचाएगा इंडियन 2 का पहला गाना

## ▪ सेनापति के रूप में कमल हासन के किरदार का होगा खुलासा

कमल हासन की आगामी फिल्म इंडियन–2 2024 की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। शंकर शनमुगम के निर्देशन में बन रही फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। प्रशंसक सेनापति के रूप में कमल हासन को बड़े पर्दे पर वापस देखने के लिए उत्सुक हैं। जैसे–जैसे फिल्म की रिलीज नजदीक आ रही है, निर्माता फैंस का उत्साह बढ़ाने के लिए इंडियन 2 की जानकारियां साझा कर रहे हैं। हाल ही में फिल्म से कमल हासन के पोस्टर जारी हुए थे। वहीं, अब फिल्म के पहले गाने के बारे में जानकारी सामने आई है।फैंस फिल्म के पहले गाने की रिलीज का भी उत्सुकता के साथ इंतजार कर रहे हैं। खबर है कि इस हफ्ते फिल्म का पहला गाना रिलीज हो सकता है। रिपोर्ट्स के अनुसार, इंडियन 2 का पहला सिंगल ट्रैक 1 मई को रिलीज होने की संभावना है। अनिरुद्ध रविचंदर द्वारा रचित इंडियन 2 का पहला ट्रैक थाथा वररू बताया जा रहा है। इस ट्रैक के बोल सेनापति उर्फ इंडियन थाथा के रूप में कमल हासन की वापसी की घोषणा करेंगे।इस गाने के अलावा निर्माताओं ने कथित तौर पर फिल्म के ऑडियो लॉन्च के कुछ ट्रैक का अनावरण करने की योजना बनाई है। कथित तौर पर इसे मई में करने की योजना बनाई गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, निर्माताओं को बहुप्रतीक्षित किस्त की उम्मीदों को बढ़ाने के लिए एक प्रचार योजना के साथ आने की उम्मीद है।कमल हासन ने 1996 की फिल्म इंडियन में दो भूमिकाएं निभाईं, एक पिता की और एक उनके बेटे की। पिता को एक अनुभवी स्वतंत्रता सेनानी के रूप में चित्रित किया गया था, जो देश में भ्रष्टाचार के खिलाफ एक सजग व्यक्ति के रूप में भी काम करते हैं।




# राजस्थान में जॉली एलएलबी 3 की शूटिंग शुरू कर सकते हैं अरशद वारसी

बॉलीवड में अपने कॉमिक अभिनय के लिये मशहूर अरशद वारसी जल्द ही राजस्थान में फिल्म जॉली एलएलबी 3 की शूटिंग शुरू कर सकते हैं।

वर्ष 2013 में सुभाष कपूर के निर्देशन में बनी 'जॉली एलएलबी' में अरशद वारसी ने मुख्य भूमिका निभायी थी। इसके बाद वर्ष 2017 में जॉली एलएलबी की सीक्वल प्रदर्शित हुयी, जिसमें अक्षय कुमार की मुख्य भूमिका थी।लंबे समय से इस फ्रेंचाइजी के फैंस को इसके तीसरे पार्ट का इंतजार है। कहा जा रहा है कि जॉली एलएलबी 3 में अक्षय और अरशद एक साथ दिखेंगे।

कहा जा रहा है कि अरशद जल्द ही जॉली एलएलबी 3 शूटिंग शुरू करने वाले हैं।अरशद वारसी जल्द ही राजस्थान में फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे।शूटिंग लोकेशन पर प्री–प्रोडक्शन काम पहले ही शुरू हो चुका है। बताया जा रहा है कि 2024 में फिल्म की शूटिंग पूरी हो जाएगी और 2025 में फिल्म थिएटर्स में दस्तक दे सकती है।



## आज का राशिफल

**मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ**

जीवन के बुरे दौर में पैसा आपके काम आएगा इसलिए आज से ही अपने पैसे की बचत करने के बारे में विचार करें नहीं तो आपको दिक़्क़तें हो सकती हैं। बच्चे को अपनी उम्मीदों के मुताबिक़ प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करें। हालाँकि किसी चमत्कार की उम्मीद न करें। आपका प्रोत्साहन निश्चित तौर पर बच्चे का आत्मविश्वास बढ़ाएगा। ऐसे लोगों से जुड़ने से बचें जो आपकी प्रतिष्ठा को आघात पहुँचा सकते हैं। आपका वैवाहिक जीवन आपके परिवार के चलते नकारात्मकर रूप से प्रभावित हो सकता है, लेकिन आप दोनों होशियारी से चीज़ें संभाल सकते हैं।

**वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो**

अपने वज़न पर नज़र रखें और ज़रूरत से ज़्यादा खाने से बचें। जिन लोगों ने अतीत में अपना धन निवेश किया था आज उस धन से लाभ होने की संभावना बन रही है। आज आपका ऊर्जा से भरपूर, ज़िंदादिल और गर्मजोशी से भरा व्यवहार आपके आस-पास के लोगों को ख़ुश कर देगा। दिन की शुरुआत भले ही थोड़ी थकाऊ रहे लेकिन जैसे-जैसे दिन आगे बढ़ेगा आपको अच्छे फल मिलने लगेंगे। जीवनसाथी की ओर से मिले तनाव के चलते सेहत पर बुरा असर पड़ना मुमकिन है। परिवार के साथ आज शॉपिंग पर जाना संभव हैं, परन्तु थकान का अनुभव भी हो सकता है।

**मिथुन – क,कि,कृ,घ,ङ,छ,के,को,ह**

आशावादी बनें और उजले पक्ष को देखें। आपका विश्वास और उम्मीद आपकी इच्छाओं व आशाओं के लिए नए दरवाज़े खोलेंगी। आर्थिक तौर पर सिर्फ़ और सिर्फ़ एक स्रोत से ही लाभ मिलेगा। आज आपमें धैर्य की कमी रहेगी। इसलिए संयम बरतें, क्योंकि आपकी तल्ख़ी आस-पास के लोगों को दु:खी कर सकती है। आज के दिन यात्रा, मनोरंजन और लोगों से मिलना-जुलना होगा। आपका अपने जीवनसाथी के साथ तनावपूर्ण संबंध रह सकता है। जहां तक सम्भव हो बात को बढ़ने न दें। आपको महसूस हो सकता है कि आप अपना दिन बर्बाद कर रहे हैं। इसलिए अपने दिन की योजना बेहतर तरीक़े से बनाएँ।

**कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो**

शकी स्वभाव के चलते आपको हार का मुँह देखना पड़ सकता है। आर्थिक तौर पर सुधार तय है। शाम को रसोई के लिए ज़रूरी चीज़ों की ख़रीदारी आपको व्यस्त रखेगी। थोड़ी कोशिश और करें। आज भाग्य आपका साथ ज़रूर देगा, क्योंकि यह आपका दिन है। आज लोग आपकी वह प्रशंसा करेंगे, जिसे आप हमेशा से सुनना चाहते थे। जीवनसाथी के साथ थोड़ा हँसी-मज़ाक़ किशोरावस्था के दिनों की याद दिला देंगे। आपकी ऊर्जा आज बेवजह के कामों में जाया हो सकती है। जीवन को सही से जीना चाहते हैं तो टाइम टेबल के हिसाब से चलना सीखें।

**सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे**

आपका उदार स्वभाव आज आपके लिए कई ख़ुशनुमा पल लेकर आएगा। दीर्घावधि मुनाफ़े के नज़रिए से स्टॉक और म्यूचुअल फ़ंड में निवेश करना फ़ायदेमंद रहेगा। आपके माता-पिता की सेहत चिंता और घबराहट का कारण बन सकती है।
आज आप अपना खाली समय अपनी माता की सेवा में बिताना चाहेंगे लेकिन ऐन मौके पर किसी काम के आ जाने की वजह से ऐसा नहीं हो पाएगा। इससे आपको परेशानी होगी। अपने काम के प्रति आज आपका फोकस गजब का होगा। आपके काम को देखकर आज बॉस आपसे खुश हो सकता है।

**कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो**

मानसिक शान्ति के लिए तनाव के कारणों का समाधान करें। जो लोग अब तक पैसे को बिना सोचे विचारे उड़ा रहे थे उन्हें आज पैसे की बहुत आवश्यकता पड़ सकती है और आज आपको समझ में आ सकता है कि पैसे की जीवन में क्या अहमियत है। बच्चे आपको अपनी उपलब्धियों से गर्व का अनुभव कराएंगे। आज आप नए विचारों से परिपूर्ण रहेंगे और आप जिन कामों को करने के लिए चुनेंगे, वे आपको उम्मीद से ज़्यादा फ़ायदा देंगे। हँसी-मजाक़ के बीच आपके और आपके जीवनसाथी के बीच कोई पुराना मुद्दा उभर सकता है ।

**तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते**

अच्छी चीज़ों को ग्रहण करने के लिए आपका दिमाग़ खुला रहेगा। अगर आप लम्बे वक़्त के लिए निवेश करें, तो अच्छा-ख़ासा फ़ायदा हासिल कर सकते हैं। आपका मज़ाकिया स्वभाव सामाजिक मेल-जोल की जगहों पर आपकी लोकप्रियता में इज़ाफ़ा करेगा। शाम के वक़्त आज आप किसी करीबी के घर वक़्त बिताने जा सकते हैं लेकिन इस दौरान आपको उनकी कोई बात बुरी लग सकती है और आप तय समय से पहले वापस लौट सकते हैं। अगर आप अपने मन की सुनें, तो यह दिन ख़रीदारी के लिहाज़ से उम्दा है।

**वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू**

दिन की शुरुआत आप योग ध्यान से कर सकते हैं। ऐसा करना आपके लिए फायदेमंद रहेगा और सारे दिन आपमें ऊर्जा रहेगी। इस राशि के विवाहित जातकों को आज ससुराल पक्ष से धन लाभ होने की संभावना है। किसी दूर के रिश्तेदार के यहाँ से मिली आकस्मिक अच्छी ख़बर आपके पूरे परिवार के लिए ख़ुशी के लम्हे लाएगी। रोमांस आपके दिल-दिमाग़ पर छाया रहेगा, क्योंकि आज आपकी मुलाक़ात अपने प्रिय से होगी। हवन/पूजा-पाठ आदि का आयोजन घर मे होगा। आज आपका आत्मविश्वास कमजोर रह सकता है। इसका कारण आपकी खराब दिनचर्या है।

**धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे**

किसी भी तरह के हालात को क़ाबू में रखने के लिए इस रफ़्तार को बरक़रार रखिए। जमीन या किसी प्रॉपर्टी में निवेश करना आज आपके लिए घातक हो सकता है जितना हो सके इन चीजों में निवेश करने से बचें। कोई ऐसा रिश्तेदार जो बहुत दूर रहता है, आज आपसे संपर्क कर सकता है। इसका अनुभव कीजिए। अपने घर में बिखरी चीजों को संभालने का आज आप प्लान करेंगे लेकिन आपको इसके लिए आज खाली समय नहीं मिल पाएगा। वैवाहिक जीवन के लिहाज़ से यह बढ़िया दिन है। साथ में एक अच्छी शाम गुज़ारने की योजना बनाएँ। आप कहीं घूमने के लिए जा सकते हैं।

**मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि**

आज खेल-कूद में हिस्सा लें । यदि आप किसी से उधार वापस मांग रहे थे और अब तक वो आपकी बात को टाल रहा था तो आज बिना बोले ही वो आपको पैसा लौटा सकता है। आज आपमें धैर्य की कमी रहेगी। आपके प्रिय के साथ कुछ मतभेद उभर सकते हैं । आपके घर वाले आज आपसे कई परेशानियां शेयर करेंगे लेकिन आप अपनी ही धुन में मस्त रहेंगे और खाली समय में कुछ ऐसा करेंगे जो करना आपको पसंद है। किसी पार्क में बैठकर आज आपको सुकून मिलेगा। जीवन को आज आप नजदीक से जान पाएंगे।

**कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द**

अपने खान-पान का विशेष ध्यान रखें। ख़ास तौर पर माइग्रेन के मरीज़ों को समय पर खाना नहीं छोड़ना चाहिए, नहीं तो उन्हें व्यर्थ में भावनात्मक तनाव से गुज़रना पड़ सकता है। प्राप्त हुआ धन आपकी उम्मीद के मुताबिक़ नहीं होगा। तल्ख़ बर्ताव के बावजूद आपको जीवन-साथी का सहयोग मिलेगा। प्यार के नज़रिए से यह दिन बेहद ख़ास रहेगा। दीर्घावधि में कामकाज के सिलसिले में की गयी यात्रा फ़ायदेमंद साबित होगी। आपका कोई दोस्त आज आपकी जमकर तारीफ कर सकता है।

**मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची**

बेकार के ख़यालों में अपनी ऊर्जा बर्बाद न करें, बल्कि इसे सही दिशा में लगाएँ। दोस्तों के साथ कुछ करते वक़्त अपने हितों को अनदेखा न करें साथ ही आज आप मस्तीभरे सफ़र पर भी जा सकते हैं। घर के छोटे सदस्यों को साथ लेकर आज आप किसी पार्क या शॉपिंग मॉल में जा सकते हैं। वैवाहिक जीवन में कई उतार-चढ़ाव के बाद एक-दूसरे के प्यार को सराहने का यह सही दिन है। आज आप फ़ोटोग्राफ़ी करके आने वाले कल के लिए कुछ बेहतरीन यादें संजो सकते हैं ।

## सोमवार का पंचांग

दिनांक : 29 अप्रैल 2024 , सोमवार
विक्रम संवत : 2081
मास : वैशाख , कृष्ण पक्ष
तिथि : पंचमी प्रात: 07:59 तक
नक्षत्र : पूर्वाषाढा उत्तर रात्रि 04:42 तक
योग : सिद्ध रात्रि 12:24 तक
करण : तैतिल प्रात: 07:59 तक
चन्द्रराशि : धनु
सूर्योदय : 05:51 , सूर्यास्त 06:35 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 05:59 , सूर्यास्त 06:34 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 05:51 , सूर्यास्त 06:27 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 05:43 , सूर्यास्त 06:26 ( विजयवाडा )

**शुभ चौघड़िया**

अमृत : 06:00 से 07:30
शुभ : 09:00 से 10:30
चल : 01:30 से 03:00
लाभ : 03:00 से 04:30
अमृत : 04:30 से 06:00
राहुकाल : प्रात: 07:30 से 09:00
दिशाशूल : पूर्व दिशा
उपाय : दही धनिया खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष :– श्री मलूकदासजी जयंती

* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *

पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com

# वाहनों पर 30 जून तक हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगाना अनिवार्य




उदयपुर, 27 अप्रैल (एजेंसियां)। राजस्थान में एक अप्रैल 2019 से पहले खरीदे गए समस्त प्रकार के वाहनों में हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगाने के लिए अंतिम तिथि 30 जून है। प्रादेशिक परिवहन अधिकारी नेमीचन्द पारीक ने बताया कि एक अप्रैल 2019 से पहले खरीदे गए वाहनों में बड़ी संख्या में हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट नहीं लगवाई है। अभी भी वाहन स्वामी पुराने वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगवाने के लिए एसआईएएम के पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि अप्रैल 2019 से पहले उपलब्ध नम्बर प्लेटों के साथ आसानी से छेड़छाड़ की जा सकती थी या उन्हें आसानी से हटाया जा सकता था। ऐसे में पुलिस एवं परिवहन अधिकारियों को किसी अपराध में संलिप्त वाहनों को ट्रेक करना मुश्किल हो जाता था। अब हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लग जाने से वाहनों की चोरी एवं अन्य अपराधों में कमी आएगी क्योंकि ये केवल एक बार ही प्रयोग की जा सकती है और वाहन में लगने के बाद खुलती नहीं है, बल्कि इनके हिंज को काटना पड़ता है।

हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगाने के लिए विभाग ने समय सीमा निर्धारित कर दी थी। विभागीय परिपत्र के अनुसार अंतिम तिथि 30 जून है। इस अवधि के बाद जिन वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट नहीं लगी पाई गई उनके विरूद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत दण्डनीय कार्रवाई की जाएगी।

# राजस्थान में लोकसभा चुनाव में 68.63% दिव्यांग मतदाताओं ने किया मतदान



**जयपुर, 28 अप्रैल (एजेंसियां)।** राजस्थान में लोकसभा आम चुनाव-2024 में 25 लोकसभा क्षेत्रों में 68.63 प्रतिशत दिव्यांग मतदाताओं ने मतदान किया।राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि बांसवाड़ा में सर्वाधिक 84.93 प्रतिशत जबकि भरतपुर में सबसे कम 44.37 प्रतिशत दिव्यांगों ने मतदान किया है। श्री गुप्ता ने बताया कि प्रथम चरण के 12 लोकसभा क्षेत्रों में 62 प्रतिशत दिव्यांग मतदाताओं ने मतदान किया। पहले चरण में झुंझुनूं में सबसे ज्यादा 71.97 प्रतिशत, चूरू मे 69.67 प्रतिशत, गंगानगर 68.64 प्रतिशत नागौर 67.82 प्रतिशत दिव्यांगों ने मतदान किया। भरतपुर में सबसे कम 44.37 प्रतिशत दिव्यांगों ने मतदान किया।उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में दिव्यांगों का गंगानगर में 68.64 प्रतिशत, बीकानेर में 63.56, चूरू में 69.67,झुंझुनूं में 71.97, सीकर में 64.57, जयपुर ग्रामीण में 58.15, जयपुर में 62.93, अलवर में 62.78, भरतपुर में 44.37, करौली-धौलपुर में 54.97, दौसा में 55.12, नागौर में 67.82 जबकि दूसरे चरण में टोंक-सवाई माधोपुर में 60.89,अजमेर में 67.06, पाली में 63.87, जोधपुर में 54.78, बाड़मेर में 81.84, जालोर में 75.91, उदयपुर में 83.25,बांसवाड़ा: 84.93, चित्तौड़गढ़ में 82.71, राजसमंद में 65.91, भीलवाड़ा में 64.72, कोटा में 71.98 एवं झालावाड़-बारां में 78.68 प्रतिशत रहा।

# साइबर ठगों को पकड़ने गई पुलिस पर ग्रामीणों ने किया पथराव

## तीन पुलिसकर्मी जख्मी, आरोपी ठग फरार



**भरतपुर, 28 अप्रैल (एजेंसियां)।**
डीग जिले के पहाड़ी थाना इलाके के चनियाकला गांव में साइबर ठगों को पकड़ने गई पुलिस की गाड़ियों पर कुछ ग्रामीणों ने पथराव कर दिया। घटना में एक पुलिस की गाड़ी के शीशे टूट गए और 3 पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने मौके से 3 लोगों को राउंडअप भी किया है। पुलिस ने एक ठग को हिरासत में भी ले लिया था लेकिन ग्रामीणों ने पथराव कर ठग को भी पुलिस के कब्जे से छुड़ा लिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि साइबर ठग काढ़ा, इदरीश और इत्तर अपने घर आए हुए हैं। सूचना पर तीन गाड़ियों में पुलिसकर्मी गांव में पहुंचे और काढ़ा नाम के साइबर ठग को मौके से पकड़ लिया लेकिन जैसे ही पुलिस वहां से निकलने लगी, तभी ग्रामीणों ने पुलिस की गाड़ियों पर पथराव कर दिया। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने बड़ी मुश्किल से अपनी जान बचाई।

ग्रामीण पुलिस की एक बोलेरो गाड़ी की चाबी भी निकलकर ले गए। घटना की सूचना जैसे ही पहाड़ी थाना सीओ गिर्राज मीणा को लगी तो वे पुलिस के जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को वहां से भगाया। पुलिस ने मौके से तीन लोगों को राउंडअप कर लिया है। तीनों साइबर ठग मौके से भागने में कामयाब रहे।

# अजमेर में पुलिस प्रशासन ने रुकवाया बाल विवाह



**अजमेर, 28 अप्रैल (एजेंसियां)।**
जिले के पीसांगन उपखंड के मांगलियावास थानान्तर्गत ग्राम रुदलाई में रविवार को पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई से एक नाबालिग का बाल-विवाह रोक दिया गया। यह कार्यवाही चाइल्ड लाइन की स्टेट कंट्रोल को शिकायत के बाद सम्भव हो सकी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रुदलाई निवासी राहुल काठात (16) का बाल विवाह होने जा रहा था। चाइल्ड लाइन और बाल कल्याण समिति की सतर्कता से और स्टेट कंट्रोल की सूचना पर स्थानीय प्रशासन हरकत में आया।

मौके पर पहुंच कर समझाने का काम शुरू हुआ और अन्ततः पीसांगन उपखंड अधिकारी रामकुमार ताड़ा ने नाबालिग राहुल के परिजनों को नाबालिग की शादी नहीं करने के लिए पाबंद कर दिया ।

इससे नाबालिग के विवाह का अवैध कृत्य रोकने में सफलता मिली। उल्लेखनीय है कि मौके पर पुलिस एवं प्रशासन ने नाबालिग के उम्र की जांच की तो उसकी उम्र 15 साल आठ माह ही निकली। विवाह ब्यावर के रूपारेला से होने जा रहा बताया गया।

# दो दिन पहले भाजपा से निष्कासित नेता को पुलिस ने भेजा जेल

**बीकानेर, 28 अप्रैल (एजेंसियां)।**
दो दिन पहले अनुशासन भंग के आरोप में भारतीय जनता पार्टी से निष्कासित बीकानेर शहर अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष उस्मान गनी को कल गश्त के दौरान पुलिसकर्मियों के साथ बदसलूकी करने के इल्जाम में गिरफ्तार करने के बाद रविवार को एडीएम सिटी के घर पेश किया गया, जहां जमानत नहीं होने के चलते उन्हें जेल भेज दिया गया।

मुक्ताप्रसाद थानाधिकारी धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि कल गश्त के दौरान उस्मान गनी ने पुलिस थाने के सामने पुलिसकर्मियों से उलझते हुए बदसलूकी की। जिसके बाद मुक्ताप्रसाद पुलिस ने गनी को शांति भंग की धारा के तहत गिरफ्तार कर लिया।

अभी दो दिन पूर्व ही भाजपा प्रदेश अनुशासन समिति के अध्यक्ष ओंकारसिंह लखावत ने बीकानेर शहर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष उस्मान गनी को पार्टी का अनुशासन भंग करने के आरोप में भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से 6 साल के लिए निष्कासित किया था। वैसे सियासी पंडित गनी की इस गिरफ्तारी को प्रधानमंत्री के विरोध का नतीजा मान रहे हैं।

# दो होटलों पर आबकारी विभाग की छापेमारी अवैध रूप से पिलाई जा रही थी शराब

**नारनौल, 28 अप्रैल (एजेंसियां)।**
आबकारी विभाग व हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो की टीम ने शनिवार देर रात दो होटलों पर छोपमारी की। इस दौरान दोनों होटलों पर अवैध रूप से लोगों को बैठाकर शराब पिलाई जा रही थी। दोनों होटल मालिकों के पास होटल में शराब पिलाने का लाइसेंस व परमिट नहीं था। पुलिस शिकायत में बताया कि शनिवार रात करीब साढे 9 बजे आबकारी निरीक्षक दिनेश कुमार व हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो नारनौल की संयुक्त टीम ने रेवाड़ी रोड स्थित फर्स्ट प्वाइंट चिकन पैलेस पर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि होटल में 4 अलग-अलग दो झोपड़ी बनाई हुई है। जिसमें करीब 8 मेज व 25 कुर्सियां लगी हुई थी।जिसमें करीब 10-12 आदमी बैठकर शराब का सेवन कर रहे थे। वहीं होटल मालिक का चखना परोसा जा रहा था। काउंटर पर बैठे होटल मालिक सतेंद्र यादव से शराब परोसने के लिए लाइसेंस व परमिट मांगा गया। लेकिन होटल मालिक के पास कोई भी लाइसेंस नहीं मिला। निरीक्षण के दौरान होटल में काफी मात्रा में खाली बोतल मिली है, वहीं कुछ बोतलों में शराब मिली। उधर कादीपुरी रोड नारनौल में अवैध रूप से शराब पर-



ोसने पर मामला दर्ज किया गया है। शनिवार देर रात आबकारी निरीक्षक आशुतोष व एएसआई उमेद सिंह ने मटन अरोमा होटल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान होटल संचालक कमल नीरपुर मौके पर मौजूद था। होटल संचालक की उपस्थिति में उक्त होटल पर शराब परोसी जा रही थी। इस दौरान कमल से शराब परोसने की अनुमति देने वाला लाइसेंस पेश करने के लिए कहा गया तो वह दस्तावेज पेश नहीं कर सका। उन्होंने बताया कि उनके पास ऐसा कोई लाइसेंस नही है। जिसके बाद आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# कांग्रेसियों की लड़ाई अब कमरे से बाहर आ गई : अनिल विज




**चंडीगढ़, 28 अप्रैल (एजेंसियां)।**
हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने करनाल लोकसभा सीट से उम्मीदवार व पूर्व सीएम मनोहर लाल को शेर बताया है। मनोहर लाल के सामने कांग्रेस के युवा उम्मीदवार दिव्यांशु बुद्धिराजा को उतारे जाने पर उन्होंने तंज कसते हुए कहा- तो कांग्रेस ने शेर के आगे कमजोर प्रत्याशी उतार दिया। बेचारा कमजोर आदमी है, पहले ही दिन उसका पता चला है कि वो भगोड़ा हो रखा है।

उन्होंने कहा-चुनाव प्रचार के दौरान मनोहर लाल के पास अपने पक्ष में कहने के लिए बहुत कुछ है। पूरा विश्वास है कि जनता मनोहर लाल को ही विजयी बनाएगी। विज शनिवार को दिल्ली के हरियाणा निवास पहुंचे थे। इस दौरान पत्रकारों की ओर से कांग्रेस के उम्मीदवारों की ओर से पूछे गए सवाल पर कहा-हरियाणा में भाजपा दसों सीट पर मजबूत है। कांग्रेस ने तो हरियाणा में लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नाम/टिकटों का फैसला करने में लगभग पूरा एक महीना लगा दिया है। इनके बीच खूब लड़ाइयां होती रही हैं। अब इनकी लड़ाइयां कमरें से बाहर आ गई हैं।चौधरी बीरेंद्र सिंह के भाजपा छोड़े जाने के सवाल के जवाब पर उन्होंने कहा- मैं तो इस स्थिति में नहीं हूं, मगर पार्टी के जो कर्ता-धर्ता हैं, वहीं जानते हैं कि बीरेंद्र सिंह छोड़कर क्यों गए थे और उनको आना चाहिए या नहीं आना चाहिए। श्रुति चौधरी व बृजेंद्र सिंह की टिकट कटने पर कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान के दिए बयान-आगामी विधान सभा चुनाव में उन्हें एडजस्ट किया जाए के सवाल के जवाब पर उन्होंने कहा- कांग्रेस वाले ऐसा ही टुकड़ा डालकर रखते हैं। क्या करेंगे, क्या नहीं करेंगे- आज क्या कर दिया और कल क्या करेंगे।

## राजनीतिक दलों ने साधे जातिगत समीकरण

# आधी आबादी से कर गए किनारा, 37 उम्मीदवारों में सिर्फ चार महिलाएं

**चंडीगढ़, 28 अप्रैल (एजेंसियां)।** महिलाओं की बराबरी की बात सभी दल करते हैं। लोकसभा चुनाव में महिलाओं की सुरक्षा का मुद्दा बना रहे हैं। महिला आरक्षण बिल पास होने पर सबने सराहना की। अधिकतर दलों ने इसे जल्द से जल्द लागू करने की बात कही। मगर लोकसभा चुनावों में जब महिला उम्मीदवारों को मैदान में उतारने की बात आती है, तो सभी दल किनारा कर लेते हैं।महिला सशक्तिकरण की कोशिश में सभी राजनीतिक दलों का रुख ठंडे बस्ते में चला जाता है। लोकसभा चुनाव में भाजपा-कांग्रेस व राजनीतिक दलों ने हरियाणा में अपने उम्मीदवारों को जिताने के लिए जातिगत और क्षेत्रीय समीकरण साधने में कोई कसर नहीं छोड़ी, मगर



महिलाओं को टिकट देने में कंजूसी कर गए। हरियाणा में अब तक 37 उम्मीदवार घोषित किए जा चुके हैं। इनमें सिर्फ चार महिलाओं को लोकसभा का टिकट दिया गया है।भाजपा, कांग्रेस, इनेलो और जजपा ने सिर्फ एक-एक महिलाओं को टिकट दिया है। वहीं, बसपा ने एक भी महिला को टिकट नहीं दिया है। हालांकि कांग्रेस की एक, इनेलो की चार, जजपा की पांच और बसपा की तीन टिकटों की घोषणा होना अभी बाकी है। हरियाणा में भाजपा और कांग्रेस दोनों विधानसभा में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण का वादा करती हैं, मगर जब संसदीय चुनावों की बात आती है तो दोनों ही आधी आबादी से किनारा कर लेते हैं।हरियाणा में दस संसदीय सीटें हैं। इन सीटों पर 25 मई को मतदान होना है। भाजपा ने अंबाला लोकसभा सीट से बंतो कटारिया को मैदान उतारा है। पिछली बार भी भाजपा ने एक महिला उम्मीदवार को उतारा था। सिरसा सुरक्षित सीट से पूर्व आईआरएस सुनीता दुग्गल को टिकट दिया था। सुनीता दुग्गल ने मैदान भी फतेह कर लिया था। कांग्रेस ने आठ उम्मीदवारों की घोषणा की है। इनमें से सिरसा से कुमारी सैलजा को चुनावी मैदान में उतारा है। पिछले साल कांग्रेस ने दो महिलाओं को टिकट दिया था। भिवानी-महेंद्रगढ़ से श्रुति चौधरी भी मैदान में थी। जजपा ने नैना चौटाला और इनेलो ने सुनैना चौटाला को टिकट दिया है।गौर करने वाली बात है कि हरियाणा में जिन महिलाओं को टिकट दिया है। इनमें सभी की पृष्ठभूमि राजनीतिक रही है। कोई भी नया चेहरा नहीं है। भाजपा उम्मीदवार बंतो कटारिया के पति स्व. रतनलाल कटारिया तीन बार सांसद रह चुके हैं। कांग्रेस की कुमारी सैलजा भी राजनीतिक परिवार से आती हैं। उनके पिता दलबीर सिंह सिरसा सीट से चार बार सांसद रह चुके हैं। कुमारी सैलजा भी दो बार सिरसा और दो बार अंबाला लोकसभा सीट से सांसद रही हैं। जजपा की नैना चौटाला पूर्व सीएम ओम प्रकाश चौटाला के बेटे अजय चौटाला की पत्नी व राज्य के पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला की मां हैं।

शुभ लाभ DAILY खबरें जो सोच बदल दे हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# पश्चिमी चंपारण में अपने-अपने नेताओं के प्रचार में जुटे समर्थक

**पश्चिम चंपारण (एजेंसियां)।** बिहार के पश्चिमी चंपारण जिले में आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। अलग-अलग दलों के अलग-अलग समर्थक चौक चौराहों पर चुनावी प्रचार प्रसार को शुरू कर दिया है। समर्थक अपने-अपने पसंदीदा उम्मीदवारों की बड़ाई करते नहीं थक रहे हैं। वहीं, तरह-तरह के जतन करके लोगों से भी यह जानकारी हासिल कर रहे हैं कि आखिर इस बार लोकसभा सीटों के विजयी उम्मीदवार कौन होंगे।

पश्चिमी चंपारण जिले में दो लोकसभा सीटें हैं। दोनों लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में उम्मीदवारों के अभी तक जो नाम सामने आए हैं, उनमें पांच उम्मीदवार शामिल हैं। सभी उम्मीदवार क्षेत्र में भ्रमण कर



जनता को लुभाकर अपनी किस्मत की रेखा खींचने की तैयारी कर रहे हैं।

पश्चिमी चंपारण जिले की बेतिया लोकसभा सीट पर भाजपा का दबदबा रहा है तो दूसरी तरफ़ बाल्मीकिनगर लोकसभा सीट पर जदयू का। वहीं, पश्चिमी चंपारण लोकसभा सीट से भाजपा के पूर्व सांसद संजय जायसवाल तो दूसरी तरफ कांग्रेस के पूर्व विधायक मदन मोहन तिवारी चुनावी मैदान में हैं। उधर, बाल्मीकिनगर लोकसभा सीट पर पूर्व सांसद सुनील कुमार तो दूसरी तरफ राजद कोटे से तिरुपति शुगर मिल के एचडी दीपक यादव और निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर प्रवेश मिश्रा अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। बाल्मीकिनगर संसदीय क्षेत्र में त्रिकोणीय मुकाबला देखा जा रहा है।

वर्ष 2019 में पश्चिमी चंपारण जिले के लोकसभा चुनाव में एनडीए के भाजपा उम्मीदवार डॉ. संजय जायसवाल को कुल छह लाख 735 मत मिले थे। जबकि, उनके निकटतम प्रतिद्वंदी महागठबंधन के रालोसपा के उम्मीदवार बृजेश कुमार कुशवाहा को तीन लाख सात हजार 964 मत मिले।

वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में पश्चिम चंपारण सीट से बीजेपी के डॉ. संजय जायसवाल का निर्वाचन हुआ था। तब उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी जदयू के प्रकाश झा को दो लाख 60 हजार 978 वोट मिले थे। उन्होंने प्रकाश झा को एक लाख 10 हजार 254 वोटों से हराया था। तीसरे स्थान पर पंडित रघुनाथ झा रहे थे। उन्होंने एक लाख 21 हजार 800 मत हासिल किए थे। रघुनाथ झा राजद उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़े थे।

वहीं, वर्ष 2019 के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र बाल्मीकिनगर के जदयू के उम्मीदवार बैधनाथ प्रसाद महतो 3,54,616 वोटों के अंतर से जीते थे। वहीं, दूसरे नंबर पर रहे आएनसी के शाश्वत केदार पांडे को 2,48,044 वोट मिले थे। जबकि बीएसपी के दीपक यादव को 62,963 और ईएनडी के सुरेश शाह को 14,870 मत मिले थे।

बाल्मीकिनगर नगर लोकसभा सीट के जदयू सांसद बैद्यनाथ प्रसाद महतो का 28 फरवरी 2020 को आकस्मिक निधन होने के बाद उपचुनाव कराया गया। उपचुनाव में जनता दल (यूना-इटेड) के प्रत्याशी तथा पूर्व सांसद के बेटे सुनील कुमार ने जीत हासिल की। सुनील कुमार ने 4,03,360 वोट हासिल किए और अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के प्रवेश कुमार मिश्रा को 22,000 से अधिक वोटों से हराया। प्रवेश कुमार मिश्रा को बाल्मीकिनगर लोकसभा क्षेत्र उपचुनाव 2020 में 3,80,821 वोट मिले थे।

### राजद विधायक का दावा

# मैं भी डॉक्टर हूं, कोरोना की वैक्सीन लेने वाले हार्ट अटैक से मर रहे

**पटना (एजेंसियां)।** वैशाली के महुआ से राष्ट्रीय जनता दल के विधायक डॉक्टर मुकेश कुमार रौशन ने कोरोना वैक्सिन को लेकर चौंकाने वाला बयान दे दिया है। उन्होंने दावा किया है कि कोरोना वैक्सीन लेने वाले युवाओं में हार्ट अटैक का खतरा बढ़ गया है। और, हार्ट अटैक से मौत हो रही है। विधायक ने बताया कि कोरोना काल में बहुत से लोगों ने अपने परिवार को खो दिया। मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए राजद विधायवक ने कहा कि यह लोग कोरोना वैक्सीन वाले कंपनी से इलेक्टोरल बॉन्ड के तहत चंदा लेने का काम किया है।



विधायक डॉ मुकेश रोशन ने बताया कि जिन लोगों ने कोरोना वैक्सीन बनाने का काम किया है, उन लोगों ने उसका कंपोजिशन नहीं बताया। उन्होंने बताया कि मैं भी एक डाक्टर हूं मुझे पता है कि कोई भी दवा का कंपोजिशन होता है लेकिन आज तक इन लोगों ने कोरोना वैक्सीन का कंपोजिशन । आज हार्ड अटैक का केस बढ़ गया। कोरोना काल में इनलोगों ने डंडी मारने का काम किया है। और सवा सौ करोड़ देशवासियों को इंजेक्शन लगवाने का काम किया लेकिन आज लोग मर रहे हैं।

राजद विधायक ने बताया कि पहले ऐसा कभी नहीं हुआ था जैसा अभी हो रहा। कोरोना वैक्सीन लेने के बाद लोगों में हार्ट अटैक का खतरा बढ़ गया है। इन लोगों ने कोरोना वैक्सीन के नाम पर देश के लोगों को ठगने का काम किया है। दरअसल, राजद विधायक के मुकेश रौशन अपने विधानसभा क्षेत्र महुआ में महागठबंधन के उम्मीदवार शिवचंद्र राम के कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होने के लिए पहुंचे थे। इसी दौरान उन्होंने यह बातें कहीं।

### तेजस्वी यादव ने पीएम मोदी और सीएम नीतीश कुमार पर तीखा हमला किया

# भाजपा विधायकों की खरीद फरोख्त करती है



**खगड़िया (एजेंसियां)।** शनिवार को बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम और राजद नेता तेजस्वी यादव खगड़िया जिले के परबत्ता पहुंचे, जहां उन्होंने महागठबंधन प्रत्याशी संजय कुमार सिंह के समर्थन में रैली को संबोधित किया। अपने संबोधन में तेजस्वी यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा पर तीखा हमला किया। वहीं उन्होंने नीतीश कुमार को भी लपेटे में लिया। उन्होंने कहा कि भाजपा विधायकों की खरीद फरोख्त करती है। उसके द्वारा हमारे सीएम को भी हाईजैक कर लिया गया। अपने भाषण के दौरान तेजस्वी यादव कुशवाहा की राजनीति भी करते दिखे। उन्होंने कहा कि हमने सात कुशवाहा को लोकसभा का टिकट दिया है। भाजपा बताए कि वह कितनी सीट किस जाति को दी है। फिर तेजस्वी यादव ने लगे हाथ पुलवामा हमले की भी चर्चा कर दी। उन्होंने कहा कि 2019 में पुलवामा में हमला हुआ था, जिसमें पूरे देश ने सद्भावना दी थी। वहीं उनके द्वारा बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य बातों को लेकर भी केंद्र सरकार पर हमला किया गया।

तेजस्वी यादव ने कहा कि जब 17 महीने मैं चाचा के साथ था, तो उनके हाथों ही बिहार में नौकरी के लिए नियुक्ति पत्र दिलवाया था। लेकिन चाचा बदल गए हैं। भाजपा के लोग विधायक की खरीद फरोख्त करते हैं। हम नौकरी शिक्षा बेरोजगारी की बात करते हैं, तो वह हिंदू मुस्लिम की बात करने लगते हैं। प्रधानमंत्री मोदी काम की बात नहीं कर सकते हैं। वही उन्होंने खगड़िया में एनडीए प्रत्याशी राजेश वर्मा का नाम लिए बिना ही उन पर हमला किया है। उन्होंने कहा कि एनडीए के प्रत्याशी कौन है मैं नहीं जानता, लेकिन टिकट कैसे मिला है यह हम जानते हैं।

सभा के दौरान तेजस्वी यादव इशारों ही इशारों में मुख्यमंत्री नीतीश और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी पर भी तंज कसा। उन्होंने कहा कि हम जिन्हे मान सम्मान देते हैं वह भी पलट जाते हैं। हम नफ़्फ़रत फ़्फ़ैलाने का काम नहीं करते हैं हम लोगों को रोजगार देने की बात करते हैं। जो लोग मुझे गाली देते हैं, वह सभी मेरे अपने भाई हैं।

# बिहार में एक मई तक लू का अलर्ट तीन डिग्री तक बढ़ेगा तापमान

**पटना (एजेंसियां)।** बिहार में अब पारा झुलसाने लगा है। गर्मी ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है। मौसम विभाग ने रविवार को राज्य के 26 जिलों में 40 डिग्री से अधिक तापमान रहने के आसार हैं। आने वाले 24 से 48 घंटे के अंदर मौसम में एक से तीन डिग्री की बढ़ोतरी होगी। मौसम विभाग ने इसके लिए येलो अलर्ट जारी करते हुए लोगों से भीषण गर्मी से खुद को सुरक्षित रखने का निर्देश जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, पिछले 24 घंटे के दौरान प्रदेश का मौसम गर्म एवं शुष्क बना रहा। मोतिहारी में एवं उष्ण दिवस पूर्णिया, सुपौल, दरभंगा, शेखपुरा एवं खगड़िया में रिकॉर्ड किया गया। 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक का अधिकतम तापमान राज्य के 26 इलाकों में दर्ज किया गया।



मौसम विभाग के अनुसार, पिछले 24 घंटे में अधिकतम तापमान 43.9 डिग्री सेल्सियस और शेखपुरा में न्यूनतम तापमान 20.1 डिग्री सेल्सियस सहरसा के अगवानपुर में रहा। पछुआ एवं उत्तर पश्चिमी हवा का प्रवाह अभी भी जारी है। साथ ही एक चक्रवाती परिसंचरण उत्तर पूर्व असम एवं आसपास स्थित है। एक अन्य चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण छत्तीसगढ में बना है। अगले 24 घंटे के दौरान प्रदेश के अररिया एवं किशनगंज में गरज के साथ हल्की वर्षा होने का पूर्वानुमान है। जब की राज्य के शेष भागों का मौसम गर्म एंव शुष्क बने रहने की संभावना है। उष्ण दिवस औरंगाबाद, खगड़िया, जमुई, शेखपुरा मोतिहारी एवं दरभंगा में होने का पूर्वानुमान है। 24 घंटे के दौरान राज्य के अधिकतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस की कमी देखी जा सकती है। अगले 48 घंटे में दो से चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने का पूर्वानुमान है। इसके स्वरूप राज्य के दक्षिण, उत्तर मध्य एवं उत्तर पश्चिमी भागों के कुछ स्थानों में 28 अप्रैल से एक मई के दौरान उष्ण दिवस लू की स्थिति देखी जा सकती है।

मौसम वैज्ञानिक के अनुसार रविवार को उत्तर पश्चिम भाग के जिलों में पश्चिम चंपारण, सीवान, सारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज में अधिकतम तापमान 40 से 42 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24 से 26 डिग्री रहने का पूर्वानुमान है। इसके साथ ही उत्तर पश्चिम भाग के बक्सर , भोजपुर, रो-हतास, औरंगाबाद, अरवल के अधिकतम तापमान 40 से 42 डिग्री जबकि न्यूनतम तापमान 26 से 28 डिग्री रहने की संभावना व्यक्त की गई है। उत्तर मध्य भाग के सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फ़्फ़रपुर, दरभंगा, वैशाली, शिवहर, समस्तीपुर के भागों में अधिकतम तापमान 40 से 42 डिग्री जबकि न्यूनतम तापमान 24 से 26 डिग्री रहने का पूर्वानुमान है। इसी तरह उत्तर पूर्व बिहार के सुपौल, अररिया, किशनगंज, मधेपुरा, सहरसा, पूर्णिया एवं कटिहार में अधिकतम तापमान 38 से 40 डिग्री जबकि न्यूनतम तापमान 22 से 24 डिग्री रहने की पूर्वानुमान है। दक्षिण मध्य भाग के पटना, गया, नालंदा, शेखपुरा, नवादा, बेगूसराय, लखीसराय, जहानाबाद में अधिकतम तापमान 40 से 42 डिग्री जबकि न्यूनतम तापमान 26 से 28 डिग्री रहने का पूर्वानुमान है। दक्षिण पूर्व बिहार के भागलपुर ,बांका, जमुई, मुंगेर, खगड़िया में अधिकतम तापमान 40 से 42 डिग्री जबकि न्यूनतम तापमान 24 से 26 डिग्री रहने कापूर्वानुमान बताया ।

# ईवीएम पर सवाल उठाने वाले कभी बैलेट लूटा करते थे : योगी

### ईवीएम और गोमांस पर कांग्रेस और इंडी गठबंधन से योगी ने पूछे तीखे सवाल

**लखनऊ (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ईवीएम पर सवाल उठाने पर कांग्रेस ओर इंडी गठबंधन पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि ये वही लोग हैं जो बैलेट लूटने का काम करते थे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में पुख्ता हार को देख कांग्रेस के लोग ईवीएम पर दोषारोपण कर रहे हैं। सीएम योगी शनिवार को अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने गोमांस मुद्दे पर भी कांग्रेस और इंडी गठबंधन को निशाने पर लिया। सीएम योगी ने पूछा कि वो अपने घोषणापत्र में लिख रहे हैं अल्पसंख्यकों को उनकी पसंद के खान-पान का अधिकारी दिया जाएगा। आखिर अल्पसंख्यकों का ऐसा कौन सा खान-पान है जो शेष समुदाय से अलग है। मुख्यमंत्री ने इस मुद्दे पर इंडी गठबंधन के अन्य सहयोगियों की चुप्पी पर भी सवाल उठाए हैं।



मुख्यमंत्री ने ईवीएम मुद्दे पर कहा है कि इंडी गठबंधन जब भी हार रहा होता है, तो अपनी हार का ठीकरा ईवीएम पर डालने का प्रयास करता है। 2014 से लगातार हम सब इस बात को सुन रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों से पूछा कि गत वर्ष हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में क्या बैलेट पेपर से सरकार बनी थी, 2004 में यूपीए की सरकार और 2018 में राजस्थान, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की तथा दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार क्या बैलेट पेपर से बनी थी?

मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग ईवीएम को नकार रहे हैं ये वही हैं जो बैलेट बॉक्स लूटने का काम करते थे। अगर आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करके भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव की सुचिता को सुनिश्चित किया है तो ये लोग अपना गुस्सा ईवीएम पर फोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। पिछले दो चरणों के चुनाव के रुझान ने स्पष्ट कर दिया है कि देश में फिर एक बार मोदी सरकार बनने जा रही है। देश ने तय कर लिया है कि अबकी बार 400 पार का जनादेश एनडीए को देने जा रही है। जब एनडीए भाजपा के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है तो खीझ मिटाने के लिए इंडी गठबंधन के लोग ईवीएम को निशाना बना रहे हैं। ये लोग अपनी हार को पुख्ता कर रहे हैं और दोषारोपण के लिए ईवीएम सबसे सस्ता औजार है।

गोमांस के मुद्दे के परिदृष्य में आने के सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले चरण के मतदान से पहले हमने विकास, सुरक्षा और गरीब कल्याण के मुद्दे को जनता के सामने रखा। इसी बीच कांग्रेस का घोषणा पत्र सामने आया। उन्होंने कहा कि इनका घोषणा पत्र देखकर यही कहा जा सकता है कि ये भले ही कांग्रेस का न्याय पत्र हो सकता है, मगर देश की एकता अखंडता और संप्रभुता के लिए अन्याय पत्र है। इस घोषणापत्र में ही उन्होंने इस बात का उल्लेख किया है कि अल्पसंख्यक समुदाय की रुचि के अनुसार खान-पान की स्वतंत्रता दी जाएगी।

सीएम योगी ने सवाल किया कि क्या अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों का खानपान शेष समुदाय से अलग है। ऐसा क्या है जो बहुसंख्यक समाज खाना पसंद नहीं करता। इस देश का हिन्दू गोमांस से पूरी तरह से परहेज करता है। गाय उसके लिए मां के समान है। कांग्रेस मुसलमानों को इसकी छूट देने का कुत्सित प्रयास कर रही है। यह कोई भी स्वीकार नहीं करेगा। योगी ने इंडी गठबंधन के अन्य सहयोगियों से भी सवाल किया है कि कांग्रेस के घोषणा पत्र से क्या इनके गठबंधन के लोग सहमत हैं? उनका मौन बताता है कि वे साथ हैं और अगर साथ नहीं हैं तो सहयोगी दिलों को सफाई देनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस अल्पसंख्यकों को उनके व्यक्तिगत कानून का अधिकार देने की बात करती है। तो क्या तीन तलाक की कुप्रथा, जिसे मोदी जी की सरकार ने समाप्त किया है उसे दोबारा लागू किया जाएगा? क्या कांग्रेस शरिया कानून लागू करके देश का तालीबानीकरण करना चाहती है? सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस का घोषणापत्र देश के साथ धोखा है। देश की जनता को अगले पांच चरणों के चुनाव के लिए कांग्रेस के घोषणा पत्र को देखते हुए अपना निर्णय करना चाहिए। ये हमारी आस्था के साथ धोखा है, कोई भी इसे स्वीकार नहीं करेगा।

### मानव तस्करी का बड़ा मामला उजागर

# 95 बच्चों को ले जा रहे पांच मौलवी गिरफ्तार

### अवैध रूप से बच्चों को ले जा रहे थे सहारनपुर



**सहारनपुर (एजेंसियां)।** बिहार अलग-अलग जनपदों के बच्चों को पांच मौलवी सह-ारनपुर ले जा रहे थे। राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सूचना पर पुलिस ने बस में सवार सभी बच्चों को अयोध्या में रोक लिया। बस में करीब 95 बच्चे सवार थे। इन सभी बच्चों की आयु 9 वर्ष से 12 वर्ष के बीच बताई जा रही है।

पांच मौलवियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सभी बच्चों को लखनऊ के मुमताज शरणालय में रखा गया है। पुलिस मौलवियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस की पूछताछ में जल्द ही सचाई सामने आएगी। प्रथम दृष्टया यह मानव तस्करी का मामला प्रतीत हो रहा है। राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की तरफ से पुलिस को सूचना दी गई कि बिहार राज्य के अररिया और पूर्णिया जनपद से बच्चों को अवैध ढंग से सहारनपुर के देवबंद ले जाया जा रहा है। यह मानव तस्करी का मामला हो सकता है। सूचना मिलने पर पुलिस ने अयोध्या जनपद के बड़ी देवकाली स्थित हाईवे पर एक बस को रुकवाया। उस बस में 95 बच्चे सवार थे। इस बस में पांच मौलवी इन बच्चों को लिवा कर जा रहे थे। बस में सवार कुछ बच्चे अनाथ हैं। कुछ बच्चे ऐसे पाए गए जिनके माता-पिता का सहमति पत्र भी नहीं था। पुलिस ने कई घंटे तक मौलवियों से पूछताछ की। आगे की विधिक कार्रवाई अभी जारी है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्टीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com